वर्ष : 06 अंक : 280

बोकारो

पृष्ठ : 12 मूल्य : 2/- रुपया

मंगलवार, 16 अप्रैल 2024

RNI No. : JHAHIN/2018/76658

हिन्दी दैनिक

# झारखंड दर्शन




Email : jharkhanddarshan405@gmail.com

Website: jharkhanddarshan.net

## पीएम मोदी ने राहुल पर साधा निशाना, कहा-

# खानदानी सीट बचानी मुश्किल हुई तो केरल को बनाया ठिकाना

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज केरल में एक चुनावी रैली में कांग्रेस और राहुल गांधी पर परोक्ष रूप से हमला बोला। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में अपने पारिवारिक गढ़ को बनाए रखने के लिए संघर्ष कर रहे एक प्रमुख कांग्रेस नेता ने केरल में शरण ली है।

त्रिशूर के अलाथुर शहर में इस चुनावी रैली में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का नाम लिये बिना प्रधानमंत्री ने तंज कसते हुए कहा, 'कांग्रेस के एक बड़े नेता, जिनको यूपी में अपनी खानदानी सीट पर इज्जत बचाना मुश्किल हो गया है, उन्होंने केरल में ठिकाना लिया है।' कांग्रेस पर हमला तेज करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि चुनाव जीतने के लिए यहां कांग्रेस ने उस संगठन की राजनीतिक शाखा से गुप्त समझौता किया है, जिसको देश में बैन किया गया है।

- कांग्रेस ने उस संगठन की राजनीतिक शाखा से गुप्त समझौता किया है, जिस पर देश में बैन है
- केरल के लोगों को एलडीएफ-यूडीएफ से सावधान रहना होगा : मोदी



केरल के लोगों के प्रति अपनी वास्तविक चिंता जाहिर करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, 'केरल के लोगों को एलडीएफ-यूडीएफ दोनों से सावधान रहना होगा।' प्रधानमंत्री ने विपक्ष की कड़वी सच्चाई को भी उजागर किया और कहा, 'केरल में भले ही कांग्रेस पार्टी लेफ्ट के लोगों को आतंकवादी कहती है लेकिन दिल्ली में ये लोग एक साथ बैठकर चुनावी गठबंधन करते हैं। कभी कांग्रेस के भाई-भतीजावाद के आलोचक रहे वामपंथी अब इस मामले पर उनकी सलाह चाहते हैं। आईएनडीआई गठबंधन के तहत एकजुट होकर वे भ्रष्टाचार पर मोदी की कार्रवाई से डरते हैं। उनका साझा लक्ष्य मोदी हैं लेकिन निश्चिंत रहें, भाजपा और एनडीए के लिए हर वोट गरीबों के कल्याण के लिए बोलेगा।'

### भाजपा का संकल्प पत्र देश के विकास का संकल्प पत्र

भाजपा के हाल ही में जारी चुनावी घोषणा पत्र पर भरोसा जताते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र देश के विकास का संकल्प पत्र है। घोषणापत्र के हर पन्ने पर मोदी की गारंटी है। मोदी ने यह भी कहा कि मोदी की गारंटी का मतलब है कि 70 साल से अधिक उम्र के सभी वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान योजना के तहत मुफ्त चिकित्सा उपचार मिलेगा। पीएम आवास योजना के तहत गरीबों के लिए 3 करोड़ नए घर बनाए जाएंगे, मोदी की गारंटी का मतलब है कि केरल के हर जन औषधि केंद्र पर लोगों को 80 प्रतिशत छूट पर सस्ती दवाएं मिलती रहेंगी और मोदी की गारंटी यानी हमारे युवाओं को अब मुद्रा योजना के तहत 10 लाख की जगह 20 लाख रुपये का सहयोग मिलेगा।

### सीपीएम ने घोटाले के पीड़ितों से किया झूठा वादा

मौजूदा शासन पर तीखा कटाक्ष करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, 'तीन साल तक, सीपीएम मुख्यमंत्री ने सहकारी घोटाले के पीड़ितों के लिए न्याय का झूठा वादा किया। यह आपके सेवक मोदी थे, जिनके नेतृत्व में जांच शुरू की गई, जिससे दोषियों की 90 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की गई। पीड़ितों को धनराशि की वापसी सुनिश्चित करने के लिए कानूनी सलाह मांगी गई है। भाजपा सरकार पहले ही देशभर में घोटाला पीड़ितों को 17,000 करोड़ रुपये वापस कर चुकी है। निश्चिंत रहें, इस भ्रष्ट योजना में खोए गए धन को वापस पाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।'

## एक नजर

### सलमान खान के आवास पर फायरिंग मामले की जांच शुरू

**मुंबई।** फिल्म अभिनेता सलमान खान के आवास के सामने हुई फायरिंग की जांच मुंबई क्राइम ब्रांच ने शुरू कर दी है। बांद्रा पुलिस स्टेशन की टीम ने रविवार को जांच सौंपी थी। मुंबई क्राइम ब्रांच की टीम ने सोमवार को मौके पर जाकर घटना का जायजा लिया है और छानबीन कर रही है। क्राइम ब्रांच के सूत्रों ने बताया कि सलमान खान के आवास पर फायरिंग करने वाले दोनों आरोपितों के फोटो सीसीटीवी के जरिये मिल गए हैं। साथ ही फायरिंग के लिए उपयोग में लाई गई मोटसाइकिल भी बरामद कर ली गई है। यह मोटरसाइकिल रायगढ़ जिले की है और आरोपितों ने इसे सेकंड हैंड खरीदा था। अब मोटरसाइकिल के पहले मालिक की तलाश की जा रही है।

### के. कविता 23 तक न्यायिक हिरासत में

**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने बीआरएस नेता के. कविता को सीबीआई के मामले में 23 अप्रैल तक की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने ये आदेश दिया। आज के. कविता की सीबीआई हिरासत खत्म हो रही थी, जिसके बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। सीबीआई ने के. कविता की 14 दिनों की न्यायिक हिरासत की मांग की। सीबीआई ने के. कविता को 11 अप्रैल को गिरफ्तार किया था। सीबीआई के मुताबिक दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में के. कविता भी साजिश में शामिल थी। इसके पहले के. कविता आबकारी घोटाला मामले के मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में न्यायिक हिरासत में थी। सीबीआई ने के. कविता से 6 अप्रैल को न्यायिक हिरासत में पूछताछ की थी।

### 26 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**दंतेवाड़ा।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान लोन वरार्टू (घर वापस आइए) के तहत सोमवार को एक लाख रुपये के इनामी सहित 26 नक्सलियों ने जिला पुलिस कप्तान के सामने आत्मसमर्पण किया है। लोकसभा चुनाव के मतदान से पहले पुलिस प्रशासन की पहल रंग लाई। समाज की मुख्यधारा में शामिल होने की मंशा के साथ एक लाख रुपये के इनामी नक्सली सुकमा जिले के पंचायत जनताना सरकार अध्यक्ष जोगा मुचाकी के साथ 25 अन्य नक्सलियों ने दंतेवाड़ा पुलिस अधीक्षक गौरव राय के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। इनमें 20 पुरुष और छह महिला नक्सली शामिल हैं।

# टीएसपीसी के चार उग्रवादी गिरफ्तार

संवाददाता

**चतरा।** चतरा पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने टीएसपीसी के चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। ये उग्रवादी विकास कार्य से जुड़े व्यवसायियों और कोयला व्यवसायियों से लेवी वसूलते थे। इनके पास से मेड इन यूएसए लिखे दो पिस्टल, टीएसपीसी पर्चा सहित अन्य समान बरामद किया है।

चतरा एसपी विकास पांडेय ने सोमवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि पिपरवार एवं टण्डवा थाना क्षेत्र में कोयला व्यवसाय तथा विकास कार्य से जुड़े व्यवसायियों को प्रतिबंधित टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के द्वारा धमकी देकर रंगदारी स्वरूप लेवी की मांग की जा रही थी। साथ ही कोयलांचल क्षेत्र में कोल परिचालन में लगे हाइवा वाहनों में आगजनी की घटना को अंजाम दिया गया था, जिस कारण कोल-व्यवसायियों तथा आमजन में भय व्याप्त था। घटना को अंजाम देने वाले उग्रवादियों को गिरफ्तार करने के लिए टण्डवा एसडीपीओ के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया। एसआईटी की टीम ने लगातार छापामारी कर टीएसपीसी के चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है।

उन्होंने बताया कि पूछताछ में टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के अन्य सक्रिय सदस्यों की पहचान की गयी है। साथ ही ये भी पता चला है कि नये लड़कों को संगठन में शामिल किया जा रहा है। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।



### लेवी वसूली की घटनाओं में थे सभी शामिल

एसपी ने बताया कि गिरफ्तार उग्रवादियों की पहचान मसी तिग्गा, विफ्रा उरांव, विकास उरांव और किरण नगरवाल के रूप में हुई है। सभी टंडवा और पिपरवार थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। गिरफ्तार उग्रवादी चतरा जिला के टण्डवा, पिपरवार, रांची जिला के खलारी, मैक्लुस्कीगंज, बुढ़मू, रातू थाना क्षेत्र में खनन एवं विकास कार्यों से जुड़े व्यवसायियों से लेवी वसूली की घटनाओं में शामिल थे। हाल ही में पिपरवार थाना क्षेत्र के सेंगाबिलारी गांव में जय अम्बे ट्रांसपोर्ट कम्पनी के हाइवा में आगजनी और जामडीह गांव स्थित श्री इन्टरप्राइजेज कम्पनी के हाइवा वाहन में आगजनी की घटना को भी अंजाम दिया था।

## हेमंत सोरेन ने जमानत के लिए दी अर्जी, सुनवाई आज

**रांची।** जमीन घोटाला मामले में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से जमानत याचिका दाखिल की गयी है। सोमवार को सोरेन ने अधिवक्ता के माध्यम से ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में याचिका दाखिल की है। मामले में कोर्ट मंगलवार को सुनवाई करेगा।

फिलहाल इस मामले में आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और बड़गाईं अंचल के हल्का कर्मचारी भानु प्रताप बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में बंद हैं। ईडी ने हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा देने के बाद मनी 31 जनवरी की रात को गिरफ्तार किया था।

### लातेहार में नक्सलियों की बड़ी साजिश नाकाम

# आठ आईईडी बम बरामद

संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार पुलिस ने सोमवार को एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए नक्सलियों के द्वारा बरवाडीह थाना क्षेत्र के मोरवाई गांव के निकट जंगल में छुपा कर रखे गए आठ बम को बरामद किया। बरामद बम को जंगल में ही बम निरोधक दस्ते ने विस्फोट का निष्क्रिय कर दिया।

एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि जिले के बरवाडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत मोरवाई गांव के पास स्थित जंगल में कुछ संदिग्ध वस्तुएं देखी गई हैं। इस सूचना पर पुलिस और सीआरपीएफ की टीम संयुक्त रूप से जंगल में छापामारी अभियान चलाई। छापामारी के क्रम में एक चट्टान के नीचे से आठ बम बरामद किया गया। सभी बम को



जंगल में ही विस्फोट कर निष्क्रिय कर दिया गया।

एसपी ने बताया कि ऐसी संभावना जताई जा रही है कि नक्सलियों ने सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के लिए बम रखा होगा। उन्होंने बताया कि पूरे जंगल में सर्च अभियान चलाई जा रही है। इसके अलावा लोकसभा चुनाव को लेकर सभी सुदूरवर्ती जंगली इलाकों में भी लगातार सर्च अभियान जारी है। उन्होंने आम लोगों से भी अपील किया है कि किसी भी प्रकार की सूचना होने पर तत्काल पुलिस से संपर्क करें।

### केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनौती वाली याचिका

# ईडी को 'सुप्रीम' नोटिस, कोर्ट ने 24 अप्रैल तक जवाब मांगा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर ईडी को नोटिस जारी किया है। जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने 29 अप्रैल को अगली सुनवाई करने का आदेश दिया।

कोर्ट ने ईडी को 24 अप्रैल तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने ईडी की ओर से जवाब दाखिल होने पर केजरीवाल को 27 अप्रैल तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। केजरीवाल ने दिल्ली हाई कोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। दिल्ली हाई कोर्ट की जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की अध्यक्षता वाली बेंच ने 9 अप्रैल को अरविंद केजरीवाल की याचिका खारिज कर दी थी।

- जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच 29 अप्रैल को करेगी अगली सुनवाई
- ईडी के जवाब पर केजरीवाल को 27 अप्रैल तक जवाब दाखिल करने का निर्देश



### केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 23 तक बढ़ी

नई दिल्ली। दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में गिरफ्तार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 23 अप्रैल तक बढ़ा दी है। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने ये आदेश दिया। आज केजरीवाल की न्यायिक हिरासत खत्म हो रही थी जिसके बाद उन्हें वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश किया गया। उल्लेखनीय है कि कोर्ट ने केजरीवाल को 1 अप्रैल को आज तक की न्यायिक हिरासत में भेजा था। 28 मार्च को कोर्ट ने केजरीवाल को 1 अप्रैल तक की ईडी हिरासत में भेजा था।

## पीएम मोदी के खिलाफ दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका

**नई दिल्ली।** भगवान और पूजा स्थल के नाम पर वोट मांगकर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई है। वकील आनंद एस जोंधाले की ओर से दायर याचिका में नरेन्द्र मोदी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि प्रधानमंत्री ने 9 अप्रैल को उत्तर प्रदेश में अपने भाषण में हिन्दू और सिख गुरुओं के नाम पर भाजपा के लिए वोट मांगे। अपने भाषण में प्रधानमंत्री ने विपक्ष को मुसलमानों से जोड़ कर बोला, जो जनप्रतिनिधित्व कानून का खुला उल्लंघन है। याचिका में मांग की गई है कि प्रधानमंत्री को चुनाव के लिए अयोग्य घोषित किया जाए। याचिका में कहा गया है कि प्रधानमंत्री का भाषण लोकसभा चुनाव में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव में बाधा पैदा कर सकता है। इसलिए निर्वाचन आयोग इस पर संज्ञान लेकर प्रधानमंत्री के खिलाफ कार्रवाई करे।

### रांची में छठ व्रतियों को लेकर जा रहा वाहन दुर्घटनाग्रस्त

# बच्ची सहित तीन लोगों की मौत

संवाददाता

**रांची।** रातू थाना के काठीटांड़ शिव मंदिर के पास सोमवार की सुबह 6.30 छठ व्रतियों से भरा मालवाहक छोटा हाथी वाहन तेज रफ्तार में डीवाईडर पर चढ़ गया जिसके धक्के से पीछे बैठे दर्जनभर व्रतियों में से 10 साल की एक बच्ची समेत तीन लोग विपरित दिशा की सड़क में जा गिरे, उसके बाद उसी वक्त तेज रफ्तार में वहां से गुजर रहा बालू लदा ट्रैक्टर तीनों को चपेट में ले लिया जिससे तीनों की मौके पर ही मौत हो गयी। इस हादसे में लगभग आठ लोग घायल हो गये जिन्हें स्थानीय अस्पताल में ईलाज करने के बाद छुट्टी दे दी गयी। हादसे के बाद दोनों वाहनों के चालक मौके से फरार हो गये। सूचना के बाद पहुंची रातू थाने की पुलिस तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। उसके बाद दोनों वाहनों का जब्त कर थाना ले गयी।

जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र के ग्राम चटकपुर के छठ व्रती छोटा हाथी में सवार होकर महाराजा तालाब जा रहे थे। काठीटांड़ शिव मंदिर के पास पहुंचते ही उक्त वाहन का चालक एक बाइक वाले के अचानक सामने आ जाने से घबरा गया और उसे बचाने के लिए चालक ने तेज रफ़्तार से अपनी गाड़ी को डीवाईडर पर चढ़ा दिया, जिसके झटके से पीछे बैठी रामचन्द्र यादव की 50 वर्षीय पत्नी कमला देवी, राजेश साहु की 10 साल की बेटी अध्या कुमारी, और यदुनंन्दन प्रसाद की 55 वर्षीय पत्नी कौशल्या देवी दायी तरफ दूसरी सड़क में जा गिरीं इसी दौरान सामने से बालू लेकर आ रहा तेज रफ्तार ट्रैक्टर तीनों को कुचल डाला जिससे तीनों की मौत हो गयी। इस हादसे से रातू के कई गांवों में मातम छा गया, जिसने सुना उसने अफसोस जताया।

- बाइक चालक को बचाने के चक्कर में छठव्रतियों को ले जा रहा वाहन डिवाइडर से जा टक्कराया
- हादसे के बाद सभी गाड़ी से सड़क की दूसरी ओर जा गिरे, जिससे ट्रैक्टर ने उन्हें चपेट में ले लिया



### सैन्य अभ्यास 'डस्टलिक' के लिए भारतीय सेना की टुकड़ी उज्बेकिस्तान रवाना

# भारत- उज्बेकिस्तान द्विपक्षीय संबंधों को मिलेगा और बढ़ावा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना उज्बेकिस्तान गणराज्य के टर्मेज में होने वाले संयुक्त सैन्य अभ्यास 'डस्टलिक' में हिस्सा लेने के लिए सोमवार को रवाना हो गई। उज्बेकिस्तानी सेना के साथ 28 अप्रैल तक होने वाला अभ्यास का 5वां संस्करण वार्षिक कार्यक्रम है, जो वैकल्पिक रूप से भारत और उज्बेकिस्तान में हर साल किया जाता है। अभ्यास 'डस्टलिक' दोनों पक्षों को संयुक्त अभियान चलाने की रणनीति, तकनीक और प्रक्रियाओं में अपनी सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने में सक्षम बनाएगा। इससे रक्षा सहयोग का स्तर बढ़ने के साथ ही दोनों मित्र देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को और बढ़ावा मिलेगा।

इसका अंतिम संस्करण पिछले साल फरवरी में पिथौरागढ़ (भारत) में आयोजित किया गया था। थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे भी आज ही उज्बेकिस्तान गणराज्य के लिए चार दिनों की यात्रा पर रवाना हुए हैं।

कर्नल सुधीर चमोली ने बताया कि संयुक्त सैन्य अभ्यास 'डस्टलिक' में भारतीय सशस्त्र बल के 60 कर्मी हिस्सा लेंगे। भारतीय सेना का प्रतिनिधित्व जाट रेजिमेंट की एक बटालियन करेगी, जिसमें 45 जवान होंगे। भारतीय टुकड़ी में वायु सेना के भी 15 कर्मी शामिल होंगे। इसी तरह उज्बेकिस्तानी सेना और वायु सेना की टुकड़ी में 100 कर्मी होंगे। उज्बेकिस्तान की टुकड़ी का प्रतिनिधित्व दक्षिण-पश्चिम सैन्य जिले के हिस्से और दक्षिणी ऑपरेशनल कमांड के कर्मी करेंगे। सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे का 18 अप्रैल को टर्मेज में संयुक्त अभ्यास 'डस्टलिक' देखने का कार्यक्रम है।

उन्होंने बताया कि 'डस्टलिक' अभ्यास का उद्देश्य सैन्य सहयोग को बढ़ावा देना, पहाड़ी और अर्ध शहरी इलाकों में संयुक्त अभियानों को अंजाम देने के लिए संयुक्त क्षमताओं को बढ़ाना है। यह उच्च स्तर की शारीरिक फिटनेस, संयुक्त योजना, संयुक्त सामरिक अभ्यास और विशेष हथियार कौशल की बुनियादी बातों पर ध्यान केंद्रित करेगा। इस सामरिक अभ्यास में संयुक्त कमांड पोस्ट का निर्माण, खुफिया और निगरानी केंद्र की स्थापना, लैंडिंग साइट की सुरक्षा, विशेष हेलीबोर्न संचालन, घेरा और खोज संचालन और अवैध संरचनाओं के विध्वंस शामिल होंगे।

- सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे 18 अप्रैल को देखेंगे सैन्य अभ्यास




### लेक्चरर नियुक्ति में गड़बड़ी का मामला

# हाई कोर्ट ने राज्य सरकार और जेपीएससी से मांगा विस्तृत जवाब

संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में वर्ष 2008 में राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालय में 600 से अधिक लेक्चरर नियुक्ति को चुनौती देने वाली डॉ मीना कुमारी और अन्य की याचिका पर सुनवाई सोमवार को हुई। मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार और जेपीएससी से लेक्चरर नियुक्ति से संबंधित विषय पर विस्तृत जवाब मांगा है। जेपीएससी से अधिवक्ता संजय पिपरववाल एवं अधिवक्ता प्रिंस कुमार ने पक्ष रखा।

इससे पहले कोर्ट ने जेपीएससी से जानना चाहा कि इस मामले की सीबीआई जांच कैसे दी गई? इस पर जेपीएससी की ओर से बताया गया कि बुद्धदेव उरांव की जनहित याचिका के आलोक में इस मामले की जांच सीबीआई कर रही है।

सीबीआई की ओर से बताया गया कि मामले में आरोपितों के खिलाफ आरोप पत्र भी दाखिल कर दिया गया है, निचली अदालत में यह मामला आरोपितों की उपस्थिति पर चल रहा है। कोर्ट को यह भी बताया गया कि बुद्धदेव उरांव की जनहित याचिका अभी भी अस्तित्व में है, इस मामले की सुनवाई हाई कोर्ट में अभी भी चल रही है। जेपीएससी एवं सीबीआई का पक्ष सुनने के बाद कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई बुद्धदेव उरांव की जनहित याचिका के निष्पादन के बाद करने का निर्देश दिया।

## एक नजर

### हादसे में मृत परिजनों से मिले सांसद, जताया दुख



**रांची।** सांसद संजय सेठ ने बूड़मू में हुए हादसे में मृत परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना प्रकट की है। वहीं सोमवार की सुबह रातू थाना क्षेत्र में छठ पूजा के दौरान ऑटो पलट जाने के कारण तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। सांसद सेठ ने सोमवार को जैसे ही घटना की जानकारी रिम्स जाकर पीड़ित परिवारों से मिले एवं त्वरित पोस्टमार्टम कराने का निर्देश दिया और शव को घरों तक पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित की। सांसद सेठ ने कहा यह बहुत ही मर्माहत करने वाली घटना है। ईश्वर परिवार वालों को इस दुख की घड़ी में दुख सहने की शक्ति प्रदान करें।

### आज रात निकलेगी झांकियां, तैयारियां अंतिम चरण में

**रांची।** राजधानी में मंगलवार की रात विभीन्न रामनवमी पूजा समितियों की ओर से अलग-अलग प्रारुप में छाटी-बड़ी झांकियां निकाली जाएगी। जो शहर के विभीन्न इलाकों से निकलकर अपर बाजार महावीर चौक स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर पहुंचेगी। जहां पर श्री रामनवमी श्रृंगार समिति की ओर से अव्वल आने वाली झांकियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। इसमें कई बाल झांकियां भी शामिल रहेगी। वहीं अलग-अलग टोलियों की ओर से निकाले जाने वाले मंगलवाी जुलूस में शामिल ताशा, बैंड बाजे वाले वेहतर टीम को भी सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा मेंन रोड संकट मोचन हनुमान मंदिर के पास श्री महावीर मंडल रांची की ओर से विशाल मंच तैयार किया गया है। जहां पर ताशा प्रतियोगिता, झांकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

### श्री राम जानकी मन्दिर में 14 विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न



**रांची।** श्री राम जानकी मन्दिर हाउसिंग कालानी बरियातू मे एक साथ चौदह विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की गयी, ज्ञात हो कि 8 जनवरी को असामाजिक तत्व के द्वारा रात मे जिन मूर्तियों को क्षतिग्रस्त किया गया उन्हे जयपुर , रांची और मयुरभंज के कारिगरो के कारीगर द्वारा सफेद संगमरमर और काले ग्रेनाइट की मुर्ति है, नर्मदेश्वर शिव लिंग, सिन्दूरिया सिद्धि विनायक, पार्वती, कार्तिक काले ग्रेनाइट मे , वरद हनुमान, कच्छ्प अवतार, सिंहवाहिनी दुर्गा, राजदरबार सफेद संगमरमर की आदम कद प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा हुई, मन्दिर के पुजारी पं रामदेव पाण्डेय द्वारा कार्यक्रम सम्पन्न हुआ, जुमार नदी से जल यात्रा हुई, शाम को भण्डारा सम्पन्न हुआ , आचार्य बालकृष्ण गोविन्द पाण्डेय, मनोज पाण्डेय, अशुतोष पाठक, रजनीश पाठक, मनराज पाण्डेय, मंगल पाण्डेय, विद्या पाण्डेय, अनुराग पाण्डेय सहित अनेक ब्राह्मण यज्ञ मे सम्मलित रहे, जय सिंह ,प्रतिमा सिंह, मेघा पाण्डेय, नवीन कुमार सिंह, सहित अनेक यजमान थे।

# महागठबंधन के अंदर डिसीजन मेकर के रूप में जानी जा रही हैं कल्पना सोरेन

संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) में कल्पना मुर्मू सोरेन की एंट्री झारखंड की राजनीति में बड़ा बदलाव है। राजनीतिक गलियारों में भी चर्चा का विषय बना है कि वह हेमन्त सोरेन से कम नहीं हैं। कल्पना सोरेन की राजनीतिक सोच और दृष्टि बहुत कुछ बयां करती है।

राजनीतिक सूत्रों के अनुसार महागठबंधन के अंदर भी कल्पना सोरेन डिसीजन मेकर के रूप में जानी जा रही हैं। चाहे सीट बंटवारे का फामूर्ला तय करना हो या अन्य हरेक राजनीतिक गतिविधियों पर कल्पना सोरेन की निगाहें रहती हैं।



कुछ दिन पहले ही कल्पना सोरेन की महागठबंधन में शामिल कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, राजद और अन्य दलों के शीर्षस्थ नेताओं के साथ बैठक हुई थी। इसमें कल्पना सोरेन खुद लोकसभा चुनाव में सीट बंटवारे और अन्य मुद्दों पर वार्ता करती दिखीं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह भी है कि कल्पना सोरेन कुछ दिन पहले ही दिल्ली जाकर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की धर्मपत्नी सुनीता केजरीवाल से मुलाकात कर उन्हें ढांढस देते दिखी थीं। ऐसे में माना जा रहा है कि आने वाले समय में वे झारखंड के साथ-साथ बाहर दूसरे राज्यों में भी महागठबंधन के साथ मंच साझा करेंगी। शायद यही वजह भी रही होगी कि कल्पना सोरेन महागठबंधन झारखंड में स्टार प्रचारक के रूप में हर जिले का दौरा भी कर रही हैं।

बहरहाल लोकसभा चुनाव 2024 का आगामी परिणाम निर्णयक होगा। राज्यवासियों को यही चुनावी परिणाम बताएगा कि राजनीति में वाकई कल्पना सोरेन का बड़ा कद है या फिर कल्पना सोरेन सिर्फ राजनीतिक कल्पनाओं में फीट बैठती हैं।

इधर, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव कहते हैं कि जिस पार्टी के सरदार ही जेल के अंदर हैं। वे कल्पना के सहारे ही राजनीतिक वापसी का ख्वाब देखेंगे। अब भ्रष्टाचार की आड़ में जेल के अंदर से मिला मार्गदर्शन कितना कारगर साबित होगा, समझ सकते हैं। वैसे जल, जंगल और जमीन की वकालत करने वाले लोगों पर करोड़ों की जमीन घोटाला करने का बड़ा आरोप लगा है। दूसरी ओर झामुमो के महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि पार्टी में कोई भी नया सदस्य जुड़ता है तो इसका व्यापक लाभ मिलता है। कल्पना सोरेन के आने के बाद निश्चित तौर पर महागठबंधन को संगठनात्मक रूप से लाभ मिल रहा है। वैसे भी उनके पति (पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन) के साथ जो अन्याय हुआ है, राज्यवासियों की उनसे भरपूर सहानुभूति है। किसी भी देश या परिवार के साथ हुए अन्याय पर सहानुभूति मिलती ही है।

### मंडा पूजा आस्था और भक्ति का प्रतीक है: जैलेंद्र कुमार

**अनगड़ा।** शिव मंडा पूजा समिति सोसो की ओर से आयोजित सोसो गांव में पांच दिनों तक चली शिव उपासना का पर्व मंडा पूजा सोमवार की सुबह फुलखुदी, छऊ नृत्य व झूलन के साथ संपन्न हो गया। पांच दिनों तक उपासना के कठिन दौर से गुजरकर सौ से अधिक भोक्ताओं ने नंगे पांव दहकते अंगारों में चलकर अपनी आस्था और शिवभक्ति का परिचय दिया। मंडा पूजा मेले में आसपास के दर्जन भर गांवों से भारी संख्या में शिवभक्त पहुंचे थे। इससे पूर्व रविवार की रात मंडा पूजा मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य जैलेंद्र कुमार व विशिष्ट अथिति भुनेश्वर बेदिया कूच्चू पंचायत मुखिया सहदेव बेदिया बालेश्वर बेदिया श्रवण कुमार मुखियार जयदेव बेदिया पंसस फाल्गुनी शाही प्रदीप महतो जनार्दन महतो सतीस महतो संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

## मित्रता हो तो कृष्ण सुदामा जैसी : नवीन जी महाराज

वरीय संवाददाता

रांची। अरे द्वार पालो कन्हैया से कह दो दर पर तुम्हारे सुदामा खड़ा है..... भजन पर साकेत विहार कालोनी स्थित मनोकामना मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के अंतिम दिन कथा वाचक नवीन महाराज के श्रीमद् भागवत कथा के कृष्ण सुदामा की मित्रता के प्रसंग की कथा के दौरान प्रस्तुत भजन से पूरा आयोजन स्थल भक्ति के रंग में रंग गया था। भक्तों ने भजन पर नृत्य कर कथा का स्मरण किया। इस मौके पर महाराज जी ने कथा के प्रसंग को आगे बढ़ाते हुए कहा कि भगवान कृष्ण और सुदामा की मित्रता हमें बहुत कुछ सीख देती है। कि हमें मित्रता कैसी निभानी चाहिए। आज के वक्त लोग की मित्रता निजी स्वार्थ भरी होती है। इस मौके पर प्राण प्रतिष्ठा के अंतिम दिन विधी-विधान पूर्वक प्राण प्रतिष्ठा पूजन, हवण, आरती, महाआरती, भोग निवेदन के बाद भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया।

### मंदिर के पट्ट खुलते ही जयकारो से गूंज उठा मंदिर

**प्राण प्रतिष्ठा के साथ मंदिर के पट्ट खुलते ही पूरा मंदिर परिसर और आस-पास का माहौल भक्तों के जयकारों से गुंज उठा था। जहां भक्त पंक्तिबद्ध होकर भगवान के दर्शन किए। मंदिर में मनोकामना शिव, दुर्गा, ग्राम देवता और हनुमान जी का भव्य दरबार की प्राण प्रतिष्ठा हुई है। इस मौके पर विधायक नवीन जायसवाल, पूर्व पार्षद, अरविंद कुमार, सुनील कुमार सिन्हा सहित काफी संख्या में भक्तो ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया।**

## ब्रेकर से टकरायी बाइक चालक की मौत

वरीय संवाददाता

**रांची।** रातू थाना के हुरहुरी के पास मुख्य सड़क पर बने स्पीड ब्रेकर से टकरा कर बाइक सवार युवक तरुण महतो की मौत हो गयी। जानकारी के मुताबिक ठाकुरगांव के रामेश्वर महतो का बेटा तरुण महतो बीती रात अपनी केटीएम बाइक नम्बर जेएच05बीएम 2954 से रात 10,30 बजे अपने कुछ दोस्तों के साथ रांची जा रहा था। तरुण अपनी बाइक पर अकेले था जबकि उसके साभी अपनी बाइक पर सवार थे, सभी युवक की बाइक की स्पीड काफी तेज थी। हुरहुरी के पास सड़क पर बने ब्रेकर की जानकारी तरुण को नहीं थी इस लिए तरुण ठोकर खा कर बाइक समेत दूर जा गिरा, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। जानकारी के मुताबिक उसके साथ चल रहे दोस्तों ने उसे गिरते देखा उसके बावजूद किसी ने गिरे हुए दोस्त को ना तो उठाया और ना ही बचाने की कोशिश की। सभी मौके से नौ दो ग्यारह हो गये। बाद में हादसे की खबर पाते ही रातू थाना प्रभारी इंस्पेक्टर शशिभूषण चौधरी सदलबल मौके पर पहुंचे और गंभीर रुप से घायल तरुण को उठा कर अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी।

## सबसे बड़े लोकतंत्र भारत की तरफ देख रही है पूरी दुनिया : नेहा अरोड़ा

संवाददाता

**रांची।** अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा ने सोमवार को स्वीप अंतर्गत रांची विश्वविद्यालय के मासकॉम विभाग में गठित इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब (ईएलसी) की जागरूकता कार्यशाला में शामिल हुई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज कई देशों में चुनाव हो रहे हैं, लेकिन पूरी दुनिया सबसे बड़े लोकतंत्र भारत की तरफ देख रही है। स्वस्थ लोकतंत्र के निर्माण में युवा मतदाता विशेष रूप से महत्वपूर्ण हैं। चुनावी प्रक्रिया से परिचित होने के साथ-साथ लोगों को जागरूक करना हम सभी की जिम्मेदारी है। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अरोड़ा ने ईएलसी से संबंधित निर्देशिका में उल्लेखित विभिन्न गतिविधियों को समुचित तरीके से लोकतंत्र में आयोजित करने पर बल दिया। उपस्थित छात्रों से उन्होंने कहा कि चुनावी प्रक्रिया और मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए ऐसा कॉन्टेंट बनाएं जो इनफॉर्मेटिव हो, ताकि लोग जान पाएं कि चुनाव के लिए आयोग ने क्या-क्या प्रावधान किये हैं।



**छात्रों को दिया गया उपहार**

कार्यशाला के दौरान छात्रों से चुनाव से संबंधित सवाल भी किये गये। सही जवाब देने वाले छात्रों को उपहार भी दिया गया। आखिर में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी को मतदान की शपथ दिलाई।

## हेमंत सोरेन को लेकर दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका झारखंड हाई कोर्ट ने वापस लेने का निर्देश दिया

संवाददाता

**रांची।** ईडी की गिरफ्तारी के पहले पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दिल्ली जाने के बाद करीब 40 घंटे से अधिक समय तक ट्रेसलेस रहने को लेकर दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर सुनवाई सोमवार को झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में याचिकाकर्ता के आग्रह को देखते हुए जस्टिस रोंगोन मुखोपाध्याय और जस्टिस दीपक रोशन की बेंच ने याचिका वापस लेने का निर्देश दिया। सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि ईडी ने हेमंत सोरेन को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार कर लिया है। वह अभी बिरसा मुंडा जेल में ईडी की न्यायिक हिरासत में हैं, इसलिए अब इस याचिका की सुनवाई का कोई औचित्य नहीं है। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दिल्ली जाने के बाद ट्रेसलेस रहने को लेकर अधिवक्ता राजीव कुमार ने हाई कोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर कर सोरेन को ढूंढ कर सामने लाने का अदालत से आग्रह किया था। जमीन घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पूछताछ के लिए ईडी ने 10वां समन जारी कर 29 से 31 जनवरी के बीच पूछताछ के लिए समय निर्धारित करने का आदेश दिया था।



इसके पहले हेमंत सोरेन 27 जनवरी की शाम रांची से दिल्ली के लिए रवाना हो गये थे। 29 जनवरी को हेमंत सोरेन के दिल्ली स्थित आवास पर ईडी ने तलाशी ली थी, उस समय हेमंत सोरेन वहां मौजूद नहीं थे। 30 जनवरी को हेमंत सोरेन रांची में नजर आये थे और 31 जनवरी को पूछताछ के क्रम में ईडी ने हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया था।

### विस अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो ने झारखंड हाई कोर्ट में दर्ज कराई गवाही

**रांची।** विधानसभा अध्यक्ष सह नाला विधायक रबीन्द्र नाथ महतो के निर्वाचन को चुनौती देने वाली .संतोष हेंब्रम की चुनाव याचिका की सुनवाई सोमवार को झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में प्रतिवादी रबीन्द्र नाथ महतो ने कोर्ट में उपस्थित होकर अपनी गवाही दर्ज कराई। उन्होंने कोर्ट को बताया कि वे वर्ष 2005, 2014 और 2019 में नाला विधानसभा से चुनाव जीते थे। वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव के दौरान उनकी ओर से स्वच्छ भागीदारी निभाई गई थी। याचिकाकर्ता की ओर से पैम्फलेट छपवाकर दुष्प्रचार करने का जो आरोप लगाया गया है वह गलत है। उन्होंने इस तरह का कोई पैम्फलेट नहीं छपवाया था। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता मुकेश कुमार दुबे ने रबीन्द्रनाथ महतो का प्रतिपरीक्षण किया। वहीं प्रतिवादी रबीन्द्रनाथ महतो के अधिवक्ता अरविंद लाल एवं अधिवक्ता अनिल कुमार ने पैरवी की। प्रतिवादी रबीन्द्रनाथ महतो की ओर से यह 9वीं गवाही थी।

### कोचांग गैंगरेप मामले में सजायाफ्ता जुनास मुंडा की जमानत याचिका खारिज की

**रांची।** खूंटी में वर्ष 2018 में हुए चर्चित कोचांग गैंगरेप मामले में सजायाफ्ता जुनास मुंडा को झारखंड हाई कोर्ट से राहत नहीं मिली है। हाई कोर्ट ने मुंडा की क्रिमिनल अपील पर सोमवार को सुनवाई की। कोर्ट ने जुनास मुंडा की जमानत याचिका खारिज कर दी। खूंटी के सिविल कोर्ट ने 17 मई 2019 को मुंडा को गैंगरेप मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। गैंगरेप का यह मामला जून 2018 का है। आदिवासियों का पत्थलगड़ी आंदोलन चल रहा था। उस समय एक एनजीओ से जुड़ी पांच महिलाएं कोचांग गांव में जागरूकता अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक करने गई थीं। उस दौरान उन्हें अगवा कर गैंगरेप किया गया था। निचली अदालत ने फादर अल्फांसो को घटना का साजिशकर्ता माना था।

## बेल वरण पूजा के साथ खुला श्री चैती दुर्गा पूजा का पंडाल

वरीय संवाददाता

**रांची।** राजधानी में मर्यादा पुरूषोतम भगवान श्री राम और चैती दुर्गा पूजा की भक्ति की शक्ति कर रंग एक साथ दिखायी पड़ रहा है। इसी क्रम में सोमवार को भुतहा तालाब स्थित श्री चैती दुर्गा पूजा के पंडाल के पट्ट आम भक्तों के लिए बेलवरण पूजा एवं नव पत्रिका प्रवेश के साथ सुबह 10:00 खोला गया। पंडाल का उद्घाटन सुरेश साहू, अलोक साहू के द्वारा विधी-विधान पूर्वक किया गया। वहीं अतिथियों का स्वागत अध्यक्ष शंकर दुबे एवं महामंत्री गोपाल पारीक ने किया। पंडाल के पट्ट खुलनें के साथ ही भक्तों का मैया के दरबार में पहुंचना जारी हो गया है।

इस बार मंदिर के प्रारुप में भव्य राम लक्ष्मण बजरंगबली की प्रतिमा में मां भक्तों को दर्शन दे रही हैं। उद्घाटन के मौके पर किशोर साहू, रमेश सिंह, राजकुमार गुप्ता,उदय साहू, संजय सिंह लल्लू, राजीव रंजन मिश्रा,मंटू चौबे, दीपू सिंह, राजेश वर्मा सहित कई सदस्य उपस्थित थे।



**ये कार्यक्रम होगे**

आज मंगलवार को महाष्टमी पूजन, संधि बलि, पुष्पांजलि एवं नवकन्या पूजन के कार्यक्रम होगें। बुधवार को प्रातः 9:00 बजे नवमी पूजन, रामनवमी शोभायात्रा में महासमिति के सदस्य श्री महावीर मंडल के पदाधिकारीयों के साथ प्रस्थान करेगी। गुरुवार को पूजा प्रांगण में हवन के पश्चात प्रातः 10 बजे से विशाल महाभंडारा का आयोजन, दोपहर 3:00 बजे से विसर्जन शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसमें मुख्य आकर्षण अयोध्या श्री राम जन्मभूमि में श्री राम लाल जी की स्थापित प्रतिमा का जीवंत झांकीका प्रदर्शन होगा। झारखंड के प्रसिद्ध भजन गायक विक्की छाबड़ा द्वारा भजनों की प्रस्तुति की जाएगी। रांची, ग्रामीण क्षेत्र के अखाड़ेधारी झंडाधारी, ढोल नगाड़ा, अस्त्र-शास्त्र, भजन मंडली, छउ नृत्य कलाकार शोभा यात्रा में शामिल होगे। शोभा यात्रा अपने निर्धारित मार्ग से निकलकर रात्रि 11:00 से 12:00 के बीच जेल तालाब पहुंचेगे जहां प्रतीमा का विसर्जन किया जाएगा।

**महाअष्टमी आज होंगे कई कार्यक्रम**

महाअष्टमी मंगलवारी को संध्या 7:00 बजे से कार्यक्रम की शुरुआत होगी। इस मौके पर पवनपुत्र हनुमान आकर्षण का केंद्र,101 किलो शुद्ध घी से निर्मित लड्डू भोग, ढोल नगाड़े तथा अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन करते हुए भक्त महावीर चौक पहुंचेंगे। दिनांक 18 अप्रैल को दोपहर 03 बजे से विशाल विसर्जन शोभा यात्रा निकाली जाएगी।

## रामनवमी को लेकर ग्रामीण एसपी ने किया दौरा दिए कई दिशा-निर्देश



वरीय संवाददाता

**रांची।** सुमित कुमार अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने रामनवमी पर्व के मद्देनजर संवेदनशील क्षेत्र का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। तथा संबंधित पुलिस उपाधीक्षक, थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

इस क्रम में चान्हों मे मदरसा, मांडर मे मुड़मा और सोसई आश्रम, बुढ़मू के उमेड़डा, चकमे और मतवे, रातु के हुरहुरी, नगड़ी मे साहेब और नगड़ी मस्जिद, कांके होचर और सुकुरहुटू एवं अन्य संवेदनशील स्थल का भ्रमण कर संबंधित पुलिस उपाधीक्षक एवं थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

## श्री महावीर मंडल रांची के पदाधिकारियों ने बजरा क्षेत्र का किया दौरा, समय पर निकाली शोभा यात्रा

संवाददाता

**रांची।** श्री महावीर मंडल रांची के पदाधिकारियों ने सोमवार को श्री शिव हनुमान मंदिर बजरा बारीयातु के प्रांगण में रामनवमी महोत्सव को लेकर आयोजको के साथ बैठक की। इसमे रामनवमी महोत्सव को भव्य रुप से मनानें और मुख्य शोभा यात्रा हर्षोउल्लास के साथ कैसे संपन्न हो इसे लेकर श्री महावीर मंडल रांची के अध्यक्ष श्री रवि कुमार पिंकू ने बैठक में सबके विचार सुने और समस्या का समाधान करते हुए रामनवमी महोत्सव को हर्षोउल्लास के साथ मनाने का अपील की। वहीं रामभक्तो को अपने - अपने घरों में हनुमान ध्वज लगाने, शोभायात्रा का समय को भी ध्यान में रखते हुए रामनवमी के मौके श्री महावीर मंडल रांची के नेतृत्व में निकलने वाली मुख्य शोभायात्रा का बजरा क्षेत्र ही पुरानी परंपरा के अनुसार शुरुआत होती है।



इसका नेतृत्व मंडल रांची के अध्यक्ष तथा मंत्री करेंगे। अलग - अलग क्षेत्रो से निकलने वाली शोभायात्रा का नेतृत्व अन्य पदाधिकारी करेंगे। मंत्री दीपक ओझा ने कहा की इस बार शोभायात्रा में डी जे का प्रयोग नहीं करें बल्कि उसके जगह पर ज्यादा से ज्यादा झंडा एवं खेल का प्रदर्शन करें, समय का पालन करें। सबसे पहले बजरा ग्राम बस्ती के पुजारी पाहन एवं उनके परिवार से मिल कर उन्हें पुरानी परम्परा के अनुसार एक हनुमान जी का झंडा देकर समय का पालन हेतु अनुरोध किया। बजरा के पारम्परिक गावों का दौरा कर महावीरी झंडा का वितरण किया गया।

### हनुमान मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा हुआ प्रारंभ

**अनगड़ा।** प्रखंड के बरवादाग में श्रीश्री 1008 हनुमान मंदिर में सोमवार को मंदिर का वार्षिक महोत्सव व प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान महायज्ञ प्रारंभ हुआ। जिसका शुभारंभ भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जैलेन्द्र कुमार विशिष्ट अथिति पूर्वी जिलापरिषद सदस्य राजेन्द्र शाही मुन्डा राजू महली रघुवीर महतो बुधराम बेदिया शंकर बेदिया मुखिया सत्यनारायण बेदिया भीष्मा लोहरा शामिल हुए। नौ सौ से अधिक महिलाओं व युवतियों ने नदी मे गंगा पूजन कर कलश मे जल भर कर ग्राम भ्रमण करते हुए मंदिर परिसर तक कलश यात्रा निकाली।जैलेंद्र कुमार ने भक्त गण को सम्बोधित कर हुए क्षेत्र कहा यह देश आस्था व संस्कृति से चलता है लाख विदेशी हमलो के बाद भी भारत अपनी पहचान लिए खड़ा है।

## उदयीमान सूर्य को अर्ध्य के साथ छठ महापर्व संपन्न



संवाददाता

**रांची।** लोक आस्था और सूर्य उपासना का चार दिवसीय चैती छठ महापर्व का सोमवार को उदयीमान सूर्य को अर्ध्य देने के साथ समापन हो गया। इस मौके पर इस बार राजधानी के तालाबों और छठ घाटों पर आस्था और श्रद्धा का सैलाव अर्ध्य देनें को उमड़ पड़ा था। जहां पर छठ पूजा समिति की ओर से अर्ध्य देनें के लिए व्यवस्था की गई थी। इसके अलावा कई अन्य संगठनों की ओर से निःशुल्क फल, दूध व पूजन सामाग्री का वितरण किया गया। वहीं प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे।

## एक नजर

### 23 को चिन्मय मिशन में धूमधाम से मनेगी हनुमान जयंती

**बोकारो।** बोकारो सहित देश भर में 23 अप्रैल को भगवान हनुमान की जयंती को लेकर आयोजन की तैयारी चल रही है। इसी कड़ी में चिन्मय मिशन की आचार्या स्वामिनी संयुक्तानंद सरस्वती के सानिध्य में आगामी 23 अप्रैल को शाम 06 से 08 बजे के बीच बोकारो में श्री हनुमान जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाई जाएगी। इस अवसर पर चिन्मय मिशन की आवासीय आचार्या स्वामिनी संयुक्तानंदा सरस्वती पवनपुत्र हनुमान लला की पूजा-अर्चना कराएंगी। तत्पश्चात स्वामिनीजी के मार्गदर्शन में सभी श्रद्धालु 11 बार हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे। साथ ही श्रीराम भक्त हनुमानजी के 108 नामों का उच्चारण भी किया जाएगा। कहा जाता है कि हनुमानजी की साधना-आराधना का अर्थ है प्रभु श्रीराम की भी आराधना। हनुमानजी की आराधना से, बल, बुद्धि, विद्या और विनम्रता बढ़ती है।चिन्मय मिशन के अध्यक्ष बिश्वरूप मुखोपाध्याय, सचिव हरिहर राउत, कोषाध्यक्ष नरेंद्र के साथ-साथ चिन्मय विद्यालय के प्राचार्य सूरज शर्मा, उपप्राचार्य नरमेंद्र कुमार आदि ने अधिकाधिक नगरवासियों से इस कार्यक्रम में शामिल होकर पुण्य का भागी बनने की अपील की है।

### बोकारो के गंगेश, लव और ब्रह्मानंद को मिला साहित्य भूषण पुरस्कार



**बोकारो।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद झारखंड प्रदेश सह सिंहभूम जिला हिंदी साहित्य परिषद के तत्वावधान में तुलसी भवन, बिस्टुपुर, जमशेदपुर में सर्व भाषा साहित्यकार सम्मान समारोह 2024 का आयोजन किया गया। इसमें अखिल भारतीय साहित्य परिषद, जिला शाखा बोकारो के कवि एवं साहित्यकार ब्रह्मानंद गोस्वामी, लव कुमार एवं गंगेश कुमार पाठक को साहित्य भूषण सम्मान से नवाजा गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि मुख्य वन संरक्षक, रांची के कुमार मनीष अरविंद ने उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि साहित्य समाज का आईना होता है और यह आइना दिखाने की क्षमता केवल साहित्यकारों में होती है।

### कलशयात्रा के साथ हनुमान मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा शुरू



**बोकारो।** चंदनकियारी प्रखंड के नयावन पंचायत अंतर्गत पर्वतपुर गांव में आयोजित श्री श्री हनुमान मंदिर का पुनःप्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान सोमवार को कलश यात्रा के साथ प्रारंभ किया गया। कलश यात्रा में काफी संख्या में महिलाओं एवं बच्चों ने भाग लिया। कलश यात्रा में शामिल भक्त विभिन्न गांवों से होते दामोदर नदी के तट पहुंचे, जहां पंडित नारायण पांडेय व ठाकुर लाल पांडेय ने विधि-विधान के साथ संकल्प पाठ, देव-देवी आह्वान आदि संपन्न कराया। इसके उपरांत युवतियां कलश में जल भरकर मंदिर पहुंचे व कलश का स्थापना कराई गई। इसके साथ ही तीनदिवसीय प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान प्रारंभ हो गया। पूजन हवन से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। अनुष्ठान का समापन 17 अप्रैल को होगा। मंगलवार को अखंड रामायण पाठ तथा 17 अप्रैल रात्रि में भक्ति जागरण होगा। कार्यक्रम की सफलता के लिए ग्रामीण जुटे हुए हैं।

### केंद्रीय विद्यालय में विजेताओं को सम्मानित किया गया

**बोकारो थर्मल।** बोकारो थर्मल स्थित केंद्रीय विद्यालय में सोमवार को डीवीसी द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के सफल एवं विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत व सम्मानित किया गया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में केंद्रीय विद्यालय को द्वितीय स्थान,भाषण प्रतियोगिता में कक्षा 12 विज्ञान की छात्रा अपूर्वा पाठक को द्वितीय स्थान, पेंटिंग प्रतियोगिता में सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। सभी विजयी प्रतिभागियों को विद्यालय के प्राचार्य डॉ बीआर डे ने मंच पर प्रमाण पत्र देते हुए सम्मानित किया। प्राचार्य ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि सभी विद्यार्थियों को महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेना चाहिए।

सीसीटीवी व ड्रोन कैमरों की निगहबानी में निकलेगा जुलूस

# आपसी सौहार्द्र के साथ रामनवमी का त्योहार मनाएं बोकारो जिलावासी : डीसी

संवाददाता

**बोकारो।** आगामी 17 अप्रैल को रामनवमी का त्योहार शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए जाने को लेकर सोमवार को जिला प्रशासन के अधिकारियों ने बैठक कर विचार-विमर्श किया। जिले में विधि-व्यवस्था संधारण हेतु जिला दंडाधिकारी सह- उपायुक्त विजया जाधव की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में बैठक आयोजित की गई। मौके पर सिविल सर्जन डॉ दिनेश कुमार, अपर नगर आयुक्त सौरव कुमार भुवानिया, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, अनुमण्डल पदाधिकारी चास ओम प्रकाश गुप्ता, अनुमण्डल पदाधिकारी बेरमो तेनुघाट अशोक कुमार, उपाधीक्षक बोकारो सदर अस्पताल अरविंद कुमार, सहायक आयुक्त उत्पाद उमाशंकर सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय उपस्थित थे। बैठक में जिला दण्डाधिकारी -सह- उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव ने सभी लाइसेंसधारी एवं गैर लाइसेंसधारी अखाड़ों की जानकारी दोनों अनुमंडलाधिकारियों से ली। साथ ही निकलने वाले जुलूसों की रूट चार्ट एवं रास्ते में पड़ने वाले धार्मिक स्थलों की भी जानकारी उनके द्वारा ली गई। इसपर दोनों अनुमण्डल पदाधिकारियों ने बारी-बारी से पूर्व में मनाये गए त्योहारों एवं पूर्व घटित घटना के बारे में विस्तृत जानकारी दी।



जिला दंडाधिकारी -सह- उपायुक्त श्रीमती जाधव ने समीक्षा के दौरान जुलूसों की रूट की बैरिकेडिंग करने का निर्देश दिया। साथ ही रूटों की देखरेख हेतु ड्रोन, सीसीटीवी कैमरा, वीडियो रिकॉर्डिंग एवं अन्य फैसिलिटी की व्यवस्था ससमय पूर्ण करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने भीड़भाड़ वाले स्थानों पर अग्निशमन की व्यवस्था एवं समुचित लाइट की व्यवस्था करने को कहा।

साथ ही उन्होंने कार्यपालक अभियंता विद्युत विभाग को निर्देश दिया कि क्षेत्रों में निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति करें एवं जुलूस रुट पर जुलूस के प्रारंभ से समाप्ति तक बिजली आपूर्ति बाधित रखें, ताकि जुलूस के दौरान किसी प्रकार का कोई अप्रिय घटना न घटे।

**सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने पर होगी कड़ी कार्रवाई**

डीसी ने जिलावासियों से सौहार्दपूर्ण वातावरण में रामनवमी मनाए जाने की अपील की। डीसी ने कहा कि त्योहार के दौरान सोशल मीडिया पर किसी भी तरह का भड़काऊ पोस्ट से बचें। उन्होंने वाट्सएप ग्रुप एवं सोशल मीडिया पर नियमित रूप से सतत निगरानी करने हेतु निर्देशित किया तथा वाट्सएप ग्रुप पर आपत्तिजनक पोस्ट न करें से संबंधित आमजनों से अपील की। कहा कि रामनवमी पर सोशल मीडिया के जरिए किसी भी तरह की कोई अफवाह न फैलाई जा सके, इसके लिए जिले में दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरें फैलाने वालों की जानकारी देने के लिए जिला स्तर पर फोन नंबर भी जारी किया गया हैं। गाइडलाइंस में आम लोगों से भी कहा गया है कि वे कभी भी कोई भड़काऊ संदेश प्रचारित न करें। अगर उनके मोबाइल पर कोई आपत्तिजनक मैसेज आता है तो वह इसकी सूचना पुलिस को अवश्य दें। गाइडलाइंस में यह भी बताया गया है कि मैसेज को एक जगह से दूसरी जगह भेजने वाला भी उतना ही दोषी है जितना मैसेज बनाने वाला भी, इसलिए इस सबमें सावधानी बरतें।

**जुलूस वाली स्थानों पर मुस्तैद रहेगी एंबुलेंस**

डीसी के द्वारा सिविल सर्जन डॉ दिनेश कुमार को निर्देश दिया कि जुलूस जहां घूम-घूमकर एकत्रित होगी। उक्त स्थान पर मेडिकल का टीम एवं एंबुलेंस मौजूद रखें। उन्होंने अखाड़ा के अध्यक्ष व सचिव एवं वॉलंटियर्स के नाम जिला प्रशासन को उपलब्ध कराने, जुलूस के दौरान उपद्रव फैलाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध सुसंगत धारा के तहत कार्रवाई करने, लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर लागू आदर्श आचार संहिता का अनुपालन सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया।

**जिला प्रशासन ने किया हेल्पलाइन नंबर**

जिला नियंत्रण कक्ष बोकारो - 06542-223475/247891
पुलिस नियंत्रण कक्ष - 100 (टोल फ्री नंबर), 06542-224789
विधि व्यवस्था सूचना - 242266, 222701
अग्निशमन तेनुघाट - 9304953400
अग्निशमन तेनुघाट प्रभारी - 9471338524
अग्निशमन चास प्रभारी - 9304953428, 9973014724
अग्निशमन बोकारो - 9304953427

## सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ नर्सिंग की छात्राओं का शपथ-ग्रहण



संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो जनरल हॉस्पिटल में सोमवार को जनरल नर्सिंग और मिडवाइफरी (जीएनएम) के प्रथम वर्ष की छात्राओं के लिए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डॉ बी.बी. करुणामय, मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी एवं प्रभारी बोकारो जनरल हॉस्पिटल के द्वारा परम्परागत तरीके से दीप प्रज्ज्वलन के साथ शुरू किया गया। दीप प्रज्ज्वलन के बाद नीलिमा कुमारी, प्रिंसिपल, स्कूल ऑफ नर्सिंग और नर्सिंग अधीक्षक लिजी वर्गीस द्वारा जीएनएम की प्रथम वर्ष की छात्राओं को शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गये। इस अवसर पर डॉ. श्रवण कुमार, डॉ. इंद्रनील चौधरी, डॉ. वर्षा घाणेकर और डॉ. सोफिया अहमद, स्कूल ऑफ नर्सिंग की छात्राओं के साथ अन्य वरिष्ठ डॉक्टर और स्टाफ नर्स भी उपस्थित थे।

## चिन्मय विद्यालय के विद्यार्थियों ने ओलंपियाड में जीते कई अंतरराष्ट्रीय पदक

संवाददाता

**बोकारो।** चिन्मय विद्यालय बोकारो के मेधावी छात्र श्रीवत्स चटर्जी, सौम्य साकेत, ओम दिव्यदर्शी, निशांत राज, आदित्य नारायण सिंह ,आयुष तिवारी एवं शिवांश कुमार ने विभिन्न विषयों के ओलंपियाड में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए मेडलों की झड़ी लगा दी है। शिव चटर्जी कक्षा 9वी के छात्र हैं।



उसने अंतरराष्ट्रीय फाउंडेशन ऑफ कंप्यूटर ओलिंपियाड में रैंक वन, इंटरनेशनल फाउंडेशन मैथ ओलंपियाड में जोनल रैंक वन, इंटरनेशनल फाउंडेशन साइंस ओलंपियाड में सिल्वर मेडल, इंटरनेशनल फाउंडेशन हिंदी ओलंपियाड में गोल्ड मेडल एवं इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ संस्कृत ओलंपियाड में गोल्ड मेडल लाकर अपनी अनोखी प्रतिभा का परिचय दिया है। वहीं, सौम्य साकेत कक्षा 9वी के छात्र ने इंटरनेशनल फाउंडेशन साइंस ओलंपियाड में रैंक वन, इंटरनेशनल फाउंडेशन रीजनिंग एंड एप्टीट्यूड ओलंपियाड में जोनल रैंक वन, इंटरनेशनल फाउंडेशन स्पेल टैलेंट ओलंपियाड में गोल्ड मेडल, इंटरनेशनल फाउंडेशन हिंदी ओलंपियाड में सिल्वर मेडल, इंटरनेशनल फाउंडेशन इंग्लिश ओलिंपियाड में ब्रांज एवं इंटरनेशनल फाउंडेशन मैथ ओलंपियाड में सिल्वर मेडल लाकर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परिचय देकर विद्यालय, शहर, राज्य का नाम रोशन किया। साथ में नौवीं कक्षा के छात्र ओम दिव्यदर्शी ने सिल्वर और ब्रांड मेजर जीते। निशांत राज नवमी के छात्र ने भी दो सिल्वर मेडल जीते, आदित्य नारायण सिंह ने एक सिल्वर दो ब्रॉन्ज मेडल, आयुष तिवारी सिल्वर मेडल एवं शिवांश कुमार ने स्वर्ण पदक जीते।

वहीं, प्राचार्य सूरज शर्मा को भी उनके विशिष्ट योगदान के लिये फाउंडेशन के द्वारा सम्मानित किया गया। सभी मेधावी छात्रों को विद्यालय के अध्यक्ष बिश्वरूप मुखोपाध्याय एवं प्राचार्य सूरज शर्मा ने प्रातः विशेष प्रार्थना सभागार में इन सभी मेधावी छात्रों को सम्मानित किया। अध्यक्ष बिश्वरूप मुखोपाध्याय एवं प्राचार्य सूरज शर्मा ने सभी पदक विजेताओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## दुर्गा पूजोत्सव का पंडाल खुला, दर्शन को उमड़े भक्त

संवाददाता

**बोकारो थर्मल।** बोकारो थर्मल में स्थानीय संकट मोचन मंदिर प्रांगण में वासंती दुर्गा पूजोत्सव का आयोजन किया गया है। पूजा को लेकर स्थानीय श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है। नवरात्र के सप्तमी दिन सोमवार को वासंती दुर्गा पूजा पंडाल का पट कमेटी के पदाधिकारियों की मौजूदगी में स्थानीय थाना के इंस्पेक्टर शैलेंद्र कुमार सिंह ने श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोला.पूजा पंडाल का पट खुलते ही श्रद्धालुओं ने कालरात्रि माता दुर्गा की पूजा आराधना की। कालरात्रि की पूजा आराधना आचार्य भागीरथ दूबे तथा पुजारी अजीत मिश्रा के द्वारा करवायी गयी। पूजा पंडाल खुलते ही पंडाल में माता दुर्गा के दर्शन को श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी.मौके पर थाना के अवर निरीक्षक बिरेंद्र हांसदा, धनंजय सिंह, अजीत कुमार, कमिटी के प्राण गोपाल सेन, प्रदीप प्रसाद, आनंद यादव, ए गणपति, जसपाल सिंह, ए कार्तिक सहित काफी संख्या में लोग थे।



## महावीर जयंती पर मांसाहार की बिक्री पर रोक की मांग

संवाददाता

**बोकारो।** जैन समाज ने महावीर जयंती के उपलक्ष्य में शहर में मांस-मीट पर प्रतिबंध लगाने की मांग करते हुए एक पत्र उपायुक्त, बोकारो एवं अपर नगर आयुक्त, चास नगर निगम को लिखा है। जैन मिलन के अध्यक्ष संजय बैद एवं सचिव आलोक कुमार जैन ने संयुक्त रूप से कहा कि महावीर जयंती को पूरे देश में अहिंसा दिवस के रूप में मनाई जाती है।

बैद ने कहा कि कई राज्यों में अहिंसा दिवस को देखते हुए मांस मीट पर पूर्णतया प्रतिबंध रहता है। झारखंड जैन तीर्थंकरों की धरती है, इसलिए अहिंसा दिवस को सही मायनों में मनाना उचित रहेगा।

जैन समाज के श्यामसुंदर जैन, डॉक्टर महेंद्र जैन, बजरंग लाल चौड़रिया, माणक छल्लानी, सुभाष जैन, विकास जैन, डॉ आकाश जैन, अंकित जैन, चंदन बांठिया, विमल जैन, सुरेंद्र जैन, प्रकाश कोठारी, पीयूष वोरा, अजय जैन, विपुल मेहता, केतन मेहता, तेजस ध्रुव, दीपक जैन आदि ने भी संयुक्त रूप से अहिंसा दिवस पर मांस मीट पर प्रतिबंध लगाने की मांग की।

## स्वस्थ मस्तिष्क के लिए खेलकूद को अपनाएं बच्चे : बैद

### चास रोटरी ने स्कूली बच्चों में खेल सामग्री का किया वितरण

संवाददाता

**बोकारी।** रोटरी क्लब चास की ओर से नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय के बच्चों के बीच सोमवार को खेलकूद की सामग्री वितरित की गई। खेल सामग्री पाकर बच्चे काफी प्रफुल्लित हो गए। मौके पर रोटरी क्लब चास की अध्यक्ष पूजा बैद ने कहा कि बच्चों को खेल भावना के प्रति जागरूक करने एवं निरंतर खेलकूद का अभ्यास करने के लिए आवश्यक खेलकूद सामग्री उनको उपलब्ध कराई गई है। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रगान से हुई। कार्यक्रम के संयोजक विनोद चोपड़ा ने कहा कि बच्चों में खेल भावना का होना अत्यंत आवश्यक है। हम अब खेल में भी अच्छा करियर बना सकते हैं। रोटरी क्लब चास के संस्थापक अध्यक्ष संजय बैद ने कहा कि खेल हमारे जीवन में बहुत आवश्यक है। खेलने से शरीर स्वस्थ रहता है और स्वस्थ मस्तिष्क स्वस्थ शरीर में ही वास करता है।



रोटरी क्लब चास की सचिव डिंपल कौर ने कहा कि रोटरी चास सदैव सेवा कार्यों में तत्पर रहती है। इसके अंतर्गत आज बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। डिंपल ने बताया बच्चों के बीच क्रिकेट बैट, विकेट सेट, कैरेम बोर्ड, शटल, बैडमिंटन रैकेट, कार्क, फुटबॉल, चेस बोर्ड, लूडो, फ्लाइंग डिस्क, स्किपिंग रोप उपलब्ध कराए गए। डिंपल ने कहा कि रोटरी चास आगे भी बच्चों के लिए इस तरह के आयोजन करती रहेगी। खेलकूद का सामान पाकर बच्चे बेहद खुश हुए। स्कूल के वार्डन भागीरथ महतो एवं विद्यालय परिवार ने रोटरी द्वारा किए गए कार्यक्रम की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कुमार अमरदीप, उषा कुमार, कमल तनेजा, अमन मल्लिक, विपिन अग्रवाल, नरेंद्र सिंह, माधुरी सिंह, किरण कुमार, मुकेश केजरीवाल, रितू केजरीवाल, शैल रस्तोगी आदि की अहम भूमिका रही।

## बोकारो में नवपत्रिका आगमन के साथ तुपकाडीह में माहौल हुआ भक्तिमय

संवाददाता

**बोकारो।** तुपकाडीह वासंती दुर्गा मंदिर में नवपत्रिका आगमन के साथ ही तथा प्रतिमा का पट खुलते ही माता का दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं का तांता लग गया है। सोमवार को मां कालरात्रि की पूजा हुई। पूजा के कारण पूरा इलाका भक्तिमय हो गया है। मंत्रोच्चारण और ढोल ढाक से इलाका गुंजायमान हो रहा है। कमेटी के सदस्यों ने लोगों से शांति बनाये रखने की अपील की है। इधर रघुवीर दल अखाडा के कलाकार कई खेल दिखाने और झांकी की तैयारी कर रहे हैं। बता दें कि तुपकाडीह का रामनवमी जुलुस देखने के लिए दूर दूर के लोग आते हैं। पूजा कमेटी के अध्यक्ष अनिल दिगार ने बताया कि झंडा जुलुस और अखाड़ा में शांति बनाये रखने के लिए नौजवान स्वयंसेवक रखे गए हैं। सभी पंचायतों के मुखिया, पंसस आमंत्रित किये गए हैं।



एक नजर

## उदीयमान भगवान सूर्य को अर्घ्य के साथ चैती छठ पूजा संपन्न



**बेरमो।** बेरमो अनुमंडल क्षेत्र में सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य के साथ चार दिनी चैती छठ पूजा संपन्न हुआ। फुसरो के हिंदुस्तान पुल, करगली गेट, सुभाषनगर, पिछरी, चलकरी, अंगवाली, ढोरी बस्ती, ढोरी खास सहित फुसरो नप क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में दामोदर नदी के छठ घाटों में काफी संख्या व्रती व श्रद्धालु पहुंचकर अर्घ्य देकर क्षेत्र के सुख समृद्धि की कामना की। साथ हीं कई जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों ने भी छठ घाटों में अर्घ्य दिया। सबसे अधिक भीड़ फुसरो स्थित हिंदुस्तान पुल के पास दामोदर नदी तट पर रही। कई सामाजिक संस्था, संगठन व समाजसेवियों ने स्टॉल लगा कर छठव्रतियों के बीच फल, दूध आदि का वितरण किया। छठघाट पहुंचीं बेरमो प्रमुख गिरिजा देवी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अर्चना सिंह, समाजसेवी डॉक्टर उषा सिंह आदि अनेकों लोगों ने अर्घ्य देकर क्षेत्र के लोगों के सुख समृद्धि की कामना की।

## चांपी में लक्ष्मी नारायण यज्ञ के अवसर पर जागरण में भक्ति रस में डूबे रहे श्रोतागण



**कथारा।** पेटरवार प्रखंड के चांपी स्कूल टांड में आयोजित कार्यक्रम श्री श्री 1008 नारायण महायज्ञ के पांचवे दिन मां भगवती के जागरण का आयोजन किया गया। जागरण प्रारम्भ होने के उपरान्त जागरण के अविनाश जागरण ग्रुप के गायक सदानंद मुखर्जी ने गणेश वंदना एवं स्तुति के साथ विधिवत जागरण कर भक्ति गीतों में झुमाते रहे।वही कार्यक्रम में जिप सदस्या माला कुमारी को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। यज्ञ कमिटी के सचिव राजकुमार महतो, सुखदेव मांझी व विजय महतो को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। झारखंड की प्रसिद्ध गायिका रेखा कुमारी ने हिंदी, नागपुरी, खोरठा व भोजपुरी गीतों से महिलाओं व पुरुषों को रात भर भक्ति रस में झुमाते रही।गायिका रेखा ने भांगड़ा भोला ऐसन रकम जवांई नही पेला रे गीत से महिलाओं को मंत्रमुग्ध कर दी। अविनाश जागरण ग्रुप के आरगन वाद्ययंत्र कुमार गौरव, गिटार पर शंकर, हेंडसोनिक में नन्दू पेड़ में गुड्डू व ढोलक में रमेश कुमार ने अपनी कला के माध्यम से बहुत सुंदर रूप से म्यूजिक को सजाया।

## उत्पाद विभाग ने छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध देशी शराब जब्त की

**बेरमो।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर सोमवार को सहायक आयुक्त उत्पाद बोकारो के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक उत्पाद के पर्यवेक्षण में जिला उत्पाद टीम ने पेटरवार थाना अंतर्गत दामोदर नदी किनारे पिछरी गांव के धधकीडीह टोला में अवैध शराब निर्माण स्थल पर छापेमारी अभियान चलाया। मौके पर से उत्पाद टीम ने 600 किलो जावा महुआ शराब एवं 75 लीटर अवैध चुलाई शराब को जब्त किया। वहीं अवैध शराब निर्माण में इस्तेमाल किये जाने वाले वस्तुओं को नष्ट किया। छापेमारी के क्रम में अभियुक्त किशुन विश्वकर्मा पर उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के आधार पर अभियोग दर्ज किया गया।

## भाजपा नेता व सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्राचार्य पर आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज

**बेरमो।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के ढोरी स्टाफ क्वार्टर स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ढोरी में भारतीय जनता पार्टी द्वारा बिना अनुमति बैठक किये जाने पर फ्लाइंग स्कवॉयड (एफएसटी) पदाधकारी मनोज कुमार बेदिया ने भाजपा नेता प्रकाश सिंह व विद्यालय प्राचार्य परमानंद सिंह के खिलाफ आदर्श चुनाव आचार संहिता उलंघन करने का मामला बेरमो थाना में दर्ज कराया है। जिसका कांड संख्या 60/24 है। बैठक की गुप्त सूचना मिलने पर देर शाम को बेरमो एसडीएम अशोक कुमार, बेरमो सीओ संजीत कुमार सिंह विद्यालय पहुंचे थे। परंतु उस वक्त बैठक समाप्त हो चुकी थी। जांच करने पर मामला सही पाया गया। इसके बाद कार्रवाई की गयी। पुलिस ने बताया कि विद्यालय पहुंचने पर बैठक समाप्त हो चुकी थी। परंतु भाजपा नेता प्रकाश कुमार सिंह के द्वारा सोशल मीडिया फेसबुक पर बैठक का पोस्ट अपलोड किया गया था। जिससे पुलिस को सबूत मिला है। उक्त सबूत को एविडेंस के रूप में इस्तेमाल किया गया है।

### बाल विवाह रोकथाम को लेकर एक दिवसीय सेमिनार आयोजित

# बाल विवाह की रोकथाम के लिए हितधारकों में समन्वय जरूरी : सुरेश शक्ति

संवाददाता

**गिरिडीह।** ग्लोबल एलायंस गैर्ल्स नॉट ब्राइडस, ₹लड़कियां नहीं दुल्हन₹ से जुड़े सदस्यों द्वारा एस पी एस ट्रेनिंग सेंटर कृष्णानगर गिरिडीह में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमे नागर समाज से जुड़े नागरिक संगठनों व हितधारकों के साथ साथ दर्जनाधिक किशोर किशोरियों ने भाग लिया। सेमिनार का मुख्य विषय समाज से बाल विवाह नामक बीमारी को खत्म करने हेतु हितधारकों के बीच समन्वय स्थापित करना था। सेमिनार का उद्घाटन वरिष्ठ पत्रकार- सह- अधिवक्ता आलोक रंजन ने किया। उन्होंने अपने उद्घाटन भाषण में कहा कि संविधान प्रत्येक नागरिक को सम्मान पूर्वक जिंदगी जीने का हक देता है। हक के साथ हमारा कर्तव्य भी जुडा हुआ है। जैसे सभी नागरिकों को अधिकार प्राप्त है उसी प्रकार बच्चों को भी विशेष



अधिकार मिले हैं। अगर बालिग होने के पूर्व किसी लड़का या लड़की की शादी हो जाती है तो उन्हें प्राप्त मौलिक अधिकार उनसे छीन जाते हैं।

किसी भी लोकतान्त्रिक देश जिसका अपना संविधान है। उस देश में अगर किसी बच्चे की शादी हो जाती है तो यह हमारे देश और हमारे समाज के लिए अत्यंत शर्मनाक घटना होती है। इस कुप्रथा को रोकना जरुरी है। यह जागरूकता, शिक्षा और समझदारी से लाया जा सकता है। लड़कियां नहीं दुल्हन अभियान के वरिष्ठ ग्लोबल सदस्य, बाल अधिकार कार्यकर्ता सुरेश शक्ति ने कहा कि गर्ल्स नॉट ब्राइडस एक ग्लोबल अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्क है। इस नेटवर्क से जुड़े तमाम सदस्य जिसमें कि गिरिडीह में भी कुछ सदस्य हैं। जिनका मकसद है भारत हीं नहीं सम्पूर्ण दुनिया से खासकर बांग्लादेश, नेपाल, श्रीलंका सहित कई एसियाई और अफ़्रीकी देशों से बाल विवाह का चलन खत्म हो। यह सिर्फ कानून बना देने मात्र से खत्म नहीं होगा अपितु बच्चों को बाल विवाह का शिकार होने से बचाना होगा। सामाजिक परिवर्तन संस्थान के सचिव उमेश कुमार ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 तथा झारखण्ड बाल प्रतिषेध नियमावली 2015 का हवाला देते हुए कहा कि अगर कोई बाल विवाह का अनुष्ठान करता या करवाता है तो बच्चों को छोड वो सभी लोग सजा के भागिदार हैं। जो जाने अनजाने भी इस अपराधिक कृत्य में भागीदार हैं। अगर कहीं बाल विवाह की जानकारी मिले तो चाइल्ड हेल्फ लाइन 1098 पर सूचना दें। सूचना दाता की जानकारी गुप्त रखी जाती है। बाल अधिकार कार्यकर्ता सरोजीत कुमार ने बच्चों के क्या क्या अधिकार हैं ? उस पर अपना विचार रखते हुए कहा कि जो भी कार्यकर्ता या जिनका रिश्ता बच्चों से हैं उनको बाल अधिकार के बारे में जानना जरूरी है। बाल अधिकार को जानेंगे तभी बच्चों को बाल विवाह, बाल यौन शोषण, बाल तस्करी से बचा सकते हैं।

## भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सरोज सिंह द्वारा प्रेस वार्ता आयोजित

संवाददाता

**गिरिडीह।** गांधी चौक स्थित कार्यालय में भाजपा ने प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा के प्रदेश महासचिव सरोज सिंह ने मुख्य रूप से उपस्थित होकर प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया ! प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदेश प्रवक्ता के साथ आजसू जिलाध्यक्ष गुड्डू यादव, कामेश्वर पासवान,मनोज संघई , सदानंद राम आदि मौजूद रहे। पत्रकारों से मुखातिब होते हुए भाजपा के प्रदेश महासचिव सरोज सिंह ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी ने अपना चुनावी संकल्प पत्र जारी कर दिया है। उन्होंने बताया कि पीएम मोदी ने कहा कि पूरे देश को भाजपा के संकल्प पत्र का बहुत इंतजार रहता है। उन्होंने कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र विकसित भारत के 4 मजबूत स्तंभ, युवा शक्ति, नारी शक्ति, गरीब, किसान को सशक्त करेगा। भाजपा के संकल्प पत्र में मोदी की इन गारंटी का विशेष जिक्र है, जिनका उल्लेख पीएम मोदी ने अपने भाषण में किया।




संकल्प पत्र में मोदी की ये गारंटीदेश में जन औषधि केंद्रों का विस्तार किया जाएगा, लोगों को सस्ती दवाएं लगातार मिलती रहेगी। 70 साल से अधिक उम्र के सभी बुजुर्गों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ मिलेगा। देश में मुफ्त राशन योजना अगले 5 साल तक जारी रहेगी।।आने वाले 5 वर्ष नारीशक्ति की नई भागीदारी के होंगे। भाजपा सरकार ने गरीबों को 4 करोड़ पक्के घर बनाकर दिए हैं। अब हम 3 करोड़ घर और बनाने का संकल्प लेते हुए आगे बढ़ेंगे। देश में वंदे भारत ट्रेनों का विस्तार होगा। सस्ते सिलेंडर के बाद अब पाइप से सस्ती रसोई गैस घर-घर पहुंचाने के लिए तेजी से काम करेंगे।

## रामनवमी में विधि व्यवस्था व जुलूस के रूट चार्ट का बेरमो एसडीएम ने किया निरीक्षण

संवाददाता

**बेरमो।** बेरमो एसडीएम अशोक कुमार ने सोमवार को फुसरो शहर में रामनवमी को लेकर विधि व्यवस्था व जुलूस के रूट चार्ट का निरीक्षण किया। एसडीएम श्री कुमार ने फुसरो मुख्य मार्ग के पुराना बीडीओ ऑफिस से राजाबेड़ा व करगली बाजार तक का निरीक्षण कर बेरमो थाना प्रभारी अशोक कुमार से विधि व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने निरीक्षण के दौरान विभिन्न अखाड़ा समिति के सदस्यों को सुरक्षा को लेकर कई निर्देश दिया। एसडीएम श्री कुमार ने कहा कि बोकारो उपायुक्त के निर्देश पर बेरमो प्रखंड के फुसरो बाजार में रामनवमी का त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो इसको लेकर रूट चार्ट का निरीक्षण व सेंसेटिव जगह को चिन्हित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सेंसेटिव जगहों व धर्मिक स्थल के समक्ष मजिस्टेड के साथ सुरक्षा में



जवान तैनात रहेंगे। कहा कि जुलूस के दौरान अखाड़ा समिति अपने-अपने वॉलंटियर को भी तैनात रखें।

ताकि किसी प्रकार की असुविधा ना हो। कहा कि सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए प्रशासन की ओर से संवेदनशील स्थानों पर रामनवमी जुलूस और अखाड़ा पर निगरानी रखने के लिए सीसीटीवी कैमरा लगाये जायेंगे। वीडियोग्राफी के अलावा ड्रोन कैमरे से भी भीड़ पर नजर रखी जायेगी। इसकी व्यापक तैयारी की गयी है। कहा कि उपद्रवियों से निपटने में पुलिस कोई नरमी नहीं बरतेगी। एसडीएम श्री कुमार ने फुसरो बाजार के दुकानदारों द्वारा लगाया गया सीसीटीवी कैमरा को भी एक्टिव मोड में रखने का निर्देश दिया गया।

उन्होंने पुराना बीडीओ ऑफिस में बने कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। मौके पर बेरमो सीओ संजीत सिंह, फुसरो नप प्रशासक गोपेश कुंभकार, राजीव कुमार सिंह, अनुज कुमार, सुरेंद्र कुमार आदि मौजूद थे।

## नवपत्रिका महास्नान एवं जलयात्रा के साथ मां को कराया मंदिर प्रवेश

संवाददाता

**बेरमो।** पेटरवार प्रखंड के पिछरी गांव स्थित सार्वजनिक बासंती दुर्गा मंदिर में सोमवार को चैत्र नवरात्र के सातवां दिन प्रातः नवपत्रिका महास्नान एवं जलयात्रा के साथ मां को मंदिर प्रवेश कराया गया। साथ हीं विधि विधान के साथ मां दुर्गा कालरात्रि स्वरूप की पूजा अर्चना व आरती की गयी। यहां मंदिर परिसर से गाजे बाजे व ढोल ढाक के साथ सुबह जल यात्रा निकाली गई। स्थानीय हथिया पत्थर स्थित दामोदर नदी पहुंची। जहां पुजारी महादेव बनर्जी, रास बिहारी आचार्य, नरेश पांडेय व पवन पाठक द्वारा मुख्य यजमान मुकेश मिश्रा को बंगला विधि विधान से प्रतिष्ठा व पूजा अर्चना कराया गया। सप्तमी पूजा के बाद मंदिर व मां दुर्गा का पट खुला। जहां दर्शन को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। देर शाम संध्या आरती का आयोजन किया गया। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर जय मां दुर्गे के



जयकारों से गूंज उठा। मौके पर पूजा समिति अध्यक्ष गणेश मिश्रा, निक्कू मिश्रा, पंकज मिश्रा, राकेश मिश्रा, बजरंगी मिश्रा, चंद्रदेव मिश्रा, धीरज मिश्रा, अखिलेश मिश्रा, नितेश ठाकुर, छोटू मिश्रा, टुनटुन मिश्रा, चैता सिंह, प्राची कुमारी, प्रज्ञा कुमारी आदि मौजूद थे। बताया गया कि पिछरी पंचायत में बासंती सार्वजनिक दुर्गा मंदिर की प्रसिद्धि आसपास के लिए पहचान की मोहताज नहीं है। चैती नवरात्र प्रारंभ होते ही यहां भक्त खींचे चले आते हैं। माता के दरबार में पूरे साल भक्तों की भीड़ लगी रहती है। जानकारी के अनुसार यहां शुरूआत में पंचायत के भुवनेश्वर मिश्रा, मनोहर साव, गाजो साव सहित ग्रामीणों के सहयोग से वर्ष 1955 में लोगों ने बांस बल्ली का घेराव व तिरपाल डालकर जैसे-तैसे लगभग एक वर्ष तक पूजा किये। लेकिन समय के साथ चंदा व श्रमदान कर मंदिर निर्माण कराया गया। ग्रामीणों के सहयोग से मंदिर निर्माण का शिलान्यास 2 मई 2014 को बड़े हीं धूमधाम के साथ किया गया। जो ग्रामीणों के सहयोग व अथक प्रयास से 15 फरवरी 2021 को भव्य दुर्गा मंदिर का निर्माण कराया गया। जिसकी प्राण प्रतिष्ठा धूमधाम से की गई।

## बोकारो में बीजेपी के मोदी की गारंटी 2024 घोषणापत्र का उत्सव

संवाददाता

**बोकारो।** सरेजेंसी में आयोजित पत्रकार परिसभा में, झारखंड विधानसभा के प्रमुख विपक्षी नेता, अमर कुमार बाउरी ने भाजपा के मोदी की गारंटी 2024 घोषणापत्र पर ध्यान केंद्रित किया। इस विशेष अवसर पर, प्रमुख भाजपा नेता, लोकसभा उम्मीदवार ढुल्लू महतो समेत, पार्टी के प्रमुख नेताओं ने घोषणापत्र की महत्वपूर्ण प्रावधानिकताओं पर विस्तार से चर्चा की। मोदी की गारंटी के महत्व को और भी उजागर करते हुए, अमर कुमार बाउरी ने भाजपा के लिए उत्साह की आंधी बढ़ाई और अभिमान की लहर उत्पन्न की, और ₹अबकी बार, 400 पार₹ के अभिमान को व्यक्त कर- के भाजपा की क्षमता में अटूट विश्वास जताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गरिमामय समर्पण को महत्वपूर्ण मानते हुए, घोषणापत्र मे



गाँवों, असहाय, दलित, महिलाओं, युवाओं, और किसानों की आवश्यकताओं को प्राथमिकता देने का आश्वासन दिया। पत्रकार सम्मेलन को एक महत्वपूर्ण आयाम जोड़ते हुए, ढुल्लू महतो के साथ अन्य महान व्यक्तित्व भी मौजूद थे। खासतौर पर, अमर कुमार बाउरी , ढुल्लू महतो की मौजूदगी को स्वीकारते हुए, उन्हें असहाय लोगों के प्रमुख शुभचिंतक और उनके लिए उत्कृष्ट समर्थकों में से एक के रूप में स्तुति दी। खासकर उनके मूल स्तर के प्रयासों के माध्यम से यह स्पष्ट था। अमर कुमार बाउरी ने के प्रत्याशितता में अटल विश्वास जताया, उन्हें गरीबों के विकास-अभियान के लिए गहरे संकल्पबद्ध व्यक्ति के रूप में चित्रित किया। उन्होंने के समाज के अल्पसंख्यक वर्ग के उत्थान के प्रति उनके समर्पण की प्रशंसा की, मूल स्तर पर उनके वास्तविक योगदानों को जोर दिया। ढुल्लू महतो महतो ने उनके खिलाफ विभिन्न आरोपों का जवाब देते हुए, अपने ध्यान को निमार्णात्मक प्रयासों पर बनाए रखा। उन्होंने अच्छे काम करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की और इसके अतिरिक्त, ढुल्लू महतो ने ₹मोदी की गारंटी₹ में पूरा विश्वास व्यक्त किया, जो उनके साथी नेताओं द्वारा साझा भावना को पुनरावृत्ति दिया। उन्होंने आगामी लोकसभा चुनावों के बारे में आशा जताई, अपने विधानसभा क्षेत्र के लोगों के अपार समर्थन और आशीर्वाद के साथ विजय हासिल करने के अपने विश्वास को व्यक्त किया।

## विद्यालयों से चयनित वॉलंटियर का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न

संवाददाता

**बेरमो।** आगामी लोकसभा चुनाव शांति पूर्ण एवं सफलता से संपन्न कराने को लेकर शहरी क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाध्यापक एवं चयनित वॉलंटियर का सोमवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर राम रतन उच्च विद्यालय ढोरी में लगाया गया। इसमें शहरी क्षेत्र के बूथ संख्या 79 से 142 तक के सरकारी व गैर सरकारी स्कूल के बच्चे शामिल हुए। यहां बेरमो सीओ सह प्रभारी बीडीओ संजीत कुमार सिंह ने कहा कि आगमी 25 मई को लोकसभा चुनाव को लेकर मतदान होना है। इस प्रक्रिया में सभी की सहभागिता सुनिश्चित करने एवं कैरियर को उन्नति देने के लिए भारत निवार्चन आयोजन की ओर से निर्देश प्राप्त हुआ है। इससे 14 से 17 वर्ष के आयु के विद्यार्थियों को मतदान की प्रक्रिया को समझने व सामने से देखने का अवसर प्राप्त होगा। जो जानकारी आपको 18 वर्ष की आयु के बाद मिलनी थी वह 14, 15, 16 व 17 वर्ष की आयु में वॉलंटियर को मिलेगी। इसके लिए उन्हें आईडी कार्ड भी उपलब्ध कराया जायेगा। इस अनुभव को प्राप्त करने के बाद भारत निर्वाचन आयोग की ओर से सभी को प्रमाण पत्र निर्गत किया जायेगा। जो छात्रों के भविष्य में काम आयेगा। वहीं प्रशिक्षक सुनील कुमार व सोनूकांत वर्मा ने बताया कि बेरमो प्रखंड के सभी 142 बूथों पर चार-चार छात्र वॉलंटियर के रूप में रहेंगे। जो बूथ में आने वाले मतदाताओं को लाइन में लगवाने, दिव्यांग व वृद्ध मतदाताओं को पहले मतदान करवाने, मतदाताओं को पानी, ओआरएस उपलब्ध कराने सहित मतदान प्रक्रिया में सहयोग करेंगे।

# रामनवमी को लेकर अखाड़ा समिति की बैठक संपन्न

संवाददाता

**कथारा।** कथारा चार नम्बर स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में रामनवमी अखाड़ा समिति की बैठक समिति के काशी गोप की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें समिति के सदस्यों व अखाड़ा प्रमुखों के अलावा क्षेत्र के कई गणमान्य लोगों ने भाग लिया। बैठक में प्रमुख रूप से काशी गोप, विजय यादव, राजेश पांडेय, गोबिन्द यादव, रवि कुमार, देवेंद्र यादव, चंद्र देव यादव, बबलू यादव, मणिलाल सिंह, भुवनेश्वर रजवार, मिथिलेश रजवार राजेश रजवार मनोज रजवार कुलेश्वर यादव व रामचंद्र सिंह यादव मौजूद थे। बैठक का संचालन विजय यादव



ने किया। बैठक में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनवमी महोत्सव के अवसर पर अखाड़ा सह शोभायात्रा निकालने पर गहन विचार विमर्श किया गया। सर्वसम्मति से भव्य शोभायात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। बैठक में कथारा के अधिक से अधिक सनातनी इस शोभा यात्रा में शामिल हों, इसको लेकर जागरूकता लाने पर चर्चा की गई।

समिति के सक्रिय सदस्य बाजार में घूम घूम कर सभी से यह आग्रह करेंगे कि कम से कम आधा दिन 17 अप्रैल को शोभा यात्रा में शामिल हों। मंदिर समिति के सचिव अजय कुमार सिंह ने बताया कि रामनवमी का अखाड़ा वर्षों से लगातार आयोजित किया जा रहा है।

रामनवमी महोत्सव के अवसर पर शोभा यात्रा-सह-अखाड़ा अपराहन 3 बजे कथारा चार नम्बर दुर्गा मंदिर परिसर से निकाल कर कथारा दो नम्बर,एक नम्बर, कथारा मोड़ होते हुए कथारा मोड़ दुर्गा मंदिर तक जाएगी तथा अखाड़ा का समापन होगा। शोभायात्रा पूरे नगर में भ्रमण करेगी। शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में नौजवान रामभक्त भाग लेंगे। बैठक में उपस्थित गोबिंद यादव ने बताया कि रामनवमी महोत्सव के अवसर पर संपूर्ण कथारा को बजरंगी झंडा से पाट दिया जाएगा। साथ हीं शोभायात्रा में शामिल सभी राम भक्तों का स्वागत करने की व्यवस्था जगह-जगह पर की जायेगी। इस बार कथारा का रामनवमी इतिहास रचने जा रहा है। बैठक में कथारा ओपी के केएन पाठक, लाल यादव, एमएन सिंह, सुरेश ठाकुर, रवि पांडेय, सुजीत मिश्रा, भारत प्रसाद मेहता, देवाशीष आश, रविकांत मेहता, बिंदुचन्द हेम्ब्रम, विजय चौहान, प्रमोद यादव, विजय नायक, संतोष सिन्हा, विक्की लकी सिंह, तालेश्वर ठाकुर सहित दर्जनों राम भक्त उपस्थित थे।

## महावीरी पताका से पटा फुसरो बाजार

संवाददाता

**फुसरो।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के फुसरो बाजार व ग्रामीण क्षेत्र पूरी तरह से राम मय हो गया है। क्षेत्र के फुसरो बाजार मुख्य सड़क मार्ग पर रामनवमी चढ़ते हीं सड़क के दोनों किनारों पर महावीरी पताका से बाजारों को सजा दिया गया है। रामनवमी के दिन होने वाले ध्वजा रोहण को लेकर महावीरी पताका से बाजार पटने लगा है। युवाओं ने शहर के चौक-चौराहों को भगवा पताका व झंड़ा से पाट दिया है। बाजार में भगवा झंडा, पताका, गमछा व टोपी की खुब ब्रिकी हो रही है। लोगों में रामनवमी को लेकर भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। हर तरफ जय श्रीराम और जय हनुमान के नारे गूंज रहे हैं। त्योहार के



दौरान अनहोनी नहीं हो इसके लिए प्रशासन पूरी तरह तैयार है। चौक-चौराहों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम हैं। इधर 16 अप्रैल की शाम केंद्रीय अखाडा करगली बाजार की ओर से रामनवमी का भव्य जुलूस झांकी के साथ निकाला जायेगा। जुलूस करगली बाजार से निकलकर पुराना बीडीओ ऑफिस, फुसरो बाजार होते हुए नया रोड पहुंचेगी। जिसमें हजारों राम भक्त शामिल होंगे।

### धनबाद विधानसभा स्तरीय मासस एवं मायुमो की बैठक संपन्न

# देश की सार्वजनिक संस्थाओं की लूट की खुली छूट : जगदीश




संवाददाता

**धनबाद ।** 15 अप्रैल धनबाद विधानसभा क्षेत्र मासस एवम मायुमों के संयुक्त कार्यकताओं की एक बैठक नरेश पासवान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन मायूमों जिला सचिव राणा चटराज ने की। बैठक में मुख्य रूप से मासस धनबाद के लोकसभा प्रत्याशी जगदीश रवानी उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए मासस प्रत्याशी जगदीश रवानी ने कहा कि आज देश को भाजपा एक नई गुलामी की ओर ले जा रही है। देश के तमाम संपदा एवं सार्वजनिक उद्योगों को कॉरपोरेट कंपनी के हवाले करने के साथ - साथ यहां की संपदा को लूटने की खुली छूट दे रखी है। आज झारखंड को भी नए रूप से शोषण का जरिया बना रहा है। आज देश में सबसे बड़ी समस्या महंगाई, बेरोजगारी व बढ़ती गरीबी है। जिसका निदान भाजपा के पास नहीं है। उन्होंने कहा कि आज कोयलांचल में चाहे माफिया शक्ति हो या लुटेरा, रंगदार हर प्रकार के शोषण के खिलाफ मासस और लाल झंडा लड़ते आयी है। इस चुनाव पर देश के साथ-साथ कोयलांचल का भविष्य निर्भर करता है। इसलिए आम जनता, मजदूर व किसान से आह्वान है कि मासस को अपना व्यापक मतदान देकर सही जनप्रतिनिधि संसद में भेजने का काम करें। जो यहां की मजदूर किसान, छात्र, नौजवान, आम गरीबों की आवाज बनेगी। मुझे विश्वास है कि इस बार मासस एवं लाल झंडा भाजपा के विजय रथ को रोकेगी। बैठक में मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो, सुभाष चटर्जी, विजय पासवान, राकेश सिंह, ललिता देवी, संतोष रवानी, अरविंद तिवारी, मंटू रवानी, भोला ताम्रकार, सुरेश पासवान, राजकुमार रवानी, औरंगजेब खान, मोहम्मद अख्तर, अधिवक्ता कन्हैया कुमार, राजकुमार सिंह, सरफुद्दीन अंसारी, दिलीप भुईया, लालु राय, रियाज अंसारी आदि उपस्थित थे।

# सिन्दरी में उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ चैती छठ का समापन

**व्रतियों ने भगवान भास्कर से सुख-समृद्धि की कामना की**



संवाददाता

**सिन्दरी ।** उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ चार दिवसीय आस्था का महापर्व चैती छठ का समापन हुआ। सिन्दरी अंचल में रांगामाटी ,शहरपुरा सेवन लेक, डोमगढ व बीआईटी तालाबों में व्रतियों ने अपने परिवार व रिश्तेदारों के साथ भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित कर परिवार की सुख-शांति की कामना की। इसके बाद व्रतियों ने ठेकुआ का प्रसाद ग्रहण कर 36 घंटे का निर्जला उपवास तोड़ा। इस दौरान घाट पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने व्रतियों से प्रसाद लिया और उनके पैर छुकर आशीर्वाद लिया। बता दें कि समितियों ने घाटों की साफ-सफाई और साज-सज्जा भी की थी। ताकि व्रतियों को घाट पर किसी तरह की परेशानी ना हो। लोक आस्था का महापर्व है, इसमें व्रती 36 घंटे का निर्जला उपवास रख अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करती हैं। कहा कि छठी मईया सबकी मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं। यह पूजा साल में दो बार मनाया जाता है। पहला चैत्र शुक्ल की षष्टि और दूसरा कार्तिक शुक्ल की षष्टि पर। इस पर्व को लेकर लोगों में काफी आस्था है।

## एक नजर

### प्रभातम मॉल में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान



**धनबाद ।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त धनबाद माधवी मिश्रा के निदेर्शानुसार आसान्न लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त सोमवार को जिला के प्रभातम मॉल में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इसी दौरान प्रभातम मॉल के सभी संचालकों, कर्मचारियों, पर्यवेक्षकों एवं मॉल में आये लोगों के बीच इस कार्यशाला में जागरूकता कार्यक्रम कर मतदाता सूची में निबंध की प्रक्रिया से अवगत कराया गया एवं वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड कराया गया। आगामी लोक सभा आम चुनाव 2024 में सभी लोगों से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गई। साथ हीं वोटर अवेयरनेस फोरम के सदस्यों को मतदाता जागरूकता के विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करने का निर्देश दिया गया। आज के कार्यशाला में नोडल पदाधिकारी द्वारा सभी कर्मचारियों को मतदाता प्रतिज्ञा भी दिलाई गई।

### पारा मेडिकल छात्रों को प्रतिमाह देना होगा 400 रुपए हॉस्टल भाड़ा

**धनबाद ।** एसएनएमएमसीएच के पारा मेडिकल छात्रों के लिए अच्छी खबर है। उन्हें जल्द हॉस्टल मिलने के आसार हैं। मेडिकल कॉलेज की एकेडमिक काउंसिल की बैठक में एमबीबीएस के छात्रों के हॉस्टल शुल्क की तरह पारा मेडिकल छात्रों के हॉस्टल के एवज में भी प्रतिमाह 400 रुपया किराया निर्धारण का निर्णय लिया गया है। शनिवार को प्राचार्य डॉ० ज्योति रंजन प्रसाद की अध्यक्षता में यह बैठक उनके कार्यालय कक्ष में आयोजित की गई थी। बता दें कि धनबाद मेडिकल कॉलेज में पारा मेडिकल छात्र और छात्राओं के लिए अलग अलग हॉस्टल वर्ष 200 से बनकर तैयार है। चार साल से मामला बिजली और सुरक्षा में फंसा था। इसी बीच तीन अप्रैल को छात्र हॉस्टल का ताला तोड़कर उसमें घुस गए थे। प्राचार्य ने एक सप्ताह के अंदर आवंटन का आश्वासन देकर हॉस्टल खाली करवाया था। इसके बाद से मामला हॉस्टल का किराया निर्धारण में फंसा था। इस पर एकेडमिक काउंसिल की बैठक हुई और निर्णय लिया गया। अधिकारियों के अनुसार कुछ औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद हॉस्टल आवंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

### पुलिस ने अवैध कोयला लदा ट्रक पकड़ा

**धनबाद ।** धनबाद से आ रहा अवैध कोयला लदा ट्रक गिरिडीह में पकड़ा गया। डीआईजी सुनील भास्कर को मिली गुप्त सूचना के आधार पर गिरिडीह पुलिस की टीम ने यह कार्रवाई की है। पुलिस ने रविवार को जीटी रोड पर स्थित कुलगो टोल प्लाजा के पास ट्रक को पकड़ा है। जानकारी के अनुसार, पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि जेएच 10 बीएच 3273 नंबर की ट्रक धनबाद से अवैध कोयला लोड कर बनारस की मंडी जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस ने कुलगो टोल प्लाजा के पास चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान पुलिस ने जब ट्रक को रुकने का इशारा किया तो ट्रक चालक भागने लगा। इसके बाद पुलिस टीम की मदद से ट्रक को रोका गया। पुलिस ने ट्रक चालक से कोयले के कागजात की मांग की तो चालक सही कागज नहीं दिखा पाया। जिसके बाद पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया।

### ईएलसी के छात्र छात्राओं ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली



**धनबाद ।** पूर्वी टुंडी क्षेत्र के मतदाताओं को आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के ध्येय को लेकर सोमवार को पूर्वाह्न में विद्यालयों में गठित ईएलसी के छात्र छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के दौरान आम मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित करने की अपील की गई। स्वीप पंपलेट, हैंडबील वितरित किए गए। रैली में नोडल पदाधिकारी, विद्यालय के शिक्षक, प्रधानाध्यापक, स्वीप टीम सहित सभी ईएलसी सदस्य ने भाग लिया। इसके अलावा झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय में ईएलसी के छात्राओं द्वारा स्वीप अंतर्गत विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सभी छात्राओं ने स्लोगन, कविता लिखकर, ड्रॉइंग बनाकर लोगों को मतदान के प्रति प्रेरित किया।

# झारखंड इस्पात हेंसला में प्रोसेस के दौरान चार मजदूर झूलसे

- आनन- फानन में होप में कराया गया भर्ती, मजदूर दहशत में
- पहले भी हों चुकी है भयंकर दुर्घटनाएं, प्रबंधन द्वारा इसे ढाँप दिया जाता है



संवाददाता

**गिद्दी।** गिद्दी-रामगढ़ मुख्य सडक पर हेसला के पास स्थित झारखंड इस्पात स्पोंज प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री में उस वक्त खलबली मच गई। जब सोमवार तकरीबन दोपहर 12 बजे प्रोसेस के दौरान चिमनी में कार्य कर रहे चार मजदूर हजारो डिग्री चिमनी से निकले मलवे के लाल लाल दाने की चपेट में आ गए। जानकारी के मुताबिक घायल मजदूरो में कृष्णा मुंडा जीएम ऑफिस, सुरेश बेदिया महुआटाड़ हेसला, शिवचरण बेदिया पोखरबेड़ा हेसला, भीम अरगड्डा शामिल है। जलते लोहे के लाल लाल दाने लगने से मजदूरों में चीत्कार मच गई। अफरा तफरी के बीच आनन फानन में फैक्ट्री प्रबंधन के द्वारा मजदूरों को होप रांची रोड अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज जारी है। सूत्रों की माने तो चिमनी में प्रक्रिया के दौरान सुरक्षा मानको की अनदेखी के कारण चिमनी उल्टा. जिससे चारों मजदूरों के चेहरे छोड़कर शरीर पर भट्टी के गर्म लोहे के दाने सट गए। हालांकि इस बारे में कोई भी अन्य मजदूर और प्रबंधन के लोग कुछ भी बताने से बच रहे हैं। लेकिन इस बात की क्षेत्र में चचाएं लगातार हो रही है।पहले भी कई ऐसी घटनायें घटित हों चुकी है। परन्तु प्रबंधन द्वारा ऐसी घटना को बाहर आने से रोक लिया जाता है।

## जोगता थाना शांति समिति ने रामनवमी जुलूस पार करवाने को लेकर की बैठक

संवाददाता

**धनबाद ।** रामनवमी अखाड़ा जुलूस को लेकर जोगता थाना शांति समिति ने पहली बार भद्रीचक बस्ती में जाकर बैठक की। रामनवमी जुलूस के लिए यह इलाका अति संवेदनशील माना जाता है। पुलिस यहां से जुलूस गुजारने को लेकर काफी ऐहितायत बरतती है। इस बावत जोगता पुलिस के नेतृत्व में शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से सभी भद्रीचक-भद्रीचक से होकर जुलूस को शांतिपूर्ण तरीके सौहार्दपूर्ण वातावरण में पार करवाने का निर्णय लिया?। इस दौरान दोनो पक्ष के लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं को रखा। तत्पश्चात सभी ने समस्याओं का समाधान करते हुए रामनवमी का पर्व शांतिपूर्ण संपन्न करने का निर्णय लिया। अखाड़ा दलों को शांतिपूर्ण ढंग से पार कराने के लिए दोनो पक्ष को मिलाकर एक कमेटी गठित करने का निर्णय लिया गया। थानेदार राजेश कुमार ने स्पष्ट लहजे में कहा कि उपद्रवी व उदंड लोगो को चिह्नित की जा रही है। किसी भी हाल में कानुन हाथ में लेने वालो को बख्शा नही जाएगा। शांति व्यवस्था में खलल डालने वाले पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर है। आखाड़ा के साथ साथ आसपास इलाके में विडीओ रिकार्डिंग कराया जाएगा। निर्धारित रूट और तय समय पर ही अखाड़ा निकालने का निर्देश सभी को दिया गया। गाइडलाईन का उल्लंघन किसी भी सुरत में बर्दाश्त नही की जाएगी। मौके पर मुख्य रूप से शकील अहमद, इंद्रदेव भुइयां, उत्तम घोषाल, अनसारुल हस, रुस्तम अंसारी, पप्पू खान, शाहीद अंसारी, नौशाद अंसारी, बबलू अंसारी, गोल्डन अंसारी, जगदीश पासवान, शाहजादा अंसारी, बिष्णु चौहान आदि मौजूद थे।

## बीसीसी क्लब बलियापुर की ओर से एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन



संवाददाता

**धनबाद ।** प्लस टू हाई स्कूल मैदान में बीसीसी क्लब बलियापुर की ओर से एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि समाजसेवी सह जिला कांग्रेस नेता एसके सईम ने इस टूर्नामेंट का शुभारंभ फीता काटकर किया। जिसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में शेख रशीद, एस के चांद अहमद एवं शेख अरमान शामिल हुए। बता दें कि इस टूनामेंट में चार टीमों ने भाग लिया।

फर्स्ट राउंड का खेल यानी पहला मैच जूनियर बीसीसी क्लब बलियापुर वर्सेस अब्दुल रहमान क्लब बलियापुर के बीच हुआ। जिसमें बीसीसी ने दस ओवर में 172 रनों का लक्ष्य दिया एवं अब्दुल रहमान क्लब बलियापुर ने 10 ओवर में 163 रन बनाए। सेकंड राउंड का खेल ग्रीन गैलेक्सी क्लब बलियापुर वर्सेस टीम वारियर क्लब बलियापुर के बीच हुआ। जिसमें ग्रीन गैलेक्सी ने 10 ओवर में 150 रन का लक्ष्य दिया। जिसमें ग्रीन गैलेक्सी क्लब 10 ओवर में 81रन बनाया। फाइनल मैच जूनियर बीसीसी क्लब बलियापुर वर्सेस ग्रीन गैलेक्सी क्लब बलियापुर के बीच हुआ। जिसमें बीसीसी टीम के द्वारा 10 ओवर में 157 रन का लक्ष्य दिया गया। जिसमें ग्रीन गैलेक्सी क्लब ने 10 ओवर में मात्र 133 रन बनाए। जूनियर बीसीसी टीम ने 24 रन से जीत हासिल की और ट्रॉफी पर अपना हक जमाया। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के द्वारा फर्स्ट प्राइज सेकंड प्राइस मैन ऑफ द मैच एवं मैन ऑफ द सीरीज टीमों एवं खिलाड़ियों को वितरण कर सम्मानित किया गया। इस टूनामेंट में मुख्य रूप से शेख दिल मोहम्मद, वसीम अकरम, एमडी इस्तिखार, शेख काईम, नवाब, शेख, सहादत ,शेख, कमाल शेख, फहीम आदि उपस्थित थे।

## डॉ0 अम्बेडकर विद्यापीठ स्कूल में देर शाम बाबा साहब की 133 वीं जयंती मनाई गई



संवाददाता

**धनबाद ।** बाबासाहब भीम राव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर रविवार को मैथन मोड स्थित संत रैदास मंदिर सह डॉ० अम्बेडकर विद्यापीठ स्कूल में देर शाम 133 वीं जयंती मनाई गई। उनके तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हे याद किया गया। मौके पर उपस्थित समिति के अध्यक्ष नागेन्द्र कुमार ने कहा कि डॉ० भीम राव अम्बेडकर संघर्ष के बल पर देश-विदेश में अध्ययन कर 33 डिग्रियां हासिल किए थे। भारत का संविधान बनाने में उनका अहम योगदान रहा है। कई देशों के संविधान का अध्ययन कर दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का सबसे वेहतर संविधान देश को समर्पित किया था।

जिसमे सारे लोगो के सामान्य अधिकार व वोट के अधिकार निहित हैं। लेकिन देश के सत्तासीन सरकारों ने लोकतंत्र व संविधान को कमजोर करने का काम किया है। आज चुनावी व्यवस्था को व्यवसाय बना दिया गया है।चुनाव में वोट के अधिकार को खरीद फरोख्त किए जा रहे हैं और जनप्रतिधियों को भी खरीदा जा रहा है। ऐसे में लोकतंत्र व संविधान की बात कहां सुरक्षित है ? इसलिए लोकतंत्र-संविधान की रक्षा हम सब को मिलकर करना होगा और आने वाले चुनाव में लोकतंत्र के रक्षक उम्मीदवार के पक्ष में विचार करना होगा। इस अवसर पर मंदिर सह स्कूल समिति के अध्यक्ष नागेन्द्र कुमार, सचिव अजय चौधरी, लाल बाबू रजक, जगदीश चौधरी, रामजीत राम, शिव राम राम, मोहन भगत, सुखराज राम, तुलसी राम, जितेंद्र शर्मा स्कूल के प्रधानाध्यापक परशुराम रजक, सहायक शिक्षक चन्द्रशेखर आर्य व मुखिया मोहन सिंह यादव, प्रोफेसर कृष्णचन्द्र राम, पिन्टू ठाकुर व दर्जनों लोग शामिल थे।

### रामनवमी को लेकर एसएसपी ने आखाडा दलों के साथ की बैठक,कहा

## पर्व को सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाएं थानेदार को दिया गया दिशा निर्देश



संवाददाता

**निरसा ।** रामनवमी के पर्व को शांति व भाईचारे के साथ मनाने के लिये जिला प्रशासन के साथ पुलिस प्रशासन पूरी तरह चौकस है। पिछले साल हुई छिटपुट घटनाओं के मद्दे नजर सोमवार को वरीय पुलिस आरक्षी अधीक्षक एच पी जनांर्दनन ने निरसा थाने में आखाड़ा दलों के साथ बैठक की। आखाड़ा दलों की बातें सुनी। आखाड़ा दलों के सदस्यों शिव कुमार दारूका, मधुरेन्द्र गोस्वामी व ब्रजेन्द्र गोस्वामी ने एसएसपी को आश्वस्त किया कि निरसा की जनता भाईचारे के साथ सभी धर्मों के पर्व को मनाती है। निरसा एक मिसाल है। एसएसपी एच पी जनार्दनन ने अखाड़ा दलों को आश्वस्त किया कि आप सब सौहार्दपूर्ण वातावरण में रामनवमी पर्व मनाए। हर अखाड़ा के साथ पुलिस बल साथ रहेगा। अखाड़ा ससमय निश्चित रूट से हीं निकालें, डीजे व अश्लील गाने न बजाएं जिससे किसी कि किसी की भावना को ठेस पंहुंचे। जो ऐसा करेगा निश्चित रूप से करवाई होगी। उन्होंने कहा कि बिना किसी समस्या के आपलोग रामनवमी पर्व मनाएं। अगर कोई समस्या है या आती है तो निःसंकोच पुलिस को जानकारी दें। ततपश्चात निरसा थाना प्रभारी मनजीत कुमार को दिशा निर्देश भी दिया। बैठक में ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, निरसा पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी एसडीपीओ रजत माणिक बाखला, चिरकुंडा इंस्पेक्टर सुनील सिंह, निरसा थाने के पुलिस अधिकारी एवं अखाड़ा दलों के शिव कुमार दारूका, गुरमीत सिंह, बीरेंद्र तिवारी, रविन्द्र गोयल, मधुरेन्द्र गोस्वामी,मुरली साव, अशोक साव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### ड्रोन कैमरे से रखी जायेगी नजर : एसडीपीओ

**धनबाद ।** कतरास थाना में कतरास इलाके के अखाड़ा दलों के साथ पुलिस ने बैठक की। अध्यक्षता करते हुए बाघमारा एसडीपीओ आनंद मिंज ने कहा कि डीजे पर पाबंदी है। जुलूस रूट पर विशेष ध्यान देने के साथ जुलूस का वीडियो ग्राफी के साथ समय का अखाड़ा दलों के पदाधिकारियों को सुनिश्चित करना होगा। एसडीपीओ ने कहा कि अखाड़ा जुलूस पर ड्रोन कैमरे से भी नजर रखी जायेगी। कतरास थानेदार असित कुमार सिंह ने कहा कि हर अखाड़ा दल अपने बीस सदस्यों का नाम उपलब्ध कराये। पुलिस उन सभी को प्रमाण पत्र उपलब्ध करायेगी। कहा कि अखाड़ा दल यह सुनिश्चित करे कि जुलूस में कोई भी सदस्य नशे में नही रहेगा। जुलूस में कोई अश्लील गीत नहीं बजाया जायेगा। बैठक सभी अखाड़ा दल के सदस्य व पुलिस कर्मी मौजूद थे। बता दें कि कतरास इलाके में दस लाइसेंसी व सात गैर लाइसेंसी अखाड़ा दल अपने खेल का प्रदर्शन रामनवमी में करते हैं।

## राजगंज की कलश यात्रा में शामिल हुए नीलकंठ रवानी



संवाददाता

**धनबाद ।** रामनवमी महोत्सव सह श्री श्री चैती दुर्गोत्सव पूजन को लेकर कलश शोभा यात्रा ने पुरे राजगंज बाजार में भ्रमण किया। सुबह धावाचिता के जोरिया से सैकड़ों महिलाएं व युवतियों के साथ भव्य क्लश यात्रा निकाली गयी। हजारों युवतियां ढोल नगाड़े के साथ अपने माथे पर जय श्रीराम की पट्टी व लाल चुनरी धारण कर कलश लेकर चल रही थी। क्लश यात्रा के सबसे आगे राजगंज बजरंग बली दल के अध्यक्ष प्रमोद चौरसिया, सचिव अजय दे , उपाध्यक्ष संदीप अग्रवाल, मुख्य यजमान सुबोध चौरसिया व धर्म पत्नी मुखिया वंदना बारुई, भाजपा ग्रामीण धनबाद जिला के मिडिया प्रभारी नीलकंठ रवानी, आशिष अग्रवाल, शुभकंर राय, सुशील चौरसिया,संतराम भगत , खुशबू अग्रवाल , पीताम्बर कुटरियार , सुनिल साव , अजय चौरसिया , हरि विश्वकर्मा , कौशल्या देवी , नंदु चौधरी , संजय राम माहुरी , हनुमान गोयल , संतोष अग्रवाल , निखिल दत्ता , सुधीर विश्वकर्मा , राघव मुंशी ,पिंटु दे , पंकज दास सहित हजारों लोग चल रहे थे।

## सुभाषितम्

**शाश्वत शांति की प्राप्ति के लिए शांति की इच्छा नहीं बल्कि आवश्यक है इच्छाओं की शांति। - स्वामी ज्ञानानंद**

## स्वर्ग नहीं बनता घोषणा पत्रों से....

अठारहवीं लोकसभा केलिए मतदान से पांच दिन पहले आखिरकार भाजपा का भी चुनावी घोषणा पत्र भी आ गया। कांग्रेस, सपा,राजद और बसपा के अलावा दीगर राजनीतिक दलों के चुनावी घोषणा पत्र पहले ही आ चुके है। फिलहाल हर दल अपने चुनावी घोषणा पत्र को सर्वश्रेष्ठ बता रहा है, लेकिन जनता के लिए इसमें से सर्वश्रेष्ठ चुनना आसान नहीं है, क्योंकि हर दल का चुनावी घोषणा पत्र स्वर्ग को जमीन पर उतार लाने की बात करता है। आजतक किसी भी राजनीतिक दल ने जिस चुनावी घोषणा पत्र के आधार पर वोट मांगे उसे पूरा नहीं किया। दुर्भाग्य से देश में चुनाव घोषणा पत्रों का इतिहास नहीं लिखा गया। लिखा इसलिए नहीं गया क्योंकि सब इसे झूठ का पुलिंदा मानते आये। वैसे ये एक दिलचस्प विषय हो सकता है। ये जानने की बहुत जरूरत है कि 1952 से लेकर 2024 तक 72 साल में इन चुनावी घोषणा पत्रों पर किस पार्टी ने कितना अमल किया और किसने नहीं? कम से कम बारह लोकसभा चुनावों के घोषणा पत्र तो मेरी स्मृति में हैं। सवाल ये है कि क्या राजनीतिक पार्टियों के घोषणा-पत्र चुनाव के पहले, उसके दौरान और उसके बाद कोई सार्थक भूमिका निभाते हैं? क्या वे लोगों को पेश किए जाने वाले पार्टी के विचारों, नजरिए और कार्यक्रमों का शक्तिशाली प्रतीक होते हैं या केवल सांकेतिक भर होते हैं? अधिकांश मतदाता मतदान करने से पहले घोषणा-पत्र पढ़ने की जरूरत ही नहीं समझते। देश में ज्यादातर घोषणा-पत्रों को कूड़ेदान में फेंक दिया जाता है। मजे की बात ये है कि कचरा होने के बावजूद घोषणा-पत्र पार्टियों की भावी योजना, मुख्य मुद्दों पर कार्यक्रमों और वैचारिक नजरिए को उजागर करने के लिए एक महत्वपूर्ण चोचला बने हुए हैं, हाल के दिनों में भाजपा ने कांग्रेस के घोषणा पत्र को मुस्लिम लीग से प्रभावित घोषणा पत्र बताया तो भाजपा के घोषणा पत्र को लेकर कमोवेश ऐसी ही टिपण्णियां की जा रहीं है। कुछ तो भाजपा के घोषणा पत्र से बेहतर घोषणा पत्र राष्ट्रीय जनता दल के घोषणा पत्र को बता रहे हैं। एक अच्छी बात ये है कि इस रूखे यानि शुष्क विषय पर सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च ने अध्ययन का एक तरीका निकाला है, जिसमें कांग्रेस, भारतीय जनता पार्टी और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी-मार्क्सवादी (सीपीआई-एम) के 1952 से लोकसभा चुनावों के घोषणा पत्रों का जायजा लिया गया। अध्ययन में 1980 के पहले बीजेपी के बदले भारतीय जनसंघ और 1971 के पहले सीपीआई-एम के बदले भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के घोषणा-पत्रों पर गौर किया गया है। ये तीन पार्टियां भारतीय राजनीति की वैचारिक दायरे का प्रतिनिधित्व करती हैं और अध्ययन में उन मुद्दों के उभरने पर गौर किया गया, जो भारतीय लोकतंत्र के लिए मायने रखते हैं। इस अध्ययन में स्वतंत्र कोडिंग करने वालों और शोधकताओं की एक बड़ी टीम 'शब्द गणना' के जरिए गणना योग्य पैमाने पर पहुंची है, यानी घोषणा-पत्र में किसी मुद्दे पर कितने शब्द लिखे गए हैं। इस मकसद से सात बड़े मुद्दों की पहचान की गई है। घोषणा पत्रों में राष्ट्रीय सुरक्षा, राजनीतिक काबिलियत, राजनीतिक तंत्र, सामाजिक तानाबाना, आर्थिक योजना, कल्याणकारी कार्यक्रम, और विकास और इंफ्रास्ट्रक्चर तक को शामिल किया जाता रहा है। अब तो घोषणा पत्र गारंटी पत्र बन चुके है। सत्तारूढ़ भाजपा के साथ कांग्रेस ने भी मतदाताओं को गारंटियां दी है। लेकिन किसी भी दल की गारंटी किसी कानून के दायरे में नहीं आती। भाजपा की गारंटी भाजपा की नहीं मोदी की गारंटी है,ऐसे ही कांग्रेस की गारंटी राहुल की नहीं कांग्रेस की गारंटी है। एक गारंटी पर व्यक्ति का नाम है तो एक पर पार्टी का। आपको बता दूं कि 1952 से घोषणा-पत्रों का अध्ययन देश के पहले चुनाव से राजनीति, अर्थव्यवस्था और समाज के ढांचे में आए गहरे बदलावों की भी मोटी तस्वीर पेश करता है। चुनाव घोषणा-पत्र भले भुलाए जा सकते हैं, मगर वे अपनी ऐतिहासिक छाप छोड़ जाते हैं। घोषणा पत्रों के विश्लेषण से पता चलता है की तीनों राजनीतिक संगठनों के सभी घोषणा-पत्रों में आर्थिक योजना, कल्याणकारी कार्यक्रमों और विकास व इंफ्रास्ट्रक्चर को काफी महत्व दिया है।

### चिंतन-मनन

## संयम से जीवन की उन्नति

कार्तिय माहात्म्य प्रवचनों में पं. रामनिवास ब्रजवासी जी ने कहा शरद ऋतु में की जाने वाली उपासनाओं से जहां चंद्र किरणों से प्राप्त होने वाले अमृत तत्व से देह का सिंचन होता है, वहीं सूर्य की रश्मियों की प्रचुर ऊर्जा से उस अमृत तत्व की शरीर में स्थिरता होती है इसीलिए कार्तिक मास में प्रात पवित्र नदियों में स्नान कर भगवान विष्णु शालीग्राम स्वरूप की पूजा की जाती है। इन दिनों ब्रजवासी जी कार्तिक माहात्म्य के माध्यम से श्रद्धालुओं को उपदेश दे रहे हैं। उन्होंने कहा भगवान विष्णु के सहस्रनाम का पाठ करने से मनुष्य के जीवन में संयम एवं धर्म में चलने की प्रेरणा मिलती है। जीवन को उन्नत बनाने में संयम का बहुत महत्व है। संयमी व्यक्ति कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य को नहीं छोड़ता। शालिग्राम पूजन में पंचामृत का महत्व बताते हुए उन्होंने कहा गाय का दूध, दही, घी व शहद और शक्कर से शालिग्राम भगवान का अभिषेक करना चाहिए। वस्तुतः इन पांचों का मंत्रोच्चारण के साथ मिल जाना ही पाँच प्रकार के अमृतों का मिलना है। इसमें तुलसीदल डाल देने के बाद यह चरणामृत बन जाता है जिसका प्रसाद में ग्रहण कर लेने पर सभी प्रकार की आधियाँ-व्याधियाँ अर्थात मानसिक रोग तथा शारीरिक रोग दूर हो जाते हैं। हमारी उपासना विधियाँ जहाँ मनुष्य को धार्मिक बनाती है वही शारीरिक-मानसिक रूप से स्वस्थ भी बनाती है।

## आज का राशिफल

**मेष :** अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे।
**वृष :** महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। रुकावटें आएंगी। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे।
**मिथुन :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।
**कर्क :** सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी।
**सिंह :** अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी।
**कन्या :** कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे।
**तुला :** पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा।
**वृश्चिक :** दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा।
**धनु :** संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा।
**मकर :** मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहें। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। धार्मिक कार्य में समय व्यय होगा।
**कुंभ :** स्वास्थ्य में ताजगी बनी रहने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शुभ कार्यों
**मीन :** सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी।

# जनसाधारण को समर्पित है 'मोदी की गारंटी'



डॉ. सौरभ मालवीय

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने व्यक्तित्व एवं कृतित्व से भारतीय राजनीति में अपनी एक ऐसी पहचान स्थापित की है जिसका कोई अन्य उदाहरण दिखाई नहीं दे रहा है। उन्होंने भाजपा को निरंतर दस वर्ष केंद्र की सत्ता में बनाए रखा। भाजपा की प्रायः सभी पुरानी घोषणाओं विशेषकर अयोध्या में राम जन्मभूमि पर राम मंदिर का निर्माण, जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाने, नागरिक संशोधन अधिनियम, तीन तलाक, लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को एक तिहाई सीटों पर आरक्षण देने आदि को पूर्ण करके यह सिद्ध कर दिया है कि भाजपा की कथनी एवं करनी में कोई अंतर नहीं है। इसीलिए भाजपा ने लोकसभा चुनाव 2024 के घोषणा पत्र को 'भाजपा का संकल्प-मोदी की गारंटी' नाम से जारी किया है। इस संकल्प पत्र की एक विशेष बात यह भी है कि इसमें भाजपा ने जनता से कोई लुभावना वादा नहीं किया है। भाजपा का संपूर्ण ध्यान जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने एवं विकास पर है। इसमें स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार एवं विकास पर विशेष बल दिया गया है। वास्तव में यह संकल्प पत्र युवाओं, महिलाओं, किसानों एवं निर्धन वर्ग पर केंद्रित है।

इस संकल्प पत्र में जनता को मोदी की गारंटी दी गई है। गरीब परिवारों की सेवा- मोदी की गारंटी, मध्यम-वर्ग परिवारों का विश्वास, नारी शक्ति का सशक्तिकरण, युवाओं को अवसर, वरिष्ठ नागरिकों को वरीयता, किसानों का सम्मान, मत्स्य पालक परिवारजनों की समृद्धि, श्रमिकों का सम्मान, एमएसएमई, छोटे व्यापारियों और विश्वकर्माओं का सशक्तिकरण, सबका साथ सबका विकास, विश्व बंधु भारत, सुरक्षित भारत, समृद्ध भारत, ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब बनेगा भारत, विश्वस्तरीय इन्फ्रास्ट्रक्चर, ईज ऑफ लिविंग, विरासत भी विकास भी, सुशासन, स्वस्थ भारत, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, खेल के विकास, सभी क्षेत्रों के समग्र विकास, तकनीक एवं नवाचार तथा पर्यावरण अनुकूल भारत-मोदी की गारंटी सम्मिलित है।

इसमें दो मत नहीं है कि प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा की वे पुरानी घोषणाओं को पूर्ण किया, जिन्हें पूर्व की सरकारों ने विवादास्पद बना रखा था। वे सरकारें इन विषयों को स्पर्श भी नहीं कर पा रही थीं। उन्हें लगता था कि ऐसा करने से उनका 'वोट बैंक' उनसे छिन जाएगा। शाहबानो प्रकरण में कांग्रेस पीड़ित वृद्ध महिला का साथ देने की बजाय उसके पति के साथ खड़ी हो गई। यद्यपि उसने अपनी वृद्ध पत्नी पर अत्याचार करते हुए उसे तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया था। कट्टरपंथियों के दबाव में कांग्रेस झुक गई। परिणामस्वरूप तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने संसद में विधेयक पास करवाकर शाहबानो जैसी महिलाओं के लिए समस्याएं खड़ी कर थीं। किन्तु यह मोदी का दृढ़ संकल्प ही था कि उन्होंने मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक के अभिशाप से छुटकारा दिलाने के लिए कानून बनाया। उन्होंने ऐसे अनेक कड़े निर्णय लिए। वे किसी भी दबाव के आगे नहीं झुके। इसमें तनिक भी संदेह नहीं है कि नरेन्द्र मोदी जैसा मजबूत प्रधनामंत्री ही देश को आगे लेकर जा सकता है।

अभी देश में 'समान नागरिक संहिता' लागू करने का प्रकरण लंबित है। इस संकल्प पत्र के सुशासन की मोदी की गारंटी के द्वितीय बिंदु में कहा गया है कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 44 में समान नागरिक संहिता राज्य नीति के निर्देशक सिद्धांतों के रूप में दर्ज की गई है। भाजपा का मानना है कि जब तक भारत में समान नागरिक संहिता को अपनाया नहीं जाता, तब तक महिलाओं को समान अधिकार नहीं मिल सकता। भाजपा सर्वश्रेष्ठ परंपराओं से प्रेरित समान नागरिक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसमें उन परंपराओं को आधुनिक समय की जरूरतों के मुताबिक ढाला जाए। इसमें तनिक भी संदेह नहीं है कि यदि भाजपा को तृतीय बार केंद्र में सत्ता में आने का अवसर मिल जाता है तो वह अपने इन वादों को भी पूर्ण करेगी।

भाजपा ने कहा है कि हमारा सुशासन का मूल मंत्र है। हमने पिछले दशक में अपनी नीतियों, तकनीकी के उपयोग और सरल प्रक्रियाओं के माध्यम से देश में सुशासन के नए आयाम कायम किए हैं। हम नागरिक और सरकार के बीच संबंध को निरंतर बेहतर बनाने के लिए संस्थागत सुधार करते रहेंगे और तकनीकी के सही उपयोग से सभी प्रक्रियाओं को सरल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे। इस संकल्प पत्र में मोदी के दस वर्ष के शासनकाल में हुए कार्यों का आंकड़ों के साथ उल्लेख किया गया है। यद्यपि कोई भी सरकार अपनी पिछले पांच वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों का उल्लेख करती है, परंतु भाजपा ने दस वर्षों के कार्यों का उल्लेख किया है। भाजपा अपने चुनाव प्रचार में दस वर्ष की उपलब्धियों के आधार पर ही जनता से समर्थन मांग रही है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पिछले दस साल में हमने समय के हर पल को जनकल्याण के लिए समर्पित करने का प्रयास किया है। पिछले एक दशक में देश आमूलचूल बदलावों का साक्षी बना है। एक तरफ देश तेजी से प्रगति के पथ पर बढ़ा है तो वहीं देशवासियों के मन में भी एक सकारात्मक बदलाव हुआ है। बड़े लक्ष्य तय करके उसे हासिल करने की धारणा मजबूत हुई है। उन्होंने दावा किया कि पिछले दस साल में हम 'फ्रेजाइल-5' अर्थव्यवस्था से 'टॉप-5 अर्थव्यवस्था' बन चुके हैं। देश के अर्थतंत्र में हुए इस बदलाव का सबसे बड़ा लाभ उन देशवासियों को मिला है, जो वाकई जरूरतमंद हैं। इस बदलाव का सबसे बड़ा लाभ समाज के गरीब, वंचित और मध्यम वर्ग को मिला है। सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास-सबका प्रयास केवल हमारा नारा ही नहीं, बल्कि हमारी प्रतिबद्धता है।

उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। दशकों से बुनियादी जरूरतों की पूर्ति से वंचित रहे इन 25 करोड़ लोगों का जीवन स्तर बहुत बेहतर हुआ है। यह गरीबों के खिलाफ हमारी लड़ाई की जीत है। आज ऐसे लोगों तक न सिर्फ आवास, गैस कनेक्शन, शौचालय की सुविधाएं पहुंच रही हैं, बल्कि उससे कहीं आगे नए दौर के ऑप्टिक फाइबर कनेक्शन, डिजिटल समाधान और ड्रोन तकनीक इत्यादि भी इनके अपने हाथों में है।

# विकास और विरासत का बेहतरीन संतुलन 'मोदी की गारंटी' में



डॉ. राघवेंद्र शर्मा

देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'भाजपा का संकल्प पत्र-मोदी की गारंटी' नाम से जारी चुनाव घोषणा पत्र प्रस्तुत कर जहां एक ओर मतदाताओं के हृदय को स्पर्श करने में सफलता प्राप्त की है, वही विरोधियों के मुंह पर ताले जड़ दिए हैं। सभी प्रकार की आशंकाओं को परे रखते हुए उन्होंने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि 04 जून के बाद इस गारंटी पर एक्शन प्लान शुरू कर दिया जाएगा। उनका यह कथन कि जिन्हें कोई नहीं पूछता उन्हें हम पूजते हैं यह प्रमाणित करता है कि यह संकल्प पत्र सुविधा की दृष्टि से अंतिम पायदान पर खड़े दरिद्र नारायण के लिए भी संभावनाओं के नए द्वार खोलता है। साथ ही यह भरोसा दिलाता है कि आम मतदाता को इस पर विश्वास करने में किसी भी प्रकार की शंका नहीं करनी चाहिए। ऐसा सोचने के लिए एक तर्क यह भी है कि अपने स्थापना काल से ही भारतीय जनता पार्टी जिन मुद्दों को लेकर संघर्ष करती आई है, सत्ता में आते ही उन्हें पूरा करने में किसी प्रकार का संकोच नहीं दिखाया है।

किसने सोचा था कि हम कभी कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटते हुए देख पाएंगे। लेकिन भाजपा की मोदी सरकार ने यह करिश्मा तब कर दिखाया जब विरोधियों ने दावे किए थे कि ऐसा करने पर देश में भारी बवाल पैदा होगा, एक प्रकार से देश जल ही उठेगा। पूरे 500 साल हुए, जब से लाखों लोगों ने अयोध्या की श्रीराम जन्मभूमि को स्वतंत्र करने के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। मुगल तो हमारे दुश्मन और विदेशी लुटेरे थे। अतः उनका मंदिर तोड़कर मस्जिद बनाना समझ में आता है। लेकिन आजाद भारत में हमारे देश की, हमारी अपनी धर्मनिरपेक्ष सरकारें राम जन्मभूमि स्वतंत्रता आंदोलन में अड़ंगे पैदा करती रहीं। अदालत में भगवान श्रीराम को इन्हीं सरकारों से संबंधित वकीलों ने कपोल कल्पित कहने में शर्म महसूस नहीं की। अयोध्या की सड़कें कार सेवकों के खून से लाल कर दीं और सरयू का पानी रक्त रंजित कर दिया। किंतु जैसे ही भाजपा सरकार में आई और मंदिर समर्थकों को अपना पक्ष रखने का अनुकूल वातावरण मिला, वैसे ही सर्वोच्च न्यायालय द्वारा श्रीराम जन्मभूमि स्वतंत्र होने की घोषणा कर दी गई। आदेश सामने आते ही भाजपा शासित मोदी सरकार ने पल भर की देर नहीं लगाई और भव्य श्रीराम मंदिर का केवल शिला पूजन ही नहीं किया, वरन भगवान की भव्यतम प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा भी करके दिखा दी। भाजपा का तीसरा संकल्प समान नागरिक संहिता का था। वह भी उसने उत्तराखंड के रास्ते स्थापित करने का प्रण उजागर कर दिया है। अब जो संकल्प पत्र प्रधानमंत्री मोदी द्वारा 14 अप्रैल को पढ़ा गया है, उसमें वादा किया गया है कि अगले कार्यकाल में हम समान नागरिक संहिता भी लागू करने जा रहे हैं। आशय स्पष्ट है भाजपा के तीन प्रमुख संकल्प थे। इनमें से पहले कालखंड में अनुच्छेद 370 को हटाया जाना समाहित माना जाए, तो दूसरे कालखंड की सौगात अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर को माना जा सकता है। जब भाजपा शासन के दो कालखंडों में अपने दो महत्वपूर्ण और असंभव से प्रतीत होने वाले संकल्प पूरे कर चुकी है, तब मतदाता को यह भरोसा करना ही चाहिए कि अब जब जनता भाजपा को तीसरे कालखंड का जनादेश देने जा रही है तब वह अपना तीसरा संकल्प समान नागरिक संहिता का भी पूरा करके दम लेगी।

इसी के साथ यह स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि विरोधी लोग अपनी हार को सम्मुख देखते हुए भाजपा पर आरोप लगा रहे हैं कि वह केवल मंदिरों और देवलोकों की बात करके देश को भरमा रही है। जबकि सच यह है कि भारतीय जनता पार्टी तथा उसके द्वारा शासित विभिन्न प्रदेशों की सरकारें व केंद्र की मोदी सरकार ₹विकास और विरासत₹ को साथ लेकर नए भारत का ताना-बाना बुन चुकी हैं। उदाहरण के लिए जहां अयोध्या के श्रीराम मंदिर, वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर, दक्षिण भारत की पवित्र सैंगोल, मध्य भारत के महाकाल लोक, पश्चिमी भारत की द्वारकापुरी और पूर्वी भारत में मां काली के विराट प्रादुर्भाव की बातें की जाती हैं तो उन्हें साकार भी किया जाता है। इसी हमारे देश की सनातन विरासत को सहेजने का क्रम माना जाना चाहिए।

जहां तक विकास की बात है तो अब भारत में सुरक्षा का क्षेत्र आत्मनिर्भर हो चला है। औद्योगिक क्षेत्र में वैश्विक स्तर के बड़े-बड़े निर्माण मेकिंग इंडिया के तहत हमारे देश में ही हो रहे हैं। वंदेभारत के रूप में अत्याधुनिक ट्रेनों की व्यापक श्रृंखलाएं पूरे देश के यातायात को सुगम कर रही हैं। राष्ट्रीय नेशनल मार्गों की फोरलेन सिक्स लेन और अब आठ लेनों वाली श्रृंखलाएं तथा आश्चर्यचकित कर देने वाले फ्लाईओवर ब्रिज विकसित देशों को पीछे छोड़ चुके हैं। चीन और पाकिस्तान से सटे हुए सीमांत प्रदेशों में मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर दुश्मनों को चुनौती दे रहा है। देश के अधिकांश भागों में विद्युत आपूर्ति अब सहज सुलभ तथा अनेक प्रांतों में सरप्लस हो चुकी है। फलस्वरूप एक दशक पहले जब अत्यावश्यक कार्यों के लिए भी विद्युत उपलब्ध नहीं हो पाती थी, अब वहां लाखों इलेक्ट्रॉनिक वाहन सरप्लस बिजली से रिचार्ज होकर विदेशी ईंधन से मुक्ति पा रहे हैं।

यही नहीं, अब बिजली बिल जीरो करने की कवायद का भी ऐलान हुआ है। जिसके तहत पीएम सूर्य योजना में एक करोड़ रजिस्ट्रेशन किए जा चुके हैं। 24 जून के बाद इस मामले में गति और तेज होने जा रही है, जिससे हम खुद बिजली उत्पादक बनेंगे। अपने उपयोग की बिजली इस्तेमाल करने के बाद जो बचेगी उसे सरकार को बेच भी पाएंगे। यानी आम के आम गुठलियों के दाम। कोरोना के बाद जहां अनेक देशों की अर्थव्यवस्था पटरी से उतर गई। वहां लोग रोटी के लिए भी मोहताज हो गए। तब भारत की भाजपा शासित मोदी सरकार ने न केवल वैक्सीनेशन का कीर्तिमान बनाया बल्कि वह दूसरे देशों को भी उपलब्ध कराई। इसके बावजूद भी अपनी अर्थव्यवस्था पर नियंत्रण बनाए रखा। कांग्रेस ने 70 के दशक में गरीबी हटाओ का नारा दिया था। जबकि सच्चाई यह है कि इस पार्टी ने और इसके अन्य धर्मनिरपेक्ष साथी दल अपनी और अपने शीर्ष परिवारों की अमीरी बढ़ते रहे। जबकि भाजपा शासित मोदी सरकार ने चार करोड़ परिवारों को प्रधानमंत्री आवास मुहैया कराए। 80 करोड़ लोगों को मुफ्त भोजन की व्यवस्था सुनिश्चित की और तन ढकने के लिए कपड़े को भी मूल्य की दृष्टि से नियंत्रण में बनाए रखा। इस प्रकार रोटी, कपड़ा और मकान की जो संकल्पना थी उसे व्यवस्थित कर दिखाया। सोने पर सुहागा यह कि नए संकल्प पत्र में प्रधानमंत्री मोदी ने 3 करोड़ प्रधानमंत्री आवास अतिरिक्त बनाने का संकल्प जाहिर कर दिया है।

# लोकसभा चुनाव में मर्यादा लांघते नेताओं के बयान



सुरेश हिन्दुस्तानी

देश में लोकसभा चुनाव प्रचार में राजनीतिक दलों में बयानों की आंधी सी चल रही हैं। ऐसे में सभी राजनीतिक दल अपने आपको आम जनता का हितैषी सिद्ध करने का प्रचार कर रहे हैं। इन बयानों में कहीं-कहीं राजनीति की मयार्दा का भी उल्लंघन भी होता दिख रहा है। चुनाव प्रचार के दौरान सभी दल अपने-अपने हिसाब से ढोल पीटकर जनता को अपने पाले में लाने की कवायद कर रहे हैं। राजनीतिक दलों के बयान सुनने में अप्रमाणिक से लगते हैं। अभी बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की बेटी मीसा भारती ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लेकर जो बयान दिया है, वह उनकी राजनीतिक मजबूरी हो सकती है, लेकिन यह भी सही है कि इस बार के चुनाव में विपक्ष, सत्ता पक्ष पर किसी प्रकार का ठोस आरोप नहीं लगा पा रहा है। जहां तक चुनावी चंदे के भ्रष्टाचार की बात है तो इस खेल में सभी दल शामिल हैं। कहने का तात्पर्य है राजनीति में जो सुना जाता है, वह होता नहीं है। परदे पर कुछ और दिखाने का प्रयास करते हैं, वास्तविकता कुछ और होती है। कौन नहीं जानता कि विपक्ष के कई नेता भ्रष्टाचार के आरोप में जमानत पर हैं। ऐसे में बयान देने से पहले नेताओं को अपने गिरेबां में झांक कर भी देख लेना चाहिए। वर्तमान में एक और बात महत्वपूर्ण यह भी है कि राजनीतिक दल धरातल पर बाहुबल और धनबल के सहारे चुनाव जीतने का प्रयत्न करते हैं। जबकि यह सब इतनी सावधानी से किया जाता है कि दिखाई नहीं देता, लेकिन आम जनता को यह मालूम है कि वास्तविकता क्या है। सारे चुनाव की छिपी हुई हकीकत यही है कि चुनाव में पैसा पानी की तरह प्रवाहित किया जाता है? जो लोग पैसे की भाषा नहीं समझते, उन्हें समझाने के दूसरे तरीके अपनाए जाते हैं, यानी बाहुबल का सहारा लिया जाता है। हालांकि इस सत्य को राजनेता इतनी सफाई से करते हैं कि कोई भी संस्था इसे सिद्ध नहीं कर सकती?

वर्तमान में एक नई प्रकार की राजनीति का उदय हुआ है, उसके अंतर्गत अपने दल की कार्यप्रणाली का या कहा जाए कारगुजारियों का बखान कम, दूसरे दलों की छीछालेदर करना ज्यादा ही देखने में आ रहा है। इस प्रकार का खेल कांग्रेस सहित विपक्षी दल की ओर से कुछ ज्यादा ही चल रहा है। कारण साफ है कि कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल भ्रष्टाचार के बारे में ज्यादा बोल नहीं सकती। क्योंकि कांग्रेस की सरकार में मंत्रियों और कांग्रेसी नेताओं ने जिस प्रकार से भ्रष्टाचार के कारनामे किए, उससे देश को करोड़ों का नुकसान हुआ। आज देश पर जो आर्थिक बोझ आया है, उसके पीछे के कारणों में यह भ्रष्टाचार एक है।

आज की राजनीति को देखकर सहज ही यह कहा जा सकता है कि राजनीतिक बयान मयार्दा को लांघ रहे हैं। विपक्ष की ओर से आधारहीन तर्क किए जा रहे हैं। कोई लोकतंत्र को बचाने की राजनीतिक बयानबाजी कर रहा है तो कोई संविधान बचाने का प्रहसन कर रहा है। खास बात यह है कि यह सब वे लोग कर रहे हैं जो भ्रष्टाचार समाप्त करने के कहकर भ्रष्टाचार करते रहे हैं। लालू प्रसाद यादव पर भ्रष्टाचार का आरोप सिद्ध हो चुका है, लेकिन उनकी बेटी प्रधानमंत्री पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा रही है।

वर्तमान में भारत की राजनीति में प्रतिद्वंद्व छिड़ा हुआ है। राजनीति में जिस प्रकार का वाद प्रतिवाद चल रहा है वह या तो मूर्ख बनने की प्रक्रिया का हिस्सा है या फिर मूर्ख बनाने की। अब आज के हालात में कौन मूर्ख बनता है और कौन बनाता है, यह भविष्य के गर्भ में छिपा है। जैसे ही समय की सीमा पूरी हो जाएगी, इसके पीछे का अर्थ सामने आता चला जाएगा। आज हमारे देश की राजनीति में नेताओं के कई रूप देखने को मिल जाते हैं, यानी जैसी स्थिति होती है नेता लोग अपने को वैसा ही प्रचारित करने लग जाते हैं। इसको और व्याख्या करके कहा जाए तो तर्कसंगत ही होगा कि हमारे नेता बहुरूपिया बन जाते हैं और भारत देश की भोली भाली जनता उनके इस नकली रूप को देखकर भ्रमित हो जाती है। देश भर में सारे नेता इस होड़ में आगे दिखने का प्रयास कर रहे हैं कि हम ही जनता के असली हितैषी हैं।

नेताओं का यह रूप हमारे देश को किस दिशा में ले जाएगा या ले जा रहा है, पता नहीं। पर यह सत्य है कि यह खेल बहुत ही खतरनाक है। देश के भविष्य के साथ एक प्रकार का अनहोना अपराध है? भारत की राजनीति में आज ऐसे परिवारवादी नेता उदित हो चुके हैं, जिन्हें ठीक से भारत की राजनीति करना नहीं आता, वे केवल सत्ता प्राप्त करने के लिए ही जनता के वोट प्राप्त करने का उपक्रम ही करते हैं। भारत की जनता के समक्ष ऐसे हालात बन गए हैं कि वह सही और गलत की पहचान भी नहीं कर पा रहे हैं। हमारे राजनेता कौन-कौन से खेल खेलते हैं, यह आज सबको दिखाई देने लगा है। आज देश में कई नेता ऐसे हैं जिनका व्यवसाय कुछ नहीं होने पर भी धनवान बन गए हैं, वास्तव में आज की राजनीति सेवा का माध्यम न होकर एक व्यवसाय बन गई है। राजनीति का जिस प्रकार से व्यवसायीकरण हुआ है।

## दैनिक पंचांग

**16 अप्रैल 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**



मंगलवार 2024 वर्ष का 107 वां दिन
दिशाशूल उत्तर ऋतु बसंत।
विक्रम संवत् 2081 शक संवत् 1946
मास चैत्र पक्ष शुक्ल
तिथि अष्टमी 13.25 बजे को समाप्त।
नक्षत्र पुष्य 05.16 बजे प्रात: को समाप्त।
योग धृति 23.16 बजे को समाप्त।
करण बव 13.25 बजे तदनन्तर बालव 02.16 बजे रात्र को समाप्त।
चन्द्रायु 07.2 घण्टे
रवि क्रान्ति उत्तर 10° 13'
सूर्य उत्तरायन
कलि अहर्गण 1871951
जूलियन दिन 2460416.5
कलियुग संवत् 5125
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2550
हिजरी सन् 1445
महीना सव्वाल तारीख 06
विशेष मासिक दुर्गाष्टमी, महातारा जयंती।

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | मेष | 05.31 बजे से |
| चंद्र | कर्क में | वृष | 07.15 बजे से |
| मंगल | कुंभ में | मिथुन | 09.13 बजे से |
| बुध | मीन में | कर्क | 11.26 बजे से |
| गुरु | मेष में | सिंह | 13.43 बजे से |
| शुक्र | मीन में | कन्या | 15.54 बजे से |
| शनि | कुंभ में | तुला | 18.05 बजे से |
| राहु | मीन में | वृश्चिक | 20.20 ब.से |
| केतु | कन्या में | धनु | 22.36 बजे से |
| राहुकाल 3.00 से 4.30 बजे तक | | मकर | 00.41 बजे से |
| | | कुंभ | 02.28 बजे से |
| | | मीन | 04.00 बजे से |

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, मध्यम चर, अशुभ उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### देशी पिस्टल व कारतूस के साथ अपराधी गिरफ्तार



**पूर्वी चंपारण।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर एसपी कांतेश कुमार मिश्र के निर्देश पर अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के दौरान हरसिद्धि थाना क्षेत्र के भादा पुल के समीप छापेमारी कर एक अपराधी को 01 देशी पिस्टल एवं 02 कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गये अपराधी की पहचान जिले के संग्रामपुर थाना क्षेत्र के अशोक ठाकुर के रूप में हुई है। पुलिस ने इसके पास से एक देशी पिस्टल,दो जिंदा कारतूस व एक बाइक बरामद किया है। बताया गया कि पकड़े गये अशोक ठाकुर का अपराधिक इतिहास है। इस पर हरसिद्धि में लूट के दो और आर्म्स एक्ट के एक मामला दर्ज है। फिलहाल हरसिद्धि थाना द्वारा इस संदर्भ में कांड दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी टीम का नेतृत्व अरेराज डीएसपी रंजन कुमार ने किया जबकि टीम में हरसिद्धि थानाध्यक्ष नवीन कुमार,एसआई रविरंजन,सुबोध कुमार, हरसिद्धि थाना के चौकीदार तफसिर आलम खॉ रामबाबु यादव व हरसिद्धि थाना के सशस्त्र बल शामिल रहे।

### लिच्छवी एक्सप्रेस की चपेट में आया ट्रैक्टर

**पटना।** बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में लिच्छवी एक्सप्रेस के साथ एक बड़ा हादसे होते होते टल गया। मुजफ्फरपुर-सीतामढ़ी रेलखंड के बेनीपुरग्राम हाल्ट और रुन्नी सैदपुर स्टेशन के बीच रामबाग धरहरवा के पास लिच्छवी एक्सप्रेस से एक ट्रैक्टर टकरा गया। हादसे में ट्रैक्टर की ट्रॉली ट्रेन के इंजन में फंस गई, जिसके कारण ट्रेन करीब डेढ़ घंटे तक रुकी रही। बेनीपुरग्राम हाल्ट और रुन्नी सैदपुर स्टेशन के बीच रामबाग धरहरवा के पास रेल लाइन कर्व है। कॉशन के कारण लिच्छवी एक्सप्रेस के इंजन के सामने ट्रैक्टर आ गया। हालांकि लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगा दी। इमरजेंसी ब्रेक लगाने के बावजूद ट्रेन पटरी से नहीं उतरी, जिस वजह से बड़ा हादसा होने से बच गया। घटना की सूचना मिलने के बाद फौरन मौके पर पहुंचकर इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट के स्टाफ ने इंजन से ट्रॉली को बाहर निकाला और क्षतिग्रस्त इंजन को दुरुस्त किया।

### कुआड़ी पुलिस ने तस्करी का दो पिकअप के साथ लदा गेहूं जब्त

**अररिया।** जिले की कुआड़ी थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बीती रात दो पिकअप गाड़ी पर लदा करीबन 40 क्विंटल गेहूं जब्त किया। तस्कर गेहूं को तस्करी कर भारतीय क्षेत्र से नेपाल लेकर जा रहा था। जिसे पुलिस ने गुप्त सूचना पर छापेमारी करते हुए जब्त किया। इस बात की जानकारी कुआड़ी थानाध्यक्ष रौशन कुमार सिंह ने देते हुए बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि पिकअप से गेंहू लेकर तस्करी के उद्देश्य से नेपाल ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम के साथ गरैया पहुंचा तो देखा कि एक साथ अनाज लदा दो पिकअप नेपाल सीमा की ओर जा रहा है। बोलेरो पिक अप बीआर 11जीए/9140 से 39 बोरा तथा पिकअप गाड़ी संख्या बीआर 11 जीसी/0420 से 17 बोरा गेहूं बरामद किया गया।थानाध्यक्ष ने बताया कि कुल 39 क्विंटल 22 किलो गेहूं बरामद किया गया।

### पुलिस टीम पर हमला,दारोगा का हाथ तोड़ा एफआईआर दर्ज

**बेतिया।** बेतिया पुलिस जिला के शिकारपुर थाना स्थित चेगौना गांव में रविवार की रात्रि में एक अभियुक्त को पकड़ने गई पुलिस पर अभियुक्त समेत उसके परिजनों ने हमला कर दिया।

घटना में दारोगा अमित कुमार का हाथ टूट गया है तो कुछ पुलिस कर्मियों को हल्की चोटें आई है। घटना के बाद पहुंचे अन्य पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर ली है। जबकि अन्य हमलावर भागने में सफल रहे। पुलिस ने बताया कि बीते मार्च माह में घटी मारपीट व जानलेवा हमले के आरोपित छोटन दीक्षित उर्फ मधुकेश दीक्षित को पुलिस टीम गिरफ्तार करने गई थी। इसी बीच अभियुक्त के परिजनों ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया।इसमें दारोगा अमित कुमार चोटिल हो गए। हालांकि बाद में पहुंचे पुलिस अधिकारी व जवानों ने अभियुक्त छोटन को गिरफ्तार कर लिया। किन्तु घटना में शामिल अन्य लोग भागने में सफल रहे। उन्होंने बताया कि दारोगा के बयान पर भी एक अलग एफआईआर अभियुक्त समेत उसके परिजनों पर की जा रही है।

### बंगाल में शुरू हुई भीषण गर्मी

**कोलकाता।** महानगर कोलकाता समेत राज्य के अन्य हिस्से में भीषण गर्मी का सिलसिला शुरू हो गया है। अलीपुर स्थित मौसम विभाग के क्षेत्रीय मुख्यालय की ओर से सोमवार को जारी बयान में बताया गया है कि कोलकाता में न्यूनतम तापमान 27.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है जो सामान्य से दो डिग्री अधिक है, जबकि अधिकतम तापमान 37.9 डिग्री सेल्सियस है जो सामान्य से दो डिग्री अधिक है। कोलकाता के अलावा हावड़ा, हुगली, उत्तर और दक्षिण 24 परगना, पूर्व और पश्चिम मेदिनीपुर, पुरुलिया, बांकुड़ा सहित राज्य के अन्य हिस्सों में तापमान 28 से 38 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है, जिसकी वजह से गर्मी बढ़ गई है। आसमान में बादल छाए होने की वजह से गर्म हवाएं भी ऊपर नहीं उठ पा रही हैं, जिसके कारण उमस भरी गर्मी लग रही है, और लोग पसीने से तरबतर हो रहे हैं।

# पीएम ने विश्व में बढ़ाया भारत का गौरव किया देश का ऐतिहासिक विकास : योगी

**राजग उम्मीदवार विवेक ठाकुर को आमसभा में नागरिकों से हाथ उठाकर पहनाया जीत की माला**




एजेंसी

**नवादा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नवादा में भाजपा उम्मीदवार विवेक ठाकुर के पक्ष में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व में महान देश के रूप में भारत का गौरव बढ़ाया है। देश में कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से अप्रतिम विकास भी किया ।इस कारण 400 सांसदों के साथ वे तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री बनेंगे । सोमवार को नवादा जिले के अकबरपुर में नवादा लोकसभा के राजग उम्मीदवार विवेक ठाकुर के समर्थन में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 400 सांसदों के साथ तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री बने ,इसके लिए जरूरी है कि विवेक ठाकुर को नवादा से भारी बहुमत के साथ विजय बनाएं । उन्होंने कहा कि नवादा सप्त ऋषियों की साधना भूमि ,बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री डॉ कृष्णा सिंह की जन्मभूमि ,लोकनायक जयप्रकाश नारायण की कर्मभूमि रही है। जिसके लिए यहां के लोग सच्चाई पर भरोसा कर विकसित भारत का सपना पूरा करने में विवेक ठाकुर को भारी बहुमत से जिताएंगे । उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 वर्षों में गरीबी दूर करने के लिए व्यापक कार्य किए हैं । देश की सुरक्षा बढ़ाने के साथ ही विश्व में भारत का नाम रोशन किया है। योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 80 करोड़ गरीबों को मुफ्त अनाज ,60 करोड़ गरीबों को मुफ्त शौचालय, करोड़ों गरीबों को आयुष्मान योजना के तहत मुफ्ती इलाज की व्यवस्था,40 करोड़ गरीबों को गैस का मुफ्त कनेक्शन देकर एक बड़ा जन कल्याणकारी कार्य किया है। उन्होंने कहा कि जम्मू- कश्मीर में भारत का संविधान लागू नहीं होता था ।जिस कारण धारा 370 हटाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कश्मीर को भारत का एक अंग के रूप में स्थापित किया ।अब जम्मू-कश्मीर में भी भारत का कोई नागरिक जमीन खरीद सकता है ।जो सुविधा पूर्व में नहीं थी । सीएम ने योगी ने कहा कि एनडीए उम्मीदवार विवेक ठाकुर को जीत का माला पहनाते हुए कहा कि इन्हें भारी बहुमत से जिताएं। तभी बिहार तथा देश का कल्याण हो सकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में राम मंदिर का निर्माण कराया गया। जिसमें पहला उपहार बिहार ने भी भेजा था। बिहार तपस्या की भूमि ,क्रांति की भूमि रही है।

### आसनसोल लोकसभा चुनाव से पहले दिन दहाड़े शूटआउट

**कोलकाता।** आसनसोल दुगार्पुर पुलिस कमिश्नरेट अंतर्गत कुल्टी थाना अंतर्गत चीनाकुड़ी बाजार में दिन के उजाले में गोलियां चली` सूत्रों की जानकारी के अनुसार सूद व्यवसायी को मारी गयी गोली। कुल्टी थानान्तर्गत चीनाकुड़ी बाजार इलाका दिनदहाड़े गोलियों की आवाज से कांप उठा छेत्र , सोमवार को चीनाकुड़ी में व्यवसायी को हत्या के इरादे से अपराधी कार में आये अपराधियों ने ताबड़तोड़ गोलियां मारी। इस घटना से पूरे इलाके में दहशत है। इस घटना की वारदात की खबर पाकर पुलिस छानबीन के लिए पहुंची। बताया जाता है कि जिसे गोली मारी गई है वह स्थानीय होटल कारोबारी है तथा सूद के धंधे से भी जुड़ा है। जिसे गोली मारी गई है, उसका नाम उमा शंकर बताया जा रहा है।

## कोलकाता में ही छिपा था बेंगलुरु ब्लास्ट का एक और आतंकी, एनआईए ने बिछाया था जाल





संवाददाता

**कोलकाता।** बेंगलुरु ब्लास्ट मामले में दो आतंकवादियों को पश्चिम बंगाल से गिरफ्तारी के बाद अब नया खुलासा किया है। जिसमें दावा किया गया है कि दो नहीं बल्कि एक अन्य तीसरा आतंकी मुजम्मिल शरीफ भी कोलकाता में छिपा था। ब्लास्ट के बाद वह कोलकाता भाग आया और बीच में जब चेन्नई गया तो गिरफ्तार कर लिया गया। अपनी गिरफ्तारी के बाद कोलकाता में छिपे दो अन्य आतंकी अब्दुल मथिन अहमद ताहा और मुसाविर हुसैन शाजिब को उसने मैसेज भेज कर कहा था कि कोलकाता सुरक्षित नहीं है इसलिए कहीं और भाग जाओ। जब तक वे दोनों भाग पाते, एनआईए ने पश्चिम बंगाल सहित अन्य राज्यों की पुलिस ने मिलकर दोनों को कांथी के न्यू दीघा से गिरफ्तार कर लिया।

केंद्रीय एजेंसी के एक अधिकारी ने बताया कि न्यू दीघा जाने से पहले रामेश्वरम कैफे विस्फोट कांड के आरोपित ताहा और शाजिब कोलकाता में थे और कुछ दिनों तक धर्मतला के दो होटलों में रुके थे। जांच अधिकारियों को पता चला कि मुजम्मिल ने कोलकाता आकर उन्हें पैसे दिये थे। 28 मार्च को चेन्नई लौटने के बाद जब उसे एनआईए ने पकड़ा, तब तक ताहा और शाजिब धर्मतला के होटल से निकल चुके थे और एकबालपुर के एक गेस्ट हाउस में पहुंच गए थे। क्योंकि वे किसी भी स्थान पर अधिक समय तक नहीं टिकते थे। खुफिया सूत्रों के मुताबिक, कोलकाता छोड़ने का आदेश मिलने के बाद वे सबसे पहले हावड़ा गये थे। हालांकि वे आसानी से धर्मतला से दीघा के लिए बस पकड़ सकते थे लेकिन उन्होंने हावड़ा को चुना। हावड़ा स्टेशन पर दोनों के पहुंचने के सीसीटीवी फुटेज एनआईए के हाथ लगे थे। उसी से अधिकारियों को पता चला कि वे दीघा गए हुए हैं और 28 मार्च से गिरफ्तारी तक कांथी, दीघा के होटलों में छिपे हुए थे। मुजम्मिल की गिरफ्तारी के बाद जांचकर्ता पहले तो असमंजस में थे कि आखिर कोलकाता में आदेश किसके पास से आया था, लेकिन बाद में उन्होंने पुष्टि की कि उन्होंने "अल हिंद मॉड्यूल" के किसी व्यक्ति के आदेश पर यह काम किया था। यह भी पता चला कि रांची से पश्चिम बंगाल में घुसने के दौरान पुरुलिया में दोनों ने एक फोन का इस्तेमाल किया था जो उन्हें स्थानीय मॉड्यूल से ही उपलब्ध करवाया गया था। अब पश्चिम बंगाल पुलिस इसकी जांच में जुट गई है।

## 'चुनाव आयोग ने मंजूरी दी, टीएमसी नेताओं ने झूठ बोला', तूफान पीड़ितों के मुआवज़े पर बोले शुभेंदु





संवाददाता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में भाजपा के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी ने दावा किया है कि तूफान पीड़ितों को मुआवजा देने की मंजूरी चुनाव आयोग ने दे दी थी। अधिकारी ने आरोप लगाया कि सीएम ममता बनर्जी और टीएमसी महासचिव अभिषेक बनर्जी लोगों से झूठ बोल रहे हैं कि चुनाव आयोग ने आचार संहिता लागू होने के चलते मुआवजा देने की मंजूरी नहीं दी है।

भाजपा नेता ने सोशल मीडिया पर साझा किए एक पोस्ट में लिखा 'आप कुछ लोगों को हमेशा बेवकूफ बना सकते हैं और सभी लोगों को कुछ समय के लिए, लेकिन आप सभी को हमेशा बेवकूफ नहीं बना सकते हैं। पश्चिम बंगाल के जाने-पहचाने झूठों को लगता है कि वह लोगों के साथ झूठ बोलना जारी रख सकते हैं और लोग उसे सच मानते रहेंगे, तो ये उनकी गलतफहमी है।' दरअसल बीती 31 मार्च को पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले में तूफान आया था, जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई थी और 200 से ज्यादा लोग बेघर हो गए थे। तूफान और भारी बारिश से कई घरों को भारी नुकसान हुआ था। शुभेंदु अधिकारी का आरोप है कि बंगाल की सीएम ममता बनर्जी और टीएमसी के महासचिव अभिषेक बनर्जी लोगों से झूठ बोल रहे हैं कि आचार संहिता लागू होने के चलते वह पीड़ितों को मुआवजा नहीं दे पा रहे हैं। टीएमसी नेताओं का दावा है कि चुनाव आयोग ने उन्हें मुआवजा देने की मंजूरी नहीं दी है। इसी पर पलटवार करते हुए भाजपा नेता ने बताया कि चुनाव आयोग ने 9 अप्रैल को ही राज्य सरकार को पीड़ितों को मुआवजा देने की मंजूरी दे दी थी। इसके बावजूद राज्य सरकार ने पीड़ितों की कोई मदद नहीं की, जबकि पीड़ितों को मुआवजे की रकम का बड़ा हिस्सा केंद्र सरकार के आपदा प्रबंधन फंड से दिया जाना है।

## रामनवमी महापर्व को लेकर ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव



एजेंसी

**पटना।** आगामी 17 अप्रैल को रामनवमी का महापर्व है। इसके मद्देनजर पटना में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। राजधानी पटना में 16 अप्रैल की रात आठ बजे से 17 अप्रैल की रात 11 बजे तक ट्रैफिक में बदलाव किया गया है। कई रूटों पर वाहनों के परिचालन में पाबंदी लागू की जाएगी। डाकबंगला चौराहा से पटना जंक्शन के बीच वाहनों के परिचालन पर रोक रहेगी। जानकारी के अनुसार डाकबंगला होकर पटना जंक्शन जाने वाले वाहन एग्जीबिशन रोड से गोरियाटोली तक जा सकेंगे और जमाल रोड दक्षिण से यू-टर्न लेकर वापस हो जायेंगे। महावीर मंदिर के निकट एवं पटना जंक्शन गोलम्बर के पूरब वीणा सिनेमा रोड तक सभी वाहनों का प्रवेश वर्जित होगा। गोरियाटोली तथा करबिगहिया से पटना जंक्शन आने वाले वाहन जमाल रोड दक्षिण से यू-टर्न लेकर वापस हो जायेंगे। मेट्रो निर्माण कार्य को देखते हुए जेपी गोलम्बर से डाकबंगला चौराहा होते हुए जाने वाले जुलूस स्वामी नन्दन तिराहा से एसपी वर्मा रोड होते हुए न्यू डाकबंगला रोड से डाकबंगला चौराहा जा सकेंगे। इसके साथ ही बुद्धमार्ग में फ्लाइओवर के नीचे वाहनों का परिचालन नहीं होगा। महावीर मंदिर जाने वाले दर्शनार्थी वीर कुंवर सिंह पार्क के पश्चिमी गेट (आर ब्लॉक के निकट) से प्रवेश कर कतारबद्ध तरीके से वीर कुंवर सिंह पार्क, जीपीओ गोलंबर होते हुए महावीर मंदिर तक जायेंगे एवं दर्शन के बाद डाकबंगला रोड की तरफ से निकलेंगे। प्रसाद लेकर जाने वाले दर्शनार्थियों के वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था वीरचंद पटेल पथ स्थित मिलर हाईस्कूल के मैदान एवं पथ परिवहन निगम कार्यालय के परिसर में होगी। आर ब्लॉक से जीपीओ और पटना जंक्शन की तरफ किसी भी वाहनों का परिचालन नहीं होगा। इसके अलावा बुद्ध मार्ग होकर दर्शनार्थियों की कतार नहीं लगेगी। प्रसाद एवं फूल-माला आदि के विक्रय के लिए वीर कुंवर सिंह पार्क के पश्चिमी छोर का उपयोग किया जा सकता है। अदालतगंज रोड में पूरब से पश्चिम यातायात वन-वे रहेगा। वीरचन्द पटेल पथ से अदालतगंज रोड पर वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा।

### डीडीसी ने छात्र-छात्राओं को मतदान करने के लिए किया प्रेरित

**भागलपुर।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत बिहार के पांच जिलों में दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होना है, जिसको लेकर सभी जिला के जिलाधिकारी मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर कई हथकंडे अपना रहे हैं। इस बाबत तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय अंतर्गत टीएनबी कॉलेज में भी सोमवार को मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें वहां के छात्र-छात्राओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करने के लिए भागलपुर के डीडीसी कुमार अनुराग पहुंचे और उन्होंने सबों को अपने बहुमूल्य मतों का प्रयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि पहली बार मतदान करने वाले नए वोटर और पुराने वोटर सभी घरों से निकले और पहले मतदान करें फिर जलपान करें।

## श्री दहमी माता मंदिर का द्वार खुलते ही उमड़ी भक्तों की भीड़



संवाददाता

**कोलकाता।** अब महानगर स्थित न्यू टाउन में श्री दहमी माता मंदिर का द्वार भक्तों के लिए खोल दिया गया है। मंदिर की पहल श्री दहमी माता ट्रस्ट ने की है। इसी बीच सोमवार को माता की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया गया` मंदिर के खुलते ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। मौके पर उपस्थित श्री दहमी माता ट्रस्ट के ट्रस्टी सुशील कुमार गोयल ने कहा, श्री दहमी माता हमारी कुल देवी हैं। माता का प्राचीन मंदिर राजस्थान राज्य के ज़िला कोटपुटली बहरोड़, बहरोड़ दहमी गांव और बरौदा शहर के पास है । यह उत्तरी भारत में पूजा के सबसे प्रतिष्ठित स्थानों में से एक है । इसकी स्थापना 660 साल पहले हुई थी । अब चूंकि बंगाल में रहनेवाले लाखों भक्तगण राजस्थान दर्शन के लिये रोज-रोज नहीं जा सकते, इसलिये यहां दहमी माता मंदिर का निर्माण कराया गया। उन्होंने आगे कहा, पिछले तीन दिनों से यहां मंदिर में कई पर्व सुंदरकांड पाठ, कलश यात्रा, माता का मंगल पाठ, नगर भ्रमण, हवन, ब्रह्मभोज, कन्या पूजन, भजन संध्या का आयोजन किया गया था। गोयल ने कहा, इस मंदिर को बनाने के पीछे हमारे श्री दहमी माता ट्रस्ट की महत्वपूर्ण भूमिका रही है` यह ट्रस्ट आज से 16 साल पहले बना था ।

# जनजातीय बहुल इलाके में मजबूत है भाजपा, तृणमूल से टक्कर



एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल का पुरुलिया लोकसभा क्षेत्र खास तौर पर जनजातीय बहुल क्षेत्र है। यहां तृणमूल और भाजपा के बीच सीधे मुकाबले के आसार हैं। वामदलों या कांग्रेस की ओर से फिलहाल यहां उम्मीदवार का ऐलान नहीं किया गया है। भाजपा ने यहां से मौजूदा सांसद ज्योतिर्मय सिंह महतो को दोबारा टिकट दिया है। वह जोरदार चुनाव प्रचार कर रहे हैं। सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने उनके खिलाफ शांति राम महतो को चुनावी मैदान में उतारा है। सीधी लड़ाई इन्हीं दोनों के बीच दिख रही है, इसलिए शांतिराम महतो और ज्योतिर्मय सिंह महतो पर क्षेत्र के विकास की अनदेखी का आरोप लगा रहे हैं जबकि ज्योतिर्मय सिंह सत्तारूढ़ पार्टी पर केंद्रीय फंड के गबन का आरोप मढ़ रहे हैं।

क्या है राजनीतिक इतिहास

पुरुलिया शहर कासल नदी के उत्तरी छोर पर बसा हुआ है। यह अपने लैंडस्केप के लिए जाना जाता है। पुरुलिया जिले का मुख्यालय पुरुलिया ही है। यहां की साक्षरता दर 65 फीसदी है। 1995 में यहां हवाई जहाज से हथियार गिराये गए थे, जिसके बाद यह इलाका दुनिया भर में चर्चित हो गया। इस सीट का मिजाज अलग रहा है। यहां से कांग्रेस को तो एकबार जीत मिली लेकिन माकपा को यहां कभी जीत नसीब नहीं हुई। यहां से फॉरवर्ड ब्लॉक और ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक विजयी होते रहे हैं। 1957 में पुरुलिया से आईएनडी के विभूति भूषण दास गुप्ता सांसद चुने गए थे। उन्होंने कांग्रेस के महतो नागेंद्र नाथ सिंह देव को हराया था। 1962 में लोकसेवक संघ के भजाहारी महतो सांसद चुने गए थे। 1967 में आएनडी के बी. महतो सांसद चुने गए। 1971 में पहली बार यहां से कांग्रेस को सफलता मिली और देबेंद्र नाथ महतो यहां से सांसद चुने गए थे। 1977 में एफबीएल के चितरंजन महतो को सफलता मिली थी। चितरंजन 1980, 1984 और 1989 तक पुरुलिया से लगातार सांसद चुने जाते रहे। 1991 में यहां पर उप चुनाव हुआ, जिसमें फॉरवर्ड ब्लॉक (एफबीएल) के बी महतो सांसद चुने गए लेकिन 1991 में ही फॉरवर्ड ब्लॉक के चितरंजन महतो को फिर से जीत मिल गई। 1996, 1998, 1999 में फॉरवर्ड ब्लॉक के बीर सिंह महतो यहां से सांसद चुने जाते रहे। इसके बाद फॉरवर्ड ब्लॉक में विभाजन हो गया और 2004 में बीर सिंह महतो ने ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक से ताल ठोंकी और सांसद बने। 2006 के उपचुनाव में ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक के नरहरि महतो विजयी हुए थे। 2009 में एआईएफबी के नरहरि महतो ही सांसद चुने गए। 2014 में ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस ने यह सीट कम्युनिस्टों से छीन ली और एआईटीसी के डॉक्टर मृगांका महतो यहां से जीते थे।

क्या है 2019 का जनादेश?

बीजेपी के ज्योतिर्मय सिंह

भाजपा के ज्योतिर्मय सिंह महतो छह लाख 68 हजार 107 वोट हासिल कर जीते थे।

तृणमूल कांग्रेस की मृगांका महतो को चार लाख 63 हजार 375 वोट मिले थे।

कांग्रेस के नेपाल महतो को महज 84 हजार 477 वोट मिले थे।

# कृत्रिम मेधा भविष्य की संभावनाओं का द्वार खोलेगी : डॉ. सुनील कुमार



संवाददाता

**कोलकाता।** कवि एवं तकनीकविद डॉ. सुनील कुमार शर्मा की वाणी प्रकाशन से प्रकाशित तकनीक आधारित पुस्तकें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस : एक अध्ययन एवं चैटजीपीटी : एक अध्ययन का शनिवार को पुस्तक परिचर्चा एवं काव्य-संध्या में लोकार्पण हुआ। इंडियन काउंसिल फॉर कल्चरल रिलेशन्स (आईसीसीआर) में रविशंकर उपाध्याय स्मृति संस्थान द्वारा दो सत्र में आयोजित इस समारोह में देश के प्रतिष्ठित तकनीकविदों ने अपनी बातें रखी वहीं, काव्य-संध्या में हिंदी के चर्चित एवं युवा कवियों ने अपनी कविताओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। पुस्तक परिचर्चा सत्र में प्रो. एसपी. मुखर्जी (सैंटनरी प्रोफेसर, सांख्यिकी विभाग, कोलकाता यूनिवर्सिटी) की अध्यक्षता में प्रो. आर. एस. सिंह (आचार्य, केमिकल इंजीनियरिंग, आईआईटी-बीएचयू), प्रो. चित्रा सिंह (आचार्य, रसायन शास्त्र, क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, भोपाल), यतीश कुमार (लेखक एवं मुख्य कार्यशाला प्रबंधक, लिलुआ/पूर्वी रेलवे), डॉ. ऋषि भूषण चौबे (सहायक आचार्य, हिंदी विभाग, प्रेसीडेंसी विश्वविद्यालय, कोलकाता), दिनेश चंद्र पांडेय (वरिष्ठ लेखा परीक्षक, कैग कोलकाता) एवं पुस्तक के लेखक डॉ. सुनील कुमार शर्मा ने वक्तव्य रखा। इसका संयोजन व संचालन डॉ. आदित्य विक्रम सिंह ने किया। इस सत्र में दोनों किताबों पर गहन विचार विमर्श हुआ। वक्ताओं ने इसे हिन्दी ज्ञान परंपरा को समृद्ध करने वाली पुस्तक बताया। भाषा के सरलीकरण की भी बात इस सत्र में हुई। लेखकीय वक्तव्य में डॉ. सुनील कुमार शर्मा ने कहा, ह्यकृत्रिम मेधा भविष्य की संभावनाओं का द्वार खोलेगी।

# उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ ही चैती छठ संपन्न



संवाददाता

**चतरा/गिद्धौर।** लोक आस्था का महापर्व छठ जिला मुख्यालय के साथ गिद्धौर, पत्थलगड़ा, टंडवा, इटखोरी आदि प्रखंड़ों में उगते भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही सोमवार को संपन्न हो गया। सुबह सूर्योदय होने के साथ ही अर्घ्यदान का क्रम आरंभ हो गया था। इसके बाद व्रती व उनके परिजनों ने भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर खुद श्रमृद्धी की कामना की। इससे पहले अल सुबह से ही श्रद्धालु पास के छठ घाटों पर पहुंचने लगे थे। छठ में प्रातः कालीन अर्घ्य का विशेष महत्व है। यह प्रत्यक्ष देवों में एक भगवान भास्कर को अर्पित किया जाता है। ऐसी मान्यता है कि पूरी आस्था के साथ अर्घ्य अर्पित करने वालों पर भगवान सूर्य की विशेष कृपा होती है। वे उसे अपने जैसा तेज प्रदान करते हैं। रोगों को हर लेते हैं। परिवार में सुख व शांति प्रदान करते हैं। परंपरा है कि व्रती सूर्योदय के बाद अपने साथ स्वजनों से भी अ?र्घ्यदान कराती हैं। तांबे के पात्र में जल, एक चुटकी रोली, चंदन, हल्दी, अक्षत व लाल पुष्प डालकर गायत्री मंत्र का उच्चारण करते हुए सूर्य देव को अर्घ्य देने की परंपरा है। चार दिवसीय महापर्व शुक्रवार को नहाखाय से प्रारंभ हुआ। इसके बाद शनिवार को खरना पूजा तथा नियम पूर्वक रविवार को पहला अ?र्घ्य भगवान भास्कर को दिया गया। वहीं सोमवार को उदयमान भास्कर को अर्घ्य देकर महापर्व संपन्न हुआ। चौती छठ पूजा काफी उत्साह व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता हैं। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रो में लोक आस्था का महापर्व चौती छठ मनाया गया। गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित रामसागर में लोक आस्था के चौती छठ पर्व पर दोनो बेला भगान सूर्य को अर्घ्य व्रतियों द्वारा अपर्ति किया गया। पूजा को लेकर छठ घाट को बेहतरीन तरीके से सजाया गया था।

# ग्रिजली विद्यालय में मनाई गई अंबेडकर जयंती




संवाददाता

**कोडरमा ।** श्रद्धा और उत्सव के माहौल के बीच, तिलैया डैम स्तिथ ग्रिजली विद्यालय में भारत रत्न तथा भारतीय संविधान के वास्तुकार डॉ. भीम राव अंबेडकर की जयंती मनाई गयी। विद्यालय के सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरूवात डॉ. भीम राव अंबेडकर के चित्र पर विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता, उप प्राचार्या अंजना कुमारी एवं शिक्षकों के द्वारा माल्यार्पण तथा पुष्प अर्पित कर की गयी। छात्र अतिशय जैन ने हिंदी भाषण एवं छात्र अनुराग आर्यन ने अंग्रेजी में भाषण प्रस्तुत किया। वहीं छात्र त्रीजल राज एवं कुशाग्र कुबेर ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से बाबा साहब भीम राव अंबेडकर की जीवनी सबके सामने प्रस्तुत की। इस अवसर पर विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता ने अपने सम्बोधन में कहा की यह उत्सव डॉ. अंबेडकर की स्थायी विरासत की याद दिलाता है, जहां प्रत्येक व्यक्ति को गरिमा, अवसर और सम्मान मिलता है। वहीं विद्यालय की उप प्राचार्या अंजना कुमारी ने छात्रों को अपनी शैक्षणिक गतिविधियों और व्यक्तिगत जीवन में डॉ. अंबेडकर के दृढ़ता, ज्ञान और करुणा के मूल्यों का अनुकरण करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम प्रभारी शिक्षक कृष्णा कुमार के द्वारा भारत के संविधान की प्रस्तावना पढ़ी गयी एवं उपस्तिथ सभी के द्वारा दोहराई गयी। कार्यक्रम में मंच संचालन छात्रा आरुषि सिन्हा एवं आद्या यादव ने किया। इस अवसर पर सीसीए संयोजक पंकज उपाध्याय, शिक्षक रतन पांडेय, नीलिमा श्रीवास्तव, अर्जुन मंडल, पूजा कुमारी एवं अन्य उपस्तिथ थे।

## एक नजर

### गैस एजेंसी और पेट्रोल पंप के प्रतिनिधियों के साथ बैठक संपन्न



**कोडरमा।** वरीय पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह उप विकास आयुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में स्वीप कार्यक्रम को लेकर जिले के गैस एजेंसी और पेट्रोल पंप के प्रतिनिधियों के साथ बैठक संपन्न हुआ। बैठक में सभी प्रतिनिधियों से अपील किया गया कि अपने-अपने प्रतिष्ठानों में मतदाता जागरूकता को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलायें और सेल्फी के माध्यम से मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि 20 मई 2024 को मतदान दिवस के दिन को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाये। उप विकास आयुक्त ने सभी गैस एजेंसी के प्रतिनिधियों को निर्देश दिये की 20 मई 2024 को मतदान दिवस का स्टीकर सभी गैस सिलेंडर में लगाना सुनिश्चित करेंगे ताकि हर घर में 20 मई 2024 मतदान दिवस का संदेश पहुंचे। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती शिप्रा सिन्हा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्री रवि कुमार, एपीआरओ अविनाश कुमार व अन्य मौजूद रहे।

### एग्जिट पोल पर प्रतिबंध लगाने की अधिसूचना जारी

**कोडरमा।** लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर निर्वाचन आयोग के द्वारा 19 अप्रैल 2024 की सुबह 7 बजे से 1 जून 2024 की शाम साढ़े छह बजे तक किसी भी तरह के एग्जिट पोल पर प्रतिबंध लगाने की अधिसूचना जारी किया गया है। इस दौरान कोई एग्जिट पोल नहीं किया जा सकता है और ना ही इसका प्रकाशन या प्रचार किया जा सकेगा। जारी अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों के तहत मतदान के समापन के लिए तय समय के साथ समाप्त होने वाली 48 घंटों की अवधि के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामले के प्रदर्शन पर प्रतिबंध होगा। अधिनियम का उल्लघंन करने पर दो वर्ष का कारावास एवं जुमार्ना का प्रावधान है।

### अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की बैठक संपन्न



**कोडरमा।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा (राष्ट्रीय) कि एक बैठक जिला अध्यक्ष अनूप जोशी के आवासीय कार्यालय में हुई । बैठक कि अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अनूप जोशी तथा संचालन जिला मंत्री हिरदेश बिहारी ने किया। बैठक में 10 मई को भगवान परशुराम जयंती भव्य रूप से मनाने का निर्णय लिया गया। अनूप जोशी ने कहा कि भगवान परशुराम जयंती हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य रूप से मनाई जाएगी। भगवान परशुराम भगवान विष्णु के छठे अवतार है। उनकी जयन्ती मनाने के लिए 11 सदस्य टीम बनाई गई। कार्यक्रम में 10 मई को अखंड रामायण का पाठ, कीर्तन भजन एवं पुजा एवं भंडारा किया जायेगा।11 मई को हवन के साथ पूणार्हुति के साथ समापन कि जाएगी। बैठक में उपेंद्र दुबे ,चंद्रशेखर जोशी, संजय बनर्जी, पंकज दुबे, धीरज जोशी, ह्रदय नारायण मिश्रा, अनिल गुरु,विजय पांडेय, सुंधाशु पाण्डेय, जय मंगल पांडे,मनोज जोशी, राजेश शर्मा, लाला जोशी,श्री अंश जोशी, आदि उपस्थित थे।

### मतदाताओं के लिए बनाया वोटर हेल्पलाइन एप




**जमशेदपुर ।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव प्रक्रिया को आसान और मतदाताओं के लिए सुलभ बनाने के लिए कई स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। जिसके तहत मतदाताओं की सुविधा के लिए वोटर हेल्पलाइन एप बनाया गया है। जिसमें मतदाता सूची में अपना नाम जानना हो या फिर वोटर का रजिस्ट्रेशन कराना, वोटर स्लिप डाउनलोड करने से लेकर चुनाव से जुड़ी सभी जानकारियां घर बैठे-बैठे प्राप्त कर सकते हैं। इस एप की मदद से वोटर्स मतदाता सूची में अपना नाम खोज सकते हैं। साथ ही वे यह भी चेक कर पाएंगे कि वे वोट डालने के योग्य हैं या नहीं। अगर आपका वोट रजिस्टर्ड नहीं है तो इस ऐप की मदद से वोटर्स चुनाव सूची में अपना वोट रजिस्टर कर सकते हैं। इसके साथ ही रजिस्ट्रेशन डिटेल्स में सुधार भी कर सकते हैं। इससे वोटिंग के लिए योग्य यूजर्स इलेक्टोरल रोल या फिर डिजिटल फोटो वोटर स्लिप डाउनलोड कर सकते हैं। इसी तरह एप पर यूजर्स चुनाव से जुड़ी जानकारियां, रिजल्ट अपडेट और उम्मीदवारों के डिटेल्स भी जान सकते हैं।

# 10 वर्षों में मोदी सरकार ने विकसित भारत की नींव तैयार की है:अन्नपूर्णा



संवाददाता

**कोडरमा ।** केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह कोडरमा लोकसभा सांसद अन्नपूर्णा देवी ने सोमवार को चाराडीह स्थित अपने आवासीय कार्यालय में एक महत्त्वपूर्ण प्रेस वार्ता का आयोजन किया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लिया है। विगत 10 वर्षों में मोदी सरकार ने विकसित भारत की नींव तैयार की है। अगले 5 वर्षों में व्यापक जनभागीदारी से विकसित भारत निर्माण की यात्रा को कैसे गति और दिशा दी जाय, इसी दृष्टि से भारतीय जनता पार्टी ने अपना संकल्प पत्र जारी किया है, जिसे **भाजपा का संकल्प :** मोदी की गारंटी 2024नाम दिया गया है। उन्होंने कहा कि दूसरी पार्टियों की तरह भाजपा का संकल्प पत्र केवल वादों और आश्वासनों का पुलिंदा मात्र नहीं है। यह मोदी सरकार की 10 वर्षों की शानदार उपलब्धियों और सुनहरे भविष्य की कार्ययोजना का संतुलित रिजल्ट ओरिएंटेड मास्टर प्लान है।

हमारा लक्ष्य सुनिश्चित है और उस लक्ष्य को पाने के लिए किये जाने वाले प्रयास भी सुनियोजित हैं। तभी तो मोदी जी ने अपनी अगली सरकार की शुरूआती 100 दिनों की कार्ययोजना अभी से तय कर रखी है। मोदी सरकार ने शुरूआती 10 वर्षों में अन्त्योदय की भावना के साथ देश के गरीबों का जीवन स्तर ऊपर उठाने के लिए काम किया, उन्हें गरिमामय जीवन के लिए आवश्यक सुविधायें उपलब्ध करायी। इसके सकारात्मक परिणाम आये और 25 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी से बाहर निकले। वहीं अगले 5 वर्षों में मोदी 3.0 सरकार का लक्ष्य मोदी 1.0 तथा मोदी 2.0 सरकारों के प्रयासों से गरीब से नव मध्यम वर्ग में दाखिल हुई आबादी के साथ सम्पूर्ण मध्यम वर्ग को इज ऑफ लीविंग प्रदान करना है मोदी 3.0 में आवास, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वरोजगार आदि से सम्बंधित सभी योजनायें इसी लक्ष्य को ध्यान में रखकर बनेंगी। दूसरी तरफ, अगर अन्य दलों या गठबंधन की बात करें तो मोदी विरोध या मोदी को हटाने के अलावा उनके पास कोई कॉमन एजेंडा तक नहीं है। सबके अलग अलग घोषणा पत्र हैं और परस्पर विरोधाभाषी हैं। श्रीमती अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि जिनके लक्ष्य ही अलग अलग हैं, उनसे समन्वित रूप से किसी एक मंजिल तक पहुंचने की उम्मीद भला कैसे की जा सकती है। जनता जानती है कि इंडी गठबंधन के पास न सर्वमान्य नेता है, न कोई स्पष्ट नीति है, न जनसेवा की नीयत है।

### एमजीएम मेडिकल कॉलेज में शराब पीकर छात्राओं ने आपस में की हाथापाई

**जमशेदपुर ।** बीते 9 अप्रैल को एमजीएम मेडिकल कॉलेज गर्ल्स हास्टल में शराब पीकर हाथापाई करने की शिकायत मिलने पर सोमवार एंटी रैगिंग सेल द्वारा छात्राओं के परिजनों के साथ एक बैठक की गई। जिसमें एसडीएम धालभूम पारुल सिंह, डीएसपी पटमदा बचनदेव कुजुर और प्राचार्य डॉ केएन सिंह समेत कॉलेज की टीम उपस्थित रहे। बैठक में एंटी रैगिंग सेल ने छात्राओं और उनके परिजनों को चेतावनी देकर छोड़ दिया। वहीं छात्राओं ने आगे से ऐसा न होने की बात कही। इस दौरान पटमदा डीएसपी ने बताया कि 9 अप्रैल को गर्ल्स हास्टल परिसर में शराब पीकर 2021-22 बैच की छात्राएं आपस में हाथापाई कर रही थी। जिसके बाद पांच छात्राओं के खिलाफ एंटी रैगिंग सेल से रैगिंग की शिकायत की गई थी।

# हमारा लक्ष्य शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थियों को हर संभव सुविधा और सहायता प्रदान करना है : मदन मोहन सिंह

### नेताजी सुभाष ग्रुप ऑफ एजुकेशन ने मार्गदर्शन क्लासेज का किया शुभारंभ



संवाददाता

**जमशेदपुर ।** नेताजी सुभाष ग्रुप ऑफ एजुकेशन द्वारा सोमवार एमजीएम पोखारी स्थित नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय के सभागार में आधिकारिक रूप से मार्गदर्शन क्लासेज का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जानकारी देते हुए कुलाधिपति मदन मोहन सिंह ने बताया कि हमारा लक्ष्य हमेशा से ही शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थियों को हर संभव सुविधा और सहायता प्रदान करना है। विगत कईं वर्षों से नेताजी ग्रुप ऑफ एजुकेशन स्कूल, कॉलेज एवं विश्वविद्यालय स्तर की शिक्षा सुविधाएं प्रदान करा रहा है। हमारे अथक प्रयासों का परिणाम है कि आज हमारे शिक्षण संस्थानों में कुल 14000 से अधिक विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। वहीं शिक्षा के क्षेत्र में नई पहल करते हुए आज से हम अपने एक ऐसे सपने को पूरा करने जा रहे हैं, जो कि हमारी अब तक की सारी परियोजनाओं में सबसे महत्त्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि भारत जैसे देश में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए किफायती दर पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षकों तक विद्यार्थियों की पहुंच चुनौतीपूर्ण है। विद्यार्थियों के इसी समस्या के समाधान के लिए हमने मार्गदर्शन नाम के बैनर तले मेडिकल, इंजीनियरिंग समेत दूसरी प्रतियोगी परिक्षाओं की तैयारी के लिए कोचिंग क्लासेस की सुविधा उपलब्ध करवाने का निर्णय भी लिया है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि जमशेदपुर शहर के विद्यार्थियों में उच्च शिक्षा को लेकर उनकी दुविधा और शहर से पलायन की उनकी मजबूरी से बाहर निकालने के लिए उन्हें एक सशक्त विकल्प उपलब्ध करवाया जा सके। आगे उन्होंने बताया कि न्यूनतम फीस और मुफ्त यातायात की सुविधा के साथ मार्गदर्शन क्लासेज वर्त्तमान में प्रतियोगी क्षेत्र की तैयारी करने वाले सभी विद्यार्थियों को सबसे बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध करवाएगा। हमारा सपना है कि नीट, जेईई मेन के साथ साथ एडवांस जैसी प्रतियोगी परिक्षाओं में मार्गदर्शन क्लासेज के विद्यार्थी कीर्तिमान स्थापित करें और इसके लिए हम हर संभव प्रयास करने के लिए तत्पर हैं। इस दिशा में हम आपका सहयोग चाहते हैं। कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थी इस संस्थान में एक लक्ष्य के साथ आएंगे और हम उनके लक्ष्य को पूरा भी करेंगे। हमारे प्रशिक्षित शिक्षक देश के कोने-कोने से बुलाए गए हैं। ताकि हर विद्यार्थी को बेहतर से बेहतर शिक्षा मिल सके और उनका सही मार्गदर्शन किया जा सके।

# सरयू राय का ढुल्लू के खिलाफ एक और खुलासा



संवाददाता

**जमशेदपुर ।** धनबाद से भाजपा लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के सुपुत्र प्रशांत कुमार द्वारा खरीदी गई करीब 2.06 करोड़ रूपए के जमीन का ब्यौरा विधायक सरयू राय ने बीते 10 अप्रैल को सार्वजनिक किया था। इसके अलावा प्रशांत कुमार द्वारा गोविंदपुर अंचल के तुमादाहा मौजा में खाता संख्या- 83, 97 और 110 के करीब 11 प्लॉट खरीदने का प्रमाण भी सामने आया है। जिसका कुल क्षेत्रफल 1 एक-ड़ 49 डिसमिल है। गोविंदपुर अंचल में जमीन खरीदने का सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम दर के अनुसार इन भूखंडों की कीमत 50 लाख रूपए से अधिक आंकी जा रही है। वहीं जमीन खरीद एवं म्यूटेशन तथा अंचल कार्यालय में नामांतरण मुकदमा संख्या 18905/2021-2022 भी दायर है। विधायक ने कहा कि भाजपा के उन नेताओं को जो मेरा ज्ञान मुझे अपने पास ही रखने की सलाह दे रहे हैं, उन्हें इन विवरणों की वस्तुस्थिति और सत्यता की जांच अपने सूत्रों से करा लेनी चाहिए। जिसके बाद उन्हें इस बारे में अपनी प्रतिक्रिया भी देनी चाहिए कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की घोषणा की कसौटी पर भाजपा के ऐसे उम्मीदवार खरा उतरते है या नहीं? इसके अलावा उनके पास भाजपा के इस घोषित उम्मीदवार और उनके परिवारजनों द्वारा खरीदी गई बड़ी संख्या में बेनामी अचल संपतियों और कंपनियों के नाम का विस्तृत ब्यौरा भी है। ये कंपनियां दो साल पूर्व दिवालिया होने के कगार पर पहुंच चुकी थी। इन कंपनियों में विगत 4 वर्षों में अकूत अचल संपति खरीदा गया है। जिसमें हार्ड कोक उद्योग और फ्लावर मिल आदि के भूखंड, निर्मित ढांचा एवं मशीनरी शामिल है। इनमें से कई भूखंड गोविंदपुर अंचल के तुमादाहा मौजा में ही स्थित है। ये कंपनियां अब भी ह्यरजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज के दस्तावेज में सक्रिय दिख रही है और जीएसटी एवं आयकर का भुगतान भी कर रही हैं। इन अचल परिसम्पतियों की कीमत उनके द्वारा कर देने योग्य कुल परिसम्पतियों के मूल्य की तुलना में काफी अधिक है। ऐसे व्यक्तियों और कंपनियों के बारे में प्राप्त सूचनाओं की मिलान अधिकारिक दस्तावेजों से करने के उपरांत शीघ्र ही वे इसे भाजपा नेताओं की जानकारी के लिए सार्वजनिक भी करेंगे। ताकि वे नहीं चाहते हुए अपने ज्ञान में वृद्धि कर सके और उनका जमीर जग सके। ये मामले आय से अधिक संपत्ति के ठोस उदाहरण है।

### अबुवा आवास सूची में अनियमितता बरतने का लगाया आरोप

**चतरा।** जिला के टंडवा प्रखंड अंतर्गत बड़गांव पंचायत में अबुआ आवास एवं प्रधानमंत्री आवास योजना में मुखिया एवं पंचायत सेवक द्वारा अवैध तरीके से सूची तैयार करने का अरोप लगया है। उक्त आरोप से संबंधित पत्र युथ कांग्रेस के राज्य समन्वयक अरशद अंसारी ने राज्य के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को भेजा है। जिसमें अरोप लगाया गया है कि अबुवा आवास एवं प्रधानमंत्री आवास में पक्का मकान एवं पहले से आवास लाभार्थी लोगों को चयनित कर अबुवा आवास एवं प्रधानमंत्री आवास के लिए सूची तैयार कर प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिया गया है। इससे ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। पत्र में आगे बताया गया है कि ग्रामीणों द्वारा बताया गया है कि कई ऐसे गरीब असहाय एवं विकलांग लोग हैं जिनको इस योजना से वंचित रखा गया है। इससे साफ पता चलता है कि पैसे वाले से पैसा लेकर ही उनका आवास दिया जा रहा है।

# अज्ञात चोरों ने की बिजली तार की चोरी, कई गांव में बिजली आपूर्ति ठप



अभिषेक यादव

**कुंदा(चतरा)।** जिले के अति उग्रवाद प्रभावित कुंदा प्रखंड अंतर्गत बोधाडीह पंचायत स्थित चाया गांव से सटे बेलबाटांड जंगल से पोल पर लगे तार अज्ञात चोरों द्वारा काट लिए गए हैं। ग्रामीणों के अनुसार लगभग 2 माह पहले बिजली तार काट कर अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली थी। जिससे चाया गांव में बिजली आपूर्ति बाधित है। गांव में करीब 600 परिवार निवास करते ळैं, जिसमें 450 वोटर हैं। इस संबंध में कई बार विभाग के साथ पंचायत प्रतिनिधियों को सूचना दिया गया, लेकिन अभी तक गांव में बिजली बहाल करने को लेकर किसी ने पहल नही किया है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग के साथ जिला प्रशांसन प्रशासन से जल्द से जल्द गांव में बिजली सुविधा बहाल करने की मांग की है। ज्ञात हो कि कुंदा प्रखंड में अज्ञात चोरों ने तार काट कर करंट की रफ्तार पर ही ब्रेक लगा दिया है। बिजली तार के चोरी के बाद विभागीय लापरवाही से चाया गांव से बिजली ही गायब हो गई। ऐसे में तेज गर्मी के साथ बिजली के तार चोरी कर अज्ञात चोरों ने ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ा दी है। चाया निवासी विकास यादव ने बताया कि प्रखंड मुख्यालय से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध शराब की बिक्री जोरों पर की जा रही है। जिसके कारण क्षेत्र में चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं। अगर अवैध शराब बिक्री पर नकेल कसा जाए तो आए दिन हो रही चोरी की घटनाओं पर विराम लग सकता है।

### गम्हरिया में बिष्णु हेल्थ क्लिनिक का हुआ शुभारंभ

**जमशेदपुर ।** सरायकेला-खरसावां जिला अंतर्गत टाटा-कांड्रा मेन रोड के किनारे गम्हरिया स्थित दयाल सिटी टावर में सुगर एवं थाइराइड स्पेशलिटी बिष्णु हेल्थ क्लिनिक का शुभारंभ सोमवार को हुआ। जिसका उदघाटन डॉ कल्याण कुमार ने विधिवत रूप से फीता काटकर किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि अब गम्हरिया के लोगों का एक ही छत के नीचे कई रोगों का निदान हो सकेगा। उन्होंने बताया कि इस क्लिनिक में एचबीआईसी स्क्रीनिंग, कार्डियक स्क्रीनिंग, वीपीटी, आरबीएस, ईसीजी आदि की सुविधाएं भी उपलब्ध हो सकेंगी। साथ ही मरीजों को थाइराइड और सुगर का परामर्श भी दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि 30 अप्रैल अंतिम सप्ताह तक निःशुल्क परामर्श दिया जाएगा। इसी तरह स्क्रीनिंग प्रोसेस की प्रक्रिया भी निःशुल्क रहेगी। मौके पर की अन्य भी मौजूद थे।

# रैली व हस्ताक्षर अभियान चलाकर मतदाताओं को किया गया जागरूक



संवाददाता

**कोडरमा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कोडरमा के निदेर्शानुसार स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत बीएलओ के द्वारा रैली निकालकर मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। कम मतदान वाले मतदान केंद्र पर हस्ताक्षर अभियान चलाकर मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही नगर परिषद् झुमरी तिलैया अंतर्गत वार्ड संख्या 07 व 08 डोर टू डोर फार्म 06 कलेक्शन हेतु मतदाता पंजीकरण अभियान और नैतिक मतदान करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें डोर टू डोर घरों का भ्रमण कर फार्म 6 का कलेक्शन किया गया और जिन मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से जुड़ा नहीं है , उन मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से जोड़ा गया। फार्म 06 कलेक्शन के उपरांत मतदाताओं के साथ सेल्फी लेते हुए 20 मई 2024 को नैतिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

## आर. बी. मार्शल आर्ट्स अकादमी ने 9 स्वर्ण सहित जीते 15 पदक



**वाराणसी। एजेंसी**

वाराणसी स्थित आशापुर में रविवार को जिला कराटे चैंपियनशिप एवं सेलेक्शन का आयोजन किया गया, जिसमें वाराणसी के आर. बी. मार्शल आर्ट्स अकादमी के 15 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और सभी ने पदक जीता। अकादमी के 9 खिलाड़ियों ने स्वर्ण, 3 ने रजत और तीन ने कांस्य पदक हासिल किया। अकादमी के मुख्य कोच अरविंद कुमार ने बताया कि इन प्रतियोगिता में एकेडमी की टीम दूसरे स्थान पर रही, साथ ही 12 खिलाड़ियों का चयन वाराणसी कराटे टीम में हुआ है और ये खिलाड़ी आगामी राज्य प्रतियोगिता, जो कि 20 और 21 अप्रैल 2024 को लखनऊ में आयोजित होगी , वाराणसी टीम का प्रतिनिधित्व करेंग।

**आर. बी. मार्शल आर्ट्स अकादमी के पदक विजेता खिलाड़ी :-**

**स्वर्ण पदक :** अदिति सोनकर, शिवेश शर्मा, वैष्णवी तिवारी, विमलेश यादव, अनुष्का कुमारी, धैर्य बरनवाल, वैदिक सिंह, राज पांडेय, खुशी मजूमदार।

**रजत पदक :** भूमि राय, तन्मय, शुचय कुमार मिश्रा।

**कांस्य पदक :** आरना गुप्ता, शिवानी गुप्ता, विष्णु तिवारी

# आईपीएल : टी20 क्रिकेट में 500 छक्के लगाने वाले पहले भारतीय बने रोहित शर्मा



● रोहित ने इस आईपीएल सीजन के छह मैचों में 52.20 की औसत और 167 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से एक शतक के साथ 261 रन बनाए हैं

**मुंबई। एजेंसी**

भारत और मुंबई इंडियंस (एमआई) के स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा टी20 क्रिकेट में 500 छक्के लगाने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। रोहित ने रविवार को वानखेड़े स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। रोहित ने मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 63 गेंदों में 105 रन बनाए। उनकी पारी में 11 चौके और पांच छक्के शामिल थे। मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान ने 166.67 की स्ट्राइक रेट से ये रन बनाए। मैच में लगाए गए 5 छक्कों के साथ ही टी-20 क्रिकेट में रोहित के नाम 502 छक्के हो गए हैं। टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के वेस्टइंडीज के दिग्गज क्रिस गेल (1,056 छक्के) के हैं, उनके बाद वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर कीरोन पोलार्ड (860 छक्के), आंद्रे रसेल (678 छक्के) और कॉलिन मुनरो (548 छक्के) हैं। रोहित ने इस आईपीएल सीजन के छह मैचों में 52.20 की औसत और 167 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से एक शतक के साथ 261 रन बनाए हैं। मैच की बात करें तो मुंबई ने टॉस जीतकर सीएसके को पहले बल्लेबाजी करने का मौका दिया। अजिंक्य रहाणे (5) और रचिन रवींद्र (16 गेंदों में 21 रन, दो चौका और एक छक्का) ज्यादा प्रभाव नहीं डाल पाए, हालांकि कप्तान रुतुराज गायकवाड़ (40 गेंदों में 69 रन, पांच चौके और पांच छक्के) और शिवम दुबे (38 गेंदों में नाबाद 66 रन, 10 चौके और दो छक्के) और अंतिम ओवर में एमएस धोनी (चार गेंदों में नाबाद 20 रन, तीन छक्के) की विस्फोटक पारी की बदौलत सीएसके ने 20 ओवरों में 4 विकेट पर 206 रन बनाए। मुंबई के लिए हार्दिक पांड्या ने 2, श्रेयस गोपाल और गेराल्ड कोएत्जी को एक-एक विकेट मिला। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई की टीम ने शानदार शुरूआत की, ईशान किशन (15 गेंदों में 23 रन, तीन चौका, एक छक्का) और रोहित शर्मा ने पहले विकेट के लिए 70 रन जोड़े। रोहित अपना दूसरा आईपीएल शतक बनाने में सफल रहे, लेकिन तिलक वर्मा (31 रन) के अलावा रोहित को किसी और बल्लेबाज का साथ नहीं मिला और मुंबई की टीम 20 ओवर में 6 विकेट पर 186 रन ही बना सकी और 20 रन से मैच हार गई। सीएसके के लिए मथीशा पथिराना (4/28) सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे। मुस्ताफिजुर रहमान और तुषार देशपांडे को भी 1-1 विकेट मिला।

## एक नजर

### लातविया, अजरबैजान ने पेरिस ओलंपिक के लिए किया क्वालीफाई



**हांगकांग।** लातविया की पुरुष और अजरबैजान की महिला 3x3 टीमों ने रविवार को यहां पहला फीबा 3x3 ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट जीतने के बाद पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया। हांगकांग में यूनिवर्सलिटी-संचालित ओलंपिक टूर्नामेंट 1 (यूओक्यूटी 1) में पुरूष और महिला दोनों वर्गों में आठ-आठ टीमों ने भाग लिया है, प्रत्येक वर्ग के विजेता सीधे पेरिस 2024 के लिए क्वालीफाई कर रहे हैं। पुरुष वर्ग में मौजूदा स्वर्ण पदक विजेता लातविया ने ऑस्ट्रिया पर 19-14 से जीत के साथ ओलंपिक में अपनी जगह पक्की की। नौरिस मिजिस एक बार फिर टीम के स्टार खिलाड़ी थे क्योंकि उन्होंने फाइनल में पांच अंक और सात रिबाउंड लगाए, जिससे उन्हें इवेंट का एमवीपी नामित किया गया। लातविया सर्बिया, संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन की सूची में शामिल हो गया है। जिन्होंने 1 नवंबर, 2023 तक फीबा 3x3 फेडरेशन रैंकिंग के आधार पर सीधे पेरिस 2024 के लिए अर्हता प्राप्त कर ली है।

### मैं नतीजों के बारे में ज्यादा नहीं सोचता : पथिराना



**मुंबई।** अपनी शानदार गेंदबाजी की बदौलत चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को मुंबई इंडियंस के खिलाफ जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना ने कहा कि वह नतीजों के बारे में ज्यादा नहीं सोचते, सिर्फ अपने क्रियान्वयन को लेकर चिंतित रहते हैं। पथिराना ने मैच में अपने चार ओवर में 28 रन देकर 4 विकेट लिए। पथिराना हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण सीएसके के पिछले दो मैचों में नहीं खेल पाए थे, लेकिन जब उन्होंने मुंबई के खिलाफ वापसी की तो अपनी शानदार गेंदबाजी की बदौलत सीएसके को 20 रन से जीत दिला दी, उन्हें उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। रविवार को मैच समाप्त होने के बाद पथिराना ने कहा जब हम पावरप्ले में गेंदबाजी कर रहे थे तो मैं काफी घबराया हुआ था। मुझसे कहा गया कि मैं शांत रहूं और अपना काम करूं, इससे मुझे आत्मविश्वास मिला।

## एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप: अंजू और हर्षिता ने जीता रजत पदक

**बिश्केक। एजेंसी**

किर्गिस्तान के बिश्केक में चल रहे 2024 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए रविवार को भारत की पहलवान अंजू और हर्षिता ने रजत पदक जीता। अंजू ने महिलाओं के 53 किग्रा भार वर्ग में रजत पदक जीता, जबकि हर्षिता महिलाओं के 72 किग्रा वर्ग में दूसरे स्थान पर रहीं। मनीषा और अंतिम पंघाल ने भी क्रमशः महिलाओं के 62 किग्रा और 65 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक हासिल किए। फिलीपींस की अलिया गावलेज के खिलाफ अपना मैच 12-1 से जीतने के बाद, अंजू ने क्वार्टर फाइनल में श्रीलंका की पहलवान नेथमी पोरुथोटेज को 14-4 से हराया। उन्होंने सेमीफाइनल में पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की चुन लेई पर 9-6 से जीत हासिल की। हालांकि, अंजू फाइनल में पिछड़ गईं और उन्हें डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया की जी हयांग किम से 10-0 से हार का सामना करना पड़ा और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। हर्षिता भी महिलाओं के 72 किग्रा के स्वर्ण पदक मैच में चीन की कियान जियांग से 5-2 से हार गईं और रजत पदक हासिल किया। सेमीफाइनल में जापान की सकुरा मोटोकी से 3-0 से हार का सामना करने के बाद, मनीषा ने महिलाओं के



62 किग्रा में कांस्य पदक मैच में फिलीपींस की एरियन जी कार्पो पर 5-0 की आसान जीत हासिल करने के बाद कांस्य पदक जीता। अंतिम ने रविवार को महिलाओं के 65 किलोग्राम भार वर्ग में भारत के लिए दूसरा कांस्य पदक हासिल किया। उन्होंने अपना कांस्य पदक मुकाबला जीता क्योंकि उनके प्रतिद्वंद्वी, दक्षिण कोरिया के सोबिन किम घायल हो गए थे। रविवार को चार पदकों के साथ, एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप 2024 में भारत के पदकों की संख्या कुल 9 हो गई है, जिसमें चार रजत और पांच कांस्य पदक शामिल हैं। पहले दिन शनिवार को तीन पदक आए, जिसमें पुरुषों की फ्रीस्टाइल कुश्ती में एक रजत और दो कांस्य शामिल थे।

## क्लाइंबिंग विश्व कप: जंजा गार्नब्रेट ने जीता महिला वर्ग का खिताब

**सूजौ। एजेंसी**

स्लोवेनिया की जंजा गार्नब्रेट ने रविवार को यहां 2024 आईएफएससी क्लाइंबिंग विश्व कप में महिला वर्ग का स्वर्ण पदक जीता, जबकि ब्रिटेन के टोबी रॉबर्ट्स ने पुरुष वर्ग का खिताब जीता। शाओक्सिंग केकियाओ में बोल्डर वर्ग में खिताब जीतने के कुछ ही दिनों बाद ओलंपिक चैंपियन ने सीजन-ओपनिंग लीड प्रतियोगिता जीती। गार्नब्रेट आठ फाइनलिस्टों में से एकमात्र एथलीट थीं जिन्होंने शीर्ष स्थान हासिल किया और विश्व कप स्वर्ण पदक जीता।

25 वर्षीय खिलाड़ी ने एक दिन पहले सेमीफाइनल में भी यही उपलब्धि हासिल की थी। चीन की लुओ झिलू ने 44 स्कोर के साथ रजत पदक जीता, जो विश्व कप में उनका पहला लीड पदक है। दक्षिण कोरिया के



सेओ चाए-ह्यून ने 43 के साथ कांस्य पदक जीता। जीत के बाद गार्नब्रेट ने सिन्हुआ के हवाले से कहा बोल्डर के साथ मेरी शुरूआत अच्छी रही और मुझे उम्मीद थी कि लीड के साथ भी मेरी वही स्थिति होगी, और मुझे लगता है कि मेरी लीड का आकार बोल्डर जितना ही अच्छा है,मैं अब घर वापस जाने और इंसब्रुक में विश्व कप के लिए लौटने से पहले कुछ और प्रशिक्षण लेने के लिए उत्साहित हूं। पुरुष वर्ग के फाइनल में रॉबर्ट्स ने स्वर्ण पदक हासिल किया, जबकि जापान के ताइसी होमा को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। जापान के सोराटो अनराकु ने कांस्य पदक जीता।

## यूनिफाइड फुटबॉल टूर्नामेंट: ढाका जाने से पहले भारतीय दल को दी गई भव्य विदाई

**नई दिल्ली। एजेंसी**

स्पेशल ओलंपिक भारत ने सोमवार को स्पेशल ओलंपिक साउथ एशिया 7-ए-साइड यूनिफाइड फुटबॉल टूर्नामेंट 2024 के लिए ढाका जाने वाले भारतीय दल के लिए भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया। यूनिफाइड फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन 16 से 20 अप्रैल 2024 तक ढाका में होने वाला है। इस समारोह में गेस्ट ऑफ ऑनर डॉ तरनजीत और एमआरआईआईआरएस के डीन डॉ एनसी वाधवा मौजूद थे। स्पेशल ओलंपिक भारत के कार्यकारी निदेशक वीरेंद्र कुमार महेंद्रू ने भी दर्शकों को संबोधित



किया। उपस्थित दर्शकों की खुशी के लिए और भारतीय एथलीटों की प्रतिभा की झलक दिखाने के लिए पुरुष और महिला दोनों टीमों के दो एक्सीवेशन मैच भी आयोजित किए गए। मानव रचना यूनिवर्सिटी के छात्रों ने भी मैचों में भाग लिया। टूर्नामेंट में भारत की दो टीमें क्रमशः पुरुषों और महिलाओं की भाग लेंगी। एक टीम में 11 एथलीट और प्रत्येक में एकीकृत भागीदार, साथ ही पांच कोच शामिल हैं। जो आठ राज्यों (उत्तर प्रदेश, झारखंड, गुजरात, पंजाब, हरियाणा, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल और दिल्ली) का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इस आयोजन में पांच देशों - बांग्लादेश, भारत, इंडोनेशिया, मालदीव और हांगकांग का प्रतिनिधित्व करने वाली नौ एकीकृत फुटबॉल टीमें भाग लेंगी। मैच बशुंधरा किंग्स स्पोर्ट्स एरिना स्टेडियम (बशुंधरा), ढाका में आयोजित किए जायेंगे।

भारतीय दल को प्रेरित करते हुए स्पेशल ओलंपिक भारत की चेयरपर्सन डॉ मल्लिका नड्डा ने कहा ढाका में 7-ए-साइड यूनिफाइड फुटबॉल टूर्नामेंट खेल के मैदान पर और बाहर विभिन्न पृष्ठभूमि और क्षमताओं के लोगों को जोड़ने में यूनिफाइड स्पोर्ट्स की उत्कृष्ट शक्ति पर ध्यान आकर्षित करने का एक और अवसर है।

### मेजर लीग क्रिकेट: स्टीवन स्मिथ के साथ वाशिंगटन फ्रीडम टीम में शामिल हुए ट्रैविस हेड

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के स्टार सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड मेजर लीग क्रिकेट 2024 (एमएलसी) के आगामी संस्करण के लिए वाशिंगटन फ्रीडम में अपने हमवतन स्टीवन स्मिथ के साथ शामिल होंगे। टी20 विश्व कप के समापन के बाद 4 जुलाई को एमएलसी शुरू होगी। हेड ने विश्व कप के बाद आराम करने के बजाय क्रिकेट खेलने का फैसला किया है। ऑस्ट्रेलिया विश्व कप के समापन के बाद सितंबर तक कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेलेगा, जिसके बाद वे इंग्लैंड के सफेद गेंद दौरे पर निकलेंगे। हेड वर्तमान में चल रहे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में सनराइजर्स हैदराबाद का हिस्सा हैं। उन्होंने चार मैचों में भाग लिया है और 33.25 की औसत और 172.73 की स्ट्राइक रेट से 133 रन बनाए हैं। ऑस्ट्रेलिया की टी20 विश्व कप जीत के बाद, हेड ने इस साल फरवरी में वेस्टइंडीज के खिलाफ अपनी घरेलू सफेद गेंद श्रृंखला से बाहर होने का फैसला किया था। हेड और स्मिथ वाशिंगटन फ्रीडम के नए कोच, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग के साथ जुड़ेंगे। पोंटिंग ने हाल ही में ग्रेग शिपर्ड की जगह ली और एमएलसी फ्रेंचाइजी के नए कोच बने। स्मिथ पिछले साल फ्रीडम के ब्रांड एंबेसडर के रूप में टीम में शामिल हुए थे। ऑस्ट्रेलिया में स्मिथ की स्थानीय टीम, न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) ने फ्रीडम के साथ एक उच्च-प्रदर्शन समझौता किया है। स्मिथ के अलावा, फ्रीडम ने हाल ही में न्यूजीलैंड के हरफनमौला खिलाड़ी रचिन रवींद्र के साथ अनुबंध की घोषणा की। उन्होंने 2023 सीजन के दो विदेशी खिलाड़ियों - मार्को जानसन और अकील होसेन को भी बरकरार रखा।स्मिथ और हेड के अलावा, एमएलसी के दूसरे सीजन में शामिल होने वाले अन्य ऑस्ट्रेलियाई सितारों में एडम जम्पा (लॉस एंजिल्स नाइट राइडर्स), स्पेंसर जॉनसन (नाइट राइडर्स) और टिम डेविड (एमआई न्यूयॉर्क) हैं।

# कारोबार की खबरें

## ईरान-इजराइल तनाव के कारण टूटा शेयर बाजार, सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट

**नई दिल्ली। एजेंसी**

ईरान और इजराइल के बीच बने तनाव का असार घरेलू शेयर बाजार पर भी नजर आ रहा है। कारोबार की शुरूआत बड़ी गिरावट के साथ हुई। बाजार खुलने के बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना कर सेंसेक्स और निफ्टी को सहारा देने की कोशिश भी की। इसके बावजूद ये दोनों सूचकांक लगातार लाल निशान में ही बने हुए हैं। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.76 प्रतिशत और निफ्टी 0.75 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे।



शुरूआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से ओएनजीसी, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, टीसीएस, नेस्ले और टाइटन कंपनी के शेयर 3.86 प्रतिशत से लेकर 0.19 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर टाटा मोटर्स, श्रीराम फाइनेंस, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, बीपीसीएल और अडाणी एंटरप्राइज के शेयर 2.39 प्रतिशत से लेकर 1.82 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे।

अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,159 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 178 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,981 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 6 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 24 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल शेयरों में से 8 शेयर हरे निशान में और 42 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स 929.74 अंक की बड़ी गिरावट के साथ 73,315.16 अंक के स्तर पर खुला।

## थोक महंगाई दर बढ़कर 0.53 फीसदी पर

**नई दिल्ली। एजेंसी**

देश में सब्जियों, आलू, प्याज और कच्चे तेल की कीमतों में इजाफे के कारण मार्च में थोक महंगाई दर मामूली बढ़कर 0.53 फीसदी पर पहुंच गई है। इसी साल फरवरी में यह दर 0.20 फीसदी रही थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित थोक महंगाई दर सालाना आधार पर मार्च, 2024 में 0.53 फीसदी रही। इससे पिछले महीने फरवरी में यह 0.20 फीसदी रही थी।

दरअसल, डब्ल्यूपीआई आधारित थोक महंगाई दर अप्रैल से अक्टूबर तक लगातार शून्य से नीचे बनी हुई थी। हालांकि, नवंबर, 2023 में यह 0.26 फीसदी रही थी, जबकि दिसंबर, 2022 में यह 5.02 फीसदी के स्तर पर थी। मंत्रालय के जारी आंकड़ों के मुताबिक आलू की महंगाई मार्च, 2023 में 25.59



फीसदी थी, जो मार्च, 2024 में 52.96 फीसदी रही है। इसी तरह प्याज की महंगाई 56.99 फीसदी रही है, जो मार्च, 2023 में शून्य से नीचे 36.83 फीसदी थी। आंकड़ों के अनुसार वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने से मार्च में कच्चे पेट्रोलियम खंड में महंगाई 10.26 फीसदी बढ़ गई है। हालांकि, ईंधन और बिजली की महंगाई मार्च में शून्य से 0.77 फीसदी घटी है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की ओर से पिछले हफ्ते जारी सीपीआई पर आधारित खुदरा महंगाई दर खाद्य पदार्थों की कीमतों में गिरावट के कारण घटकर पांच महीने के निचले स्तर 4.85 फीसदी पर आ गई है।

## ग्लोबल मार्केट से कमजोरी के संकेत

**नई दिल्ली। एजेंसी**

ग्लोबल मार्केट से कमजोरी के संकेत मिल रहे हैं। पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार में गिरावट का दबाव बना रहा। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स मामूली बढ़त के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार की तरह ही यूरोपीय बाजार भी पिछले सत्र में दबाव में कारोबार करते नजर आए। एशियाई बाजार में भी आज आमतौर पर गिरावट का रुख बना हुआ है। अमेरिका में शुक्रवार को आए महंगाई के आंकड़ों के बाद अमेरिकी बाजार 1.5 प्रतिशत तक लुढ़क गए। डाउ जॉन्स 475 अंक टूट कर बंद हुआ। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 1.46 प्रतिशत की गिरावट के साथ 5,123.41 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा नैस्डेक 270.80 अंक यानी 1.65 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 16,171.40



अंक के स्तर पर बंद हुआ। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 0.16 प्रतिशत की मजबूती के साथ 38,044.15 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है।

अमेरिकी बाजार की तरह यूरोपीय बाजार भी पिछले सत्र के दौरान लगातार दबाव में कारोबार करने के बाद मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एफटीएसई इंडेक्स 0.90 प्रतिशत की मजबूती के साथ 7,995.58 अंक के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, सीएसी इंडेक्स ने 0.16 प्रतिशत की गिरावट के साथ 8,010.53 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 0.13 प्रतिशत टूट कर 17,930.32 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

ईरान और इजराइल के बीच बनी तनाव की स्थिति की वजह से एशियाई बाजारों में भी आज आमतौर पर दबाव बना हुआ है। एशिया के 9 बाजारों में से 7 के सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 2 सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं। जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.45 प्रतिशत की तेजी के साथ 7,286.88 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह शंघाई कंपोजिट इंडेक्स आज 1.20 प्रतिशत की बड़ी छलांग लगा कर 3,055.99 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है।

## एक नजर

### नेपाल के सहकारी घोटाला में गृहमंत्री के व्यापारिक पार्टनर सहित 27 के खिलाफ मुकदमा

**काठमांडू।** नेपाल के चर्चित सहकारी घोटाला में गृहमंत्री रवि लामिछाने की भूमिका की जांच की मांग के बीच उनके व्यापारिक साझेदार सहित 27 लोगों के खिलाफ कोर्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है। गृहमंत्री की संदिग्ध भूमिका की वजह से सरकार को आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। केन्द्रीय अनुसंधान ब्यूरो ने इस घोटाले में गृहमंत्री रवि लामिछाने के व्यापारिक पार्टनर जीबी राई को मुख्य अभियुक्त बनाते हुए जिला अदालत रूपन्देही में मुकदमा दर्ज कराया है। रूपन्देही के एसपी रंजीत सिंह राठौड़ ने बताया कि जीबी राई के अलावा उनके सहकारी बैंक में काम करने वाले कर्मचारी और संचालक समिति के सदस्यों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। इस घोटाला में पूर्व उपराष्ट्रपति एवं माओवादी नेता नन्दकिशोर पुन के बेटे दीपेश पुन को भी अभियुक्त बनाया गया है। एसपी राठौड़ के मुताबिक सहकारी के संस्थापक जीबी राई के अलावा वर्तमान अध्यक्ष ओमप्रकाश गुरूंग को भी अभियुक्त बनाया गया है।

### अपनों के खोने के गम में डूबे लोग



**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया में सिडनी के उपनगर बौंडी जंक्शन के लोग अपनों के खोने के गम में अब भी डूबे हैं। एक सिरफिरे चाकूबाज के हमले में छह लोगों की मौत से लोग उबर नहीं पा रहे। सामूहिक हत्याकांड के एक दिन बार रविवार को लोग बौंडी जंक्शन में बड़ी संख्या में एकत्र हुए और मृतकों की आत्मा की शांति के लिए बनवाए गए स्मारक में फूल चढ़ाए। अमेरिकी समाचार पत्र द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, इस घातक हमले से ऑस्ट्रेलिया सहम गया है। ऑस्ट्रेलियाई पुलिस अभी तक सिडनी में हत्यारे का मकसद निर्धारित नहीं कर पाई है। एक पुलिस अधिकारी ने कहा है कि हमलावर को मार गिराया गया है। पुलिस ने कहा है कि वह मानसिक रूप से बीमार था। दिल दहला देने वाली यह वारदात प्रसिद्ध बॉन्डी बीच के पास एक महंगे उपनगरीय मॉल में हुई।

### मुजफ्फरनगर हादसे में 19 मजदूरों को निकाला गया, दो की मौत

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर हादसे में चलाया गया रेस्क्यू ऑपरेशन सोमवार सुबह खत्म हो गया। 15 घंटे से ज्यादा समय तक चले इस ऑपरेशन में 19 मजदूरों को मलबे से बाहर निकाला गया। हादसे में दो मजदूरों की मौत हो गई, जबकि 17 मजदूरों को बचा लिया गया है। मेरठ जोन के अपर पुलिस महानिदेशक डीके ठाकुर ने बताया कि मलबे में दबे लोगों को बाहर निकालने के लिए एनडीआरएफ-एसडीआरएफ समेत कई टीमें लगी थीं। रविवार की शाम शुरू हुए इस अभियान की समाप्ति सोमवार की सुबह उस वक्त हुई जब सभी मजदूरों को बाहर निकाल लिया गया। इसके बाद इस बात की पुष्टि हो गई कि मलबे में कोई मजदूर नहीं दबा है और बचाव अभियान समाप्त कर दिया गया।

### उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया मतदान केंद्रों और अंतर जिला नाकों का निरीक्षण

सागर। एडीएम एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी रुपेश उपाध्याय ने रविवार को राहतगढ़ तहसील में भ्रमण के दौरान वहां के मतदान केंद्रों एवं अंतर जिला नाकों का निरीक्षण किया। उन्होंने सागर और रायसेन जिले की सीमा पर लालबाघ नाके का भी निरीक्षण किया, जहां एसएसटी टीम के कार्यपालिक मजिस्ट्रेट अनुपस्थित मिले जिनके खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।उन्होंने नाकों पर सभी व्यवस्थाओं को चाक चौबंद रखने के निर्देश दिए। उन्होंने राहतगढ़ में मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया, जहां सीएमओ राहतगढ़ को लोकसभा निर्वाचन के संबंध मतदान केंद्रों पर मतदान केंद्र का विवरण शीघ्र अंकित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समस्त मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की सुविधाओं के समस्त प्रबंध किए जाएं साथ ही ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए पानी , छाया की भी समुचित व्यवस्था की जाए। निरीक्षण के दौरान एसडीम अशोक सेन सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

### कार से दस लाख रुपये बरामद

**गाजियाबाद।** आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में साहिबाबाद थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक कार से दस लाख रुपये बरामद किये हैं। इन रुपये का ब्यौरा नहीं मिलने पर जब्त कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पटेल ने पत्रकारों को बताया कि रविवार की देर रात में थाना साहिबाबाद पुलिस टीम चेकिंग कर रही थी। इस दौरान एक संदिग्ध चार पहिया वाहन को रोक कर तलाशी ली गई। इस दौरान कार से बिहार निवासी विश्वास जायसवाल और उसके साथी को दबोचा गया है। तलाशी के दौरान कार से दस लाख रुपये नकद बरामद हुआ है। दोनों व्यक्तियों से पूछने पर बरामद रुपयो के संबंध में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया।

# कांग्रेस भ्रष्टाचार और परिवारवाद की गारंटी देने वाली पार्टी : धामी

- संकल्प पत्र में सभी को आगे बढ़ाने की बात समाहित है
- उत्तराखण्ड को बेहतर और सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाना हमारी पहली प्राथमिकता है



**देहरादून। एजेंसी**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री धामी ने सोमवार को मसूरी में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तराखण्ड के मूल स्वरूप से किसी भी कीमत पर खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आज मोदी को हराने के लिए भ्रष्टाचारियों ने ठगबंधन बना लिया है। कांग्रेस भ्रष्टाचार और परिवारवाद की गारंटी देने वाली पार्टी है। साल 2014 से पूर्व कांग्रेस के शासनकाल में हर दिन कोई घोटाला होता था। सोमवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा टिहरी लोकसभा के पार्टी उम्मीदवार माला राज्य लक्ष्मी शाह के समर्थन में गांधी चौक मसूरी में जनसभा को संबोधित करने पहुंचे हैं। इससे पहले मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनसभा में पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के देवभूमि आगमन पर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि आपकी सादगी से हम सभी कार्यकताओं को प्रेरणा मिलती है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि भाजपा के संकल्प पत्र में सभी को आगे बढ़ाने की बात समाहित है। उत्तराखण्ड को बेहतर और सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाना हमारी प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हमने प्रदेश की जनता से 2022 के चुनाव में यूसीसी का वादा किया था।

जिसे हमने पूरा किया है। भाजपा के संकल्प पत्र में भी इसे जगह दी गई है। उत्तराखण्ड से निकली समान अधिकारों की गंगा पूरे देश को सिंचित करेगी। कांग्रेस के लोग अतिक्रमण पर राजनीति करते हैं। मैं शहीदों की इस भूमि से कहना चाहता हूं कि उत्तराखण्ड के मूल स्वरूप से किसी भी कीमत पर खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

कांग्रेस भ्रष्टाचार और परिवारवाद की गारंटी देने वाली पार्टी है। 2014 से पूर्व कांग्रेस के शासनकाल में हर दिन कोई घोटाला होता था। आज मोदी जी को हराने के लिए भ्रष्टाचारियों ने ठगबंधन बना लिया है। इस बार हमें कांग्रेस को रिकॉर्ड मतों से हराकर जीत की हैट्रिक लगानी है। आप सभी 19 अप्रैल को मतदान कर प्रधानमंत्री मोदी को मजबूती प्रदान करने में अपना योगदान दें।

### उत्तराखंड के मूल स्वरूप से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

देहरादून। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री धामी ने सोमवार को मसूरी में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तराखण्ड के मूल स्वरूप से किसी भी कीमत पर खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आज मोदी को हराने के लिए भ्रष्टाचारियों ने ठगबंधन बना लिया है। कांग्रेस भ्रष्टाचार और परिवारवाद की गारंटी देने वाली पार्टी है। साल 2014 से पूर्व कांग्रेस के शासनकाल में हर दिन कोई घोटाला होता था। सोमवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा टिहरी लोकसभा के पार्टी उम्मीदवार माला राज्य लक्ष्मी शाह के समर्थन में गांधी चौक मसूरी में जनसभा को संबोधित करने पहुंचे हैं। इससे पहले मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनसभा में पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के देवभूमि आगमन पर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि आपकी सादगी से हम सभी कार्यकर्ताओं को प्रेरणा मिलती है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि भाजपा के संकल्प पत्र में सभी को आगे बढ़ाने की बात समाहित है। उत्तराखण्ड को बेहतर और सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाना हमारी प्राथमिकता है।

देवभूमि पर पंच कमल खिलाने के लिए दिया जीत का मंत्र, भाजपा के पक्ष में मांगा समर्थन

# मोदी ने बदल दी परिभाषा : जगत प्रकाश नड्डा



**देहरादून। एजेंसी**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और स्टार प्रचारक जगत प्रकाश नड्डा ने आजादी से लेकर अमृत काल तक की राजनीति का रवैया बताया। उन्होंने कहा कि पहले लोग ये तय नहीं कर पाए कि अर्थ जरूरी है, अर्थशास्त्र जरूरी है या मानवता जरूरी है। जापान, आस्ट्रेलिया, रूस कोई देश के नेता ये तय नहीं कर पाए कि मानवता जरूरी है या राजनीति। वे सोमवार को टिहरी लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत मसूरी के गांधी चौक पर आयोजित विजय संकल्प जनसभा में बोल रहे थे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि 10 वर्ष पहले राजनीति का रवैया उदासीन भरा था, लेकिन मोदी ने राजनीति की परिभाषा, संस्कृति, चाल-ढाल, तौर-तरीका और राजनीतिक दृष्टि से संकल्प की परिभाषा बदल दी है। आज मोदी सरकार विकसित भारत के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है।

विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने का चुनाव है लोस चुनाव- मसूरी के गांधी चौक पर विजय संकल्प जनसभा में भाजपा उम्मीदवार माला राज्यलक्ष्मी शाह के समर्थन में लोगों से जनसमर्थन मांगा और देवभूमि पर पंच कमल खिलाने के लिए जीत का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि ये चुनाव की बेला है और यह चुनाव मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने का चुनाव है।

**कोरोना के समय लोगों ने देखा नेतृत्व का असर-**

नड्डा ने कहा कि पहले कोई दवा आने में वर्षों नहीं शताब्दी लगते थे, लेकिन नेतृत्व का क्या असर होता है ये लोगों ने कोरोना के समय देख लिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कोरोना काल के दौरान केवल नौ माह के भीतर भारत को लड़ने के लिए तैयार किया और वैज्ञानिकों के सहयोग से वैक्सीन तैयार करवाई।

**ये है बदलता भारत-**

कोरोना काल का जिक्र करते हुए नड्डा ने कहा कि तमाम देश जूझते रहे, लेकिन मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने सख्त फैसला लिया और सख्ती से लॉकडाउन लगाया। दो महीने के अंदर देश को कोरोना से लड़ने के लिए तैयार किया। उस समय लोग कहते थे, जान है तो जहान है। जब हम तैयार हो गए लड़ने के लिए तो मोदी ने कहा कि जान भी है और जहान भी है। ये बदलता भारत है।

## सतर्क और सजग रहें, बहकावे में नहीं आवें : गोविंदराम मेघवाल

**बीकानेर। एजेंसी**

लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के उम्मीदवार गोविन्दराम मेघवाल के पक्ष में रामपुरा बस्ती, व्यापारियान मोहल्ला, सीताराम भवन सहित अनेक स्थानों पर नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया गया। जिसमें बोलते हुए पूर्व मंत्री डॉ बी डी कल्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने वादों को पूरा करने में विफल रहे हैं। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा ने कांग्रेस का गारंटी शब्द चुरा लिया और कांग्रेस की तर्ज पर गारंटी देने लगे। कांग्रेस यदि गारंटी देती हैं तो उसे पूरा भी करती है। चाहे आप ओपीएस देख लो या हर परिवार की महिला मुखिया को 1 लाख रुपए देने की गारंटी। कांग्रेस शासित राज्यों में यह पूरी भी की जा रही हैं। प्रत्याशी गोविन्दराम मेघवाल ने कहा कि भाजपा द्वारा जनता को धर्म के नाम पर, झूठे



वादे करके, ध्यान बंटाने वाली बातें बोलकर बरगलाया जाएगा। हमको सतर्क व सजग रहना है। भाजपा के बहकावे में नहीं आना है और इस बार परिवर्तन की इस लहर में कांग्रेस को चुनकर देश में लोकतंत्र को मजबूत करना है। मेघवाल ने कहा कि पिछले 15 सालों में भाजपा प्रत्याशी ने क्या किया। वे अपने कार्यकाल का हिसाब किताब तक नहीं दे पा रहे। उन्होंने आमजन से अपील की कि 19 अप्रैल को सोच समझकर और जागरूक होकर जनता के कल्याण में काम करने वाली कांग्रेस को वोट करना है।

## विकसित भारत के लिए साबित होगा भाजपा का संकल्प पत्र: दयाशंकर



**मीरजापुर। एजेंसी**

भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा चुनाव 2024 के मेनिफेस्टो व भाजपा का संकल्प 'मोदी की गारंटी' के संदर्भ में सोमवार को जिला कार्यालय बरौधा कचार में जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह की अध्यक्षता में पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। मुख्य वक्ता प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री व मीरजापुर क्लस्टर प्रभारी दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र महिला, गरीब, युवा, महिला एवं किसान को समर्पित करते हुए 2047 तक विकसित भारत की नींव रखने वाला साबित होगा।

मुख्य वक्ता ने बताया कि रविवार को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भाजपा का संकल्प, मोदी की गारंटी का लोकार्पण किया। संकल्प पत्र के रूप में जारी घोषणा पत्र में किए गए सभी वादों पर मोदी की गारंटी की मुहर लगी है। भाजपा ने अबकी बार 400 पार के मिशन को पूरा करने के लिए मोदी सरकार की पिछले 10 वर्ष की जनकल्याणकारी योजनाओं पर भरोसा जताया है और इसके विस्तार का वादा किया है। जांच एजेंसियों के दुरुपयोग के विपक्ष के आरोप को खारिज करते हुए भाजपा ने साफ कर दिया कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध कार्रवाई जारी रहेगी।

## इजराइल पर ईरान के हमले की जी-7 देशों ने की निंदा, संयम रखने का किया आह्वान

**लंदन। एजेंसी**




जी7 देशों के नेताओं ने रविवार को इजराइल पर ईरान के भीषण हमले की निंदा की और ₹संयम₹ रखने का आह्वान किया। यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल ने ऑनलाइन बैठक के बाद एक्स पर लिखा, हमने सर्वसम्मति से इजराइल के खिलाफ ईरान के हमले की निंदा की। हम तनाव कम करने की दिशा में काम करने के अपने सभी प्रयास जारी रखेंगे। गाजा में संकट को यथाशीघ्र समाप्त करने से, विशेष रूप से तत्काल युद्धविराम के माध्यम से, फर्क पड़ेगा। नेताओं ने इजराइल के लिए अपना पूर्ण समर्थन की पेशकश करते हुए कहा कि वे आगे अस्थिर करने वाली पहल के जवाब में आगे कदम उठाने के लिए तैयार हैं।

बैठक के बाद इतालवी जी 7 प्रेसीडेंसी द्वारा प्रकाशित एक वीडियों वाले बयान में कहा, हम हालात को स्थिर करने और आगे की स्थिति को बिगड़ने से रोकने के लिए काम करना जारी रखेंगे। इस भावना में, हम मांग करते हैं कि ईरान और उसके प्रतिनिधि अपने हमले बंद कर दें, और हम आगे और अस्थिर करने वाली पहलों के जवाब में अब और कदम उठाने के लिए तैयार हैं।

इस बीच, ईरान ने कट्टर दुश्मन इजराइल के खिलाफ रातोंरात मिसाइलों और हमले वाले ड्रोनों की एक अभूतपूर्व लहर शुरू करने के बाद विश्व नेताओं ने संयम बरतने का आग्रह किया। ऐसे समय में जब गाजा युद्ध ने मध्य पूर्व में तनाव बढ़ा दिया है। इजराइली सेना ने कहा कि इजराइल और उसके सहयोगियों ने आने वाले अधिकांश प्रोजेक्टाइल को रोक दिया, जिसमें 12 लोगों के घायल होने और किसी की मौत नहीं होने की सूचना है, लेकिन हमले ने इजरायली जवाबी हमले की आशंकाओं को तेजी से बढ़ा दिया। इजराइल के शीर्ष सहयोगी संयुक्त राज्य अमेरिका ने भी सावधानी और शांति का आग्रह किया। व्हाइट हाउस राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने बताया, ₹हम इसे आगे बढ़ते हुए नहीं देखना चाहते। हम ईरान के साथ व्यापक युद्ध की उम्मीद नहीं कर रहे हैं।

### स्कूल बसों की व्यापक जांच, नशे में मिला कॉलेज वेन का ड्राइवर

फतेहाबाद। जिला में सोमवार को ट्रैफिक पुलिस ने एक बड़ा अभियान चलाकर स्कूल बसों की व्यापक जांच की। जांच के दौरान नियम कायदे पूरे न करने पर पांच बसों को इम्पाउंड किया गया तथा तीन वेन के चालान काटे गए। इनमें एक कॉलेज वैन का चालक शराब के नशे में पाया गया। स्कूल संचालकों में वाहनों की जांच का इतना खौफ था कि टोहाना में निजी स्कूलों की तीन दिन की छुट्टियां घोषित कर दी गई। अनेक स्कूलों ने उन बसों को सड़क पर ही नहीं उतारा जिनके दस्तावेज पूरे नहीं थे। इन बसों में आने वाले बच्चों के अभिभावकों को स्कूल की तरफ से तड़के फोन किया गया कि वह खुद बच्चों को छोड़कर जाए और छुट्टी में स्कूल से लेकर जाए।आज चलाए गए सघन जांच अभियान के दौरान गांव बेहबलपुर स्थित एक कॉलेज की बस का चालक नशे में मिला। पुलिस ने बस को इंपाउंड कर लिया जबकि अन्य चार स्कूलों की बसों के परमिट ने होने व फिटनेस सर्टिफिकेट न होने के कारण इंपाउंड किया गया । प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन टोहाना के पदाधिकारी बलदेव सैनी ने बताया कि आरटीओ द्वारा निजी स्कूल बसों पर 27 कड़े नियम लागू किये गए है।

## लोकआस्था

दर्शन मार्ग पर यात्री सुविधा केंद्र पर रेल आरक्षण केंद्र स्थापित किया जाएगा

# रामलला का ब्रह्म मुहूर्त से रात्रि 11 बजे तक होंगे दर्शन : चम्पत

**अयोध्या। एजेंसी**

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट महासचिव चंपत राय ने सोमवार को प्रेसवार्ता कर रामनवमी पर्व के सम्बंध में कुछ नयी व्यवस्थाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि श्री राम जन्मभूमि मन्दिर में मंगला आरती के पश्चात ब्रह्म मुहूर्त में अति-प्रातः 3:30 बजे से अभिषेक श्रृंगार एवं दर्शन साथ-साथ चलते रहेंगे। श्रृंगार आरती प्रातः 5 बजे होगी। श्री रामलला का दर्शन एवं सभी पूजा विधि यथावत साथ-साथ चलती रहेगी। उन्होंने बताया कि दर्शन का समय बढ़ाकर 19 घंटे कर दिया गया है,जो मंगला आरती से रात 11 बजे तक चलेगा। भगवान को चार बार भोग लगाने के लिए सिर्फ पांच-पांच मिनट ही पर्दा बंद रहेगा। उन्होंने श्रद्धालुओं से निवेदन किया है कि पर्दा बन्द

- पर्दा बन्द रहने के समय धैर्य बनाकर रहें एवं श्री राम नाम संकीर्तन तथा प्रभु का भजन करते रहें, तत्पश्चात परिस्थिति अनुसार भोग एवं शयन आरती होगी



रहने के समय धैर्य बनाकर रहें एवं श्री राम नाम संकीर्तन तथा प्रभु का भजन करते रहें। उन्होंने बताया कि रात्रि 11 बजे तक दर्शन का क्रम पूर्ववत चलता रहेगा। तत्पश्चात परिस्थिति अनुसार भोग एवं शयन आरती होगी। शयन आरती के पश्चात प्रसाद मन्दिर निकास मार्ग पर मिलेगा। ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय ने बताया कि दर्शनार्थी अपना मोबाइल, जूता, चप्पल, बड़े-बैग एवं प्रतिबंधित सामग्री आदि जितना दूर सुरक्षित रखकर आएंगे, दर्शन में उतनी ही अधिक सुविधा होगी।

संभवतः ये सभी सामान आदि अपने गुरू स्थान आदि में रखें तो सुगमता रहेगी। उन्होंने बताया कि दर्शन मार्ग पर यात्री सुविधा केंद्र पर रेल आरक्षण केंद्र स्थापित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि 16, 17, 18 एवं 19 अप्रैल को सुगम दर्शन पास, वी.आई.पी. दर्शन पास, मंगला आरती पास, श्रृंगार आरती पास एवं शयन आरती पास नहीं बनेंगे अर्थात किसी भी प्रकार के पास जारी नहीं किए जाएंगे। अर्थात उपरोक्त दिनों में सभी सुविधाएं निरस्त रहेगी। उन्होंने कहा कि सुग्रीव किला के नीचे, बिड़ला धर्मशाला के सामने, श्री रामजन्मभूमि प्रवेश द्वार पर 'श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र' द्वारा यात्री सेवा केन्द्र बनाया गया है। जिसमें जन-सुविधाएँ उपलब्ध हैं।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिल कर बैगा बालिकाओं ने भेंट की गोंडी पेंटिंग

- 30 छात्रों के साथ ही छह सदस्यीय शिक्षक दल रहे शामिल

**अनूपपुर। एजेंसी**



जिले के पुष्पराजगढ़ विकासखंड के ग्राम पोंडकी में संचालित मां शारदा कन्या विद्यापीठ की छात्राओं ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भेंट की। इस दौरान विद्यालय की 30 छात्रों के साथ ही छह सदस्यीय शिक्षक दल उपस्थित रहा। विद्यालय की छात्राओं से मिलते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने उनसे शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली। शैक्षणिक गतिविधियों के साथ ही विद्यालय में छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए आयोजित की जा रही विभिन्न गतिविधियों की जानकारी शिक्षकों ने राष्ट्रपति को दी। इसके साथ ही विद्यालय की छात्राओं द्वारा बनाई गई गोंडी पेंटिंग राष्ट्रपति को भेंट की गई। बैगा बालिकाओं का दल रविवार की शाम अनूपपुर पहुंचा। मां शारदा कन्या विद्यापीठ स्थानीय बैगा बालिकाओं को निशुल्क शिक्षा प्रदान करती है। जहां प्रतिवर्ष 100 छात्राओं को शिक्षित किया जाता है। यह विद्यालय आवासीय विद्यालय है। विद्यालय के संस्थापक स्वप.डॉ प्रवीर सरकार मुख्य रूप से कोलकाता के रहने वाले थे। नर्मदा परिक्रमा के लिए अमरकंटक आए थे। यहां के बैगा ग्रामीणों की स्थिति को देखते हुए उन्होंने यहां विद्यालय प्रारंभ किया था।

# भाजपा का संकल्प पत्र मोदी की गारंटी है : प्रतुल शाहदेव

संवाददाता

**रामगढ़।** होटल शिवम इन में सोमवार को भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने प्रेस वार्ता को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने भाजपा के संकल्प पत्र पर चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी भाजपा का संकल्प है और भाजपा का संकल्प मोदी जी की गारंटी है। उन्होंने केंद्र की भाजपा सरकार के पिछले 10 वर्ष के कार्यकाल का जिक्र करते हुए कहा कि इस अवधि में सरकार ने देश के लोगों की आकांक्ष पर खरा उतरने का कार्य किया है। बताया कि केंद्र सरकार ने कोरोना काल में देश के 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज देने का कार्य किया है। जिसकी अवधि बढ़ाई गई है और आनेवाले 5 वर्ष तक लोगों को यह सुविधा मिलती रहेगी। बताया कि देश के 34 करोड़ लोगों को आयुष्मान योजना के दायरे में लाया गया है। कहा कि इसके तहत लोगों के 5 लाख तक का इलाज मुफ्त होता है। प्रतुल ने संकल्प पत्र की चर्चा करते हुए कहा कि आयुष्मान योजना में अब 70 वर्ष से अधिक उम्र के हर व्यक्ति को लाने का संकल्प भाजपा ने लिया है। श्री शाहदेव ने बताया कि उज्जवला योजना के तहत देश की 10 करोड़ महिलाओं को गैस कनेक्शन उपलब्ध कराया गया। देशभर में 11 करोड़ शौचालयों का निर्माण करवाया गया। प्रेस वार्ता में बताया कि 43 करोड़ को मुद्रा लोन



उपलब्ध करवाया गया। इनमें से 13 करोड़ ने दुबारा योजना का लाभ लिया। प्रतुल शाहदेव ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत देश के 11 करोड़ किसानो के खातों में प्रतिवर्ष 600 हजार रूपए भेजे जाते हैं। बताया कि वर्ष 2014 के बाद देश का कृषि बजट 5 गुणा बढ़ाया गया है। 2014 में भारत की अर्थव्वस्था विश्व के 11वें नंबर की अर्थव्वस्था थी जो अब विश्व की 5वीं बड़ी अर्थव्यवथा बन चुकी है। आनेवाले कुछ वर्षो में भारत की अर्थव्यवस्था विश्व की तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बन जाएगी। बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने देश को आतंकवाद से पूरी तरह सुरक्षित करने का कार्य किया है। कहा कि उग्रवाद प्रभावित हिंसा में 52 प्रतिशत की कमी आयी है। कश्मीर से धारा 370 और 35 ए हटाया गया। अयोध्या में 500 वर्षों के प्रयास के बाद प्रभु राम का मंदिर बना । प्रतुल शाहदेव ने बताया कि भाजपा के संकल्प पत्र में यह शामिल है कि पेपर लीक जैसे मामलों को रोकने के लिए कानून बनाया जाएगा। देश में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू किया जाएगा। देश में सिंचाई की सुविधा का वितस्तार किया जाएगा। भाजपा सरकार ने देश के 3 करोड़ जरूरत मंदों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पक्के आवास बनाए और आनेवाले 5 वर्ष में 4 करोड़ नए घर बनाए जाएंगे। वंदे भारत ट्रेन का दूसरा संस्करण बनाया जाएगा जो गरीबों,निम्न वर्ग आई के लोगों पर केंद्रित होगा। बताया कि ट्रेनों की क्षमता का भी विस्तार किया जाएगा ।

# वैष्णो देवी मंदिर में सजी माता की चौकी

संवाददाता

**रामगढ़।** झंडा चौक स्थित माता वैष्णों देवी मंदिर में बासंती नवरात्रा के अवसर पर पंजाबी हिन्दू बिरादरी व माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में मंदिर परिसर में माता की चौकी सजा कर महिला मंडली द्वारा भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें महिला मंडली की भजन गायिका पुष्पा शर्मा, पूजा शर्मा, विद्या पाठक आदि ने गणेश वंदना से भजन कीर्तन का शुभारंभ किया। इसके बाद महिला मंडली की गायिका ने एक स्वर में चवन्नी खो गई मैया, अठन्नी पा गई मैया, रंग दे रंग दे मैया अपने रंग में रंग दे, मां तेरी तुलना किससे करूंगा, तुझ ना और कोई आदि भजन प्रस्तुत कर किया। मौके पर महिला मंडली के सभी सदस्यों को माता रानी की चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व सजाई गई माता की चौकी में माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरत चन्द्र वासुदेव की मौजूदगी में पंडित किशोर शर्मा द्वारा सभी धार्मिक अनुष्ठानों के मुख्य यजमान संजीव चड्डा व उनकी पत्नी अंजू चड्डा को विधिवत पूजन कराया गया। मौके पर महिला मंडली की जनक रानी शर्मा, अंजू चड्डा, नीता चड्डा, निर्मला खोसला, मंजू कक्कड़, संगीता मारवाह, कृतिका, रीता सोबती, सुनीता आनंद, पूनम सोंधी, रूबी भसीन, रीता अग्रवाल आदि उपस्थित थे।



## एक नजर

### रामनवमी को लेकर डीसी एसपी सहित प्रशासन ने किया फ्लेग मार्च



**रामगढ़।** डीसी चंदन कुमार एवं एसपी डॉक्टर विमल कुमार ने प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों के साथ सोमवार को चिलचिलाती धूप में शहर के सड़कों पर निकालकर रामनवमी त्योहार को लेकर फ्लैग मार्च किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए डीसी चंदन कुमार ने बताया कि जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन रामनवमी त्योहार को लेकर जिला के सभी अंचल एवं थाना क्षेत्र में प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारी संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च कर रहे हैं। उन्होंने कहा की विधि व्यवस्था कायम रहे। रामनवमी त्योहार को लोग शांतिपूर्ण सौहार्दपूर्ण एवं आपसी भाईचारे के साथ मिलकर मनाये । जिला में विभिन्न स्थानों पर तैनात दंडाधिकारी एवं पुलिस विधि व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ कड़ाई से पेश आएगी। फ्लैग मार्च में डीसी एसपी के अलावे एसडीओ आशीष गंगवार, सीडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, थाना प्रभारी अजय कुमार साहू सहित अन्य अधिकारी फ्लैग मार्च में शामिल थे।

### जेएसपी में मनाया गया राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस

**पतरातू।** जेएसपी (जिंदल स्टील एंड पावर) पतरातू में रविवार को राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस मनाया गय। ज्ञात हो कि इसे ₹शहीद दिवस₹ के रूप में भी जाना जाता है। यह अवसर हर साल भारत में उन बहादुर अग्निशामकों को श्रद्धांजलि देने के लिए मनाया जाता है जिन्होंने 14 अप्रैल 1944 को मुंबई डाकयार्ड आग और बड़े विस्फोट के दौरान अपने जीवन का बलिदान दिया था। कार्यक्रम का शुभारंभ प्लांट हेड आशीस जैन ने अग्निशमन सेवा ध्वज फहराकर किया। उन्होंने उन बहादुर अग्निशामकों को श्रद्धांजलि दी, दो मिनट का मौन रखा और अग्नि सुरक्षा की शपथ ली।

### श्वेता किन्नर के नेतृत्व में 50 बूथों में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली




**धनबाद।** अखिल भारतीय किन्नर समाज, झारखंड प्रदेश एवं डिस्ट्रिक्ट आइकॉन श्वेता किन्नर के नेतृत्व में मतदाताओं को आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के ध्येय को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई। जागरूकता रैली कम मतदान प्रतिशत वाले 41 झरिया के वार्ड नंबर 36, 43, 44 एवं 45 में पड़ने वाले लगभग 50 बूथों से गुजरते हुए वहां के मतदाताओं को 25 मई को धनबाद लोकसभा चुनाव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सशक्त लोकतंत्र का निर्माण करने हेतु प्रेरित किया।रैली के दौरान डिस्ट्रिक्ट आइकॉन श्वेता किन्नर ने आम मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने निर्वाचन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया। इस दौरान स्वीप पंपलेट, हैंडबील आदि वितरित किए गए। मौके पर एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, झरिया अंचलाधिकारी सुमन प्रसाद, अखिल भारतीय किन्नर समाज झारखंड प्रदेश के सभी प्रतिनिधि, जिला आइकॉन श्वेता किन्नर समेत आम नागरिक मौजूद रहे।

### अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी की बैठक संपन्न

**रामगढ़।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़ के तत्वावधान मे प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रामगढ़ के मार्गदर्शन में कॉन्फ्रेंस हॉल में अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी के संबंध में मीटिंग का आयोजन किया गया। इस मीटिंग में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़ श्री आलोक कुमार दुबे, अपर समाहर्ता रामगढ़, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़, एसपी रामगढ़, पब्लिक प्रॉसिक्यूटर रामगढ़ उपस्थित थे। इस मीटिंग में कुल सात कराधीन अभियुक्तों की समीक्षा की गई। इन सभी अभियुक्तों को कारा मुक्त करने हेतु आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया गया।

### ब्राह्मण समाज ने ददई दुबे को धनबाद से टिकट देने की मांग की

**धनबाद।** अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज ने कांग्रेस से यह मांग की है कि आगामी लोकसभा चुनाव के लिए वह अपना प्रत्याशी चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे को ही बनाए।इस मांग का निर्णय संगठन ने न्यू मुरली नगर में सोमवार को आयोजित एक बैठक में ली।उन्होंने कहा की चंद्रशेखर दुबे एक ऐसे व्यक्तित्व रहे हैं जिन्होंने न केवल अपना समाज बल्कि पूरे संसदीय क्षेत्र की जन समस्याओं को सदन तक पहुंचाया था एक बार फिर मौका मिला है।

## रामनवमी को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक के बाद डीसी ने स्पष्ट शब्दों में कहा

# आदर्श आचार संहिता का रखना होगा ख्याल

संवाददाता

**रामगढ़।** रामनवमी पर्व के मद्देनजर सोमवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक डॉक्टर बिमल कुमार की उपस्थिति में टाउन हॉल भवन रामगढ़ में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला स्तरीय अधिकारियों प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारियों, कर्मियों, शांति समिति के सदस्यों सहित अन्य उपस्थित थे। इस दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त चंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक डॉक्टर बिमल कुमार के द्वारा सभी को आगामी रामनवमी पर्व की शुभकामनाएं दी गई वहीं उन्होंने सभी से शांतिपूर्ण तरीके से पर्व संपन्न करने में अपना योगदान देने की अपील की। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि हर बार की तरह इस बार भी जिला प्रशासन रामगढ़ शांतिपूर्ण तरीके से पर्व संपन्न कराने के लिए पूरी तरह से तैयार है। अलग-अलग क्षेत्र में कुल 86 स्थलों को चिन्हित किया गया है जहां पर दंडाधिकारियों के साथ पुलिस बल की प्रतिनियुक्त रहेगी। इसके साथ ही दंडाधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों के द्वारा गस्ती कर प्रत्येक गतिविधि पर पैनी नजर रखी जाएगी। इस दौरान उपायुक्त ने सभी से आपसी सौहार्द के साथ पर्व मानाने की अपील करते हुए शांति समिति के सभी सदस्यों को पर्व के दौरान शराब पीकर अथवा



किसी अन्य नशे की हालत में किसी व्यक्ति को जुलूस में शामिल न होने देने की बात कही वहीं उन्होंने कहा कि अगर पर्व के दौरान किसी भी क्षेत्र में इस तरह से कोई भी व्यक्ति नशे की हालत में माहौल खराब करने की कोशिश करेगा तो उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त ने सभी शांति समिति के सदस्यों से पर्व के दौरान निकाले जाने वाले जुलूस को अनिवार्य रूप से निर्धारित रूट का पालन करते हुए ही संपन्न करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि पर्व के दौरान डीजे के प्रयोग पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा हालांकि धार्मिक गीत बजाए जाने पर कोई समस्या नहीं है। अगर इसकी अवमानना होगी तो संबंधितो पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। शांतिपूर्ण तरीके से पर्व संपन्न कराने को लेकर उपायुक्त ने सभी थाना प्रभारियों को उनके उनके क्षेत्र में शांति समिति के सदस्यों के साथ समन्वय कर प्रत्येक अखाड़ा के लिए 10 वॉलिंटियर चिन्हित कर लगातार उनके साथ संपर्क में रहने तथा प्रत्येक जुलूस के साथ यथासंभव एक-एक पुलिस कर्मी प्रतिनियुक्त करने की भी बात उपायुक्त ने कहीं। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर बिमल कुमार ने शांति समिति के सदस्यों के साथ-साथ सभी थाना प्रभारी एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को पर्व के दौरान निकाले जाने वाले जुलूस में निर्धारित रूट चार्ट का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने थाना प्रभारी एवं शांति समिति के सभी सदस्यों को जुलूस के रास्ते में किसी भी प्रकार से घर निर्माण से संबंधित सामग्री न होने देने अथवा उसका ढका होना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार के द्वारा रामनवमी पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन हेतु कई महत्वपूर्ण विषयों को लेकर विस्तृत जानकारी सभी शांति समिति के सदस्यों सहित अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों को दी गई। अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि जैसा कि आप सभी जानते हैं कि निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचना जारी किए जाने के उपरांत से ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी है।

# मिनरल इंडस्ट्री में कार्यरत दो मजदूरों की मौत,शव के साथ ग्रामीणों ने किया गेट जाम



संवाददाता

**गोला।** तोयर दशरथ चौक स्थित एम एस गोला गोला के तोयर दशरथ चौक स्थित एम एस गोला मिनरल इंडस्ट्रीज में कार्यरत दो मजदूर की मौत शनिवार रात को लंबी बिमारी से इलाज के दौरान रांची में हो गई। बताया गया कि पाकुड़ निवासी सहाल्लुम शेख उम्र 41 वर्ष पिता स्व बेलाल शेख व गोला के तोयर निवासी जयनंदन महतो उम्र 75 वर्ष पिता स्व कुयला महतो उक्त प्लांट में कार्यरत थे। जब ये मजदूर बिमार हो गये तो फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा प्लांट से बाहर कर दिया गया। जिसके बाद दोनो मजदूर धिरे धिरे लंबी बीमारी से ग्रसित होते चले गए। लेकिन प्रबंधन की ओर से मजदूरों का उपचार के लिए कोई सहयोग किया गया और न ही हालचाल लिया गया। स्थानीय लोग बताते हैं कि इस प्लांट में क्वार्ज पत्थर का पिसकर पाउडर बनाया जाता है। फिर उसे पैकिंग कर दूसरे प्लांट में भेज दिया जाता है। पत्थर पिसने के दौरान जो डस्ट उड़ता है उसी डस्ट के वजह से मजदूरों को तरह-तरह की बिमारी होती है। लोगों ने यह भी बताया कि मजदूरों से 40 दिन तक काम लिया जाता है। फिर उसे हटा दिया जाता है। फिर पुनः महिना दो महिना के बाद वापस बुला लिया जाता है। मुआवजे की मांग को लेकर फैक्ट्री गेट को किया जाम- मजदूरों की मौत के बाद शव को फैक्ट्री गेट समीप रखकर जेबीकेएसएस के कार्यकताओं, स्थानीय लोग व मृतक के परिजनों ने साथ मिलकर उचित मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

## रामनवमी त्योहार को लेकर पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक के बाद एसपी ने कहा

# वर्दी एवं सादे लिवास में जुलूस में चल रहे लोगों पर जिला भर में पुलिस रखेगी कड़ी नजर

**विधि व्यवस्था एवं शांति भंग करने वालों के खिलाफ पुलिस कड़ाई से निपटेगी**

संवाददाता

**रामगढ़।** छतर मांडू स्थित एसपी कार्यालय के सभागार में सोमवार को जिला के पुलिस कप्तान डॉक्टर विमल कुमार की अध्यक्षता में जिला भर के पुलिस अधिकारियों के साथ रामनवमी त्योहार को लेकर बैठक संपन्न की बैठक के बाद जानकारी देते हुए आरक्षी अधीक्षक डॉक्टर विमल कुमार ने बताया कि सभी एसडीपीओ, मुख्यालय डीएसपी, पुलिस निरीक्षक, सभी थाना प्रभारी एवं ओपी प्रभारी के साथ आगामी रामनवमी का त्यौहार शांतिपूर्ण आपसी भाईचारा एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जाए इसको



लेकर सभी पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए हैं। सभी संवेदनशील एवं अति संवेदनशील क्षेत्र के अलावे अन्य स्थानों पर पुलिस तैनात रहेगी । जिला भर में चल रहे जुलूस में पुलिस वर्दी में एवं सादे लिवास में जिला की पुलिस तैनात रहेगी । जिला भर के जुलूस पर ड्रोन एवं सीसीटीवी कैमरा से निगरानी रखी जाएगी। विधि व्यवस्था एवं शांति भंग करने वालों के खिलाफ कड़ाई से निपटने के लिए पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश कानून के दायरे में दे दिया गया है। उन्होंने जिला वासियों से भी अपील करते हुए कहा कि जुलूस को आपसी भाईचारे,शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं। जुलूस में चलने वाले लोगों एवं शांति समिति के सदस्यों से भी अनुरोध किया कि संदिग्ध व्यक्तियों पर कड़ी नजर रखें एवं जुलूस में चल रहे पुलिस को इसकी सूचना दें। बैठक में मुख्यालय डीएसपी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी परमेश्वर प्रसाद एवं वीरेंद्र कुमार राम, पुलिस निरीक्षक पंकज कुमार, सुरेश लिंडा एवं योगेंद्र प्रताप सिंह, थाना प्रभारी में फैजान अहमद,अजय साहू, रजत कुमार, नवीन प्रकाश पांडे, श्वेता कुजूर, रंजीत यादव, दिगंबर पांडे, सदानंद कुमार, अनंत सिंह मोहम्मद अख्तर अली, संजय कुमार रजक, अभिषेक कुमार, कैलाश कुमार, शिवलाल गुप्ता हरिपद टुडू के अलावे पुलिस के अन्य विंग मौजूद थे।

# प्रखंड विकास पदाधिकारी ने मतदान केंद्रों का भौतिक निरीक्षण एवं एएमएफ का सत्यापन किया

संवाददाता

**धनबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निदेर्शानुसार 15 अप्रैल को आसान्न लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त प्रखंड विकास पदाधिकारी बलियापुर राजेश कुमार सिन्हा के द्वारा मतदान केंद्रों का भौतिक निरीक्षण एवं एएमएफ का सत्यापन किया गया।इस दौरान ग्राम पंचायत ढोखरा में अवस्थित मतदान केंद्र संख्या 232,233, 234, 235, 236, 237 उत्क्रमित मध्य विद्यालय ढोखरा एवं बलियापुर पश्चिम के मतदान केंद्र संख्या 315, 316, 317 बालिका प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय बलियापुर में रैंप,शौचालय, पेयजल, बिजली इत्यादि की जांच की गई। जांच के दौरान सभी व्यवस्था उत्तम पाई गई।क्षेत्र भ्रमण के पश्चात प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा सभी पर्यवेक्षकों के साथ एएमएफ सुनिश्चित करने के




संबंध में की गई आदतन कार्रवाई की समीक्षा मतदान केंद्रवार की गई। इसके अतिरिक्त स्वीप के दैनिक क्रियाकलापों में बलियापुर प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय कालीपुर के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रातः भ्रमण कर जागरूकता रैली निकाली गई एवं बेलगाड़िया कॉलोनी में बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर के द्वारा मतदाता जागरूकता चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में मतदाताओं को आगामी लोकसभा चुनाव 25 मई 2024 में निश्चित रूप से अपना मत का प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया गया। मतदाताओं को भय मुक्त एवं प्रलोभन रहित होकर मतदान में भाग लेने के बारे में बताया गया। स्वीप कार्यक्रम में नोडल पदाधिकारी सहित संबंधित पर्यवेक्षक और बीएलओ उपस्थित थे। एएमएफ की समीक्षा बैठक में सभी पर्यवेक्षक उपस्थित थें।

# वरीय पुलिस अधीक्षक ने अखाड़ा कमिटी के सदस्यों के साथ बैठक कर दिशा-निर्देश दिए

संवाददाता

**निरसा।** वरीय पुलिस अधीक्षक हरदीप पी जनार्दन ने निरसा, गोपालगंज स्थित नए थाना भवन में निरसा थाना क्षेत्र के प्रमुख अखाड़ा कमेटी के सदस्यों एवं प्रबुद्ध जनों के साथ रामनवमी को लेकर आवश्यक बैठक की बैठक को संबोधित करते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक श्री जनार्दन ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर जारी आदर्श अचार संहिता एवं राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा के उत्साह को ध्यान में रखते हुए सभी अखाड़ा कमेटी जिला प्रशासन द्वारा दिए गए दिशा निर्देश का शत प्रतिशत अनुपालन करेंगे ।उन्होंने पिछले वर्ष भुरकुंडाबाड़ी में हुए सांप्रदायिक हिंसा, निरसा बाजार में रामनवमी के जुलूस में हुए आपसी विवाद एवं राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ने के असफल प्रयास की चर्चा की। उन्होंने असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर उसकी सूची थाना को उपलब्ध कराने की बात



कही । बैठक में उपस्थित अखाड़ा समिति सदस्यों एवं प्रबुद्ध जनों ने वरीय पुलिस अधीक्षक महोदय से निरसा मुख्य बाजार स्थित पुराना थाना भवन में ओ डी पदाधिकारी के पदस्थापन की मांग की जिस पर वरीय पुलिस अधीक्षक महोदय ने सहमति प्रदान की। दलबल के साथ निरसा गांधी बाजार, बजरंगबली मंदिर पहुंच अखाड़े के रूट का निरीक्षण किया एवं अखाड़ा समिति को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान मंदिर कमेटी द्वारा वरीय पुलिस अधीक्षक हरदीप पी जनार्दन, ग्रामीण पुलिस अधीक्षक कपिल चौधरी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रजत मनी बाखला, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी मनजीत कुमार,पुलिस निरीक्षक निरसा अखिलेश राम को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम पर संचालन मधुरेंद्र गोस्वामी ने किया । मौके पर शिवकुमार दारूका वीरेंद्र तिवारी बृजेंद्र गोस्वामी गुरमीत सिंह डांग गणेश गोयल अशोक साव कृष्ण गोपाल बैनर्जी मुरली साव स्वरूप चक्रवर्ती विक्की गोयल अमरेन्द्र मिश्रा रविंद्र खरकिया श्याम खरकिया अरविंद यादव कृष्णा गोस्वामी संजय महतो मुखिया रवि ठाकुर बजरंग अग्रवाल रॉकी गोयल सहित बड़ी संख्या में समिति सदस्य उपस्थित थे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक निमिषा कुमारी द्वारा शिवा साांई पब्लिकेशन प्रा० लि० काठीटांड़, रातू रांची, झारखंड 835222 से मुद्रित व 364, को ऑपरेटिव कालोनी, बोकारो स्टील सिटी, बोकारो, 827003 से प्रकाशित।
प्रधान संपादक निमिषा कुमारी, प्रबंध संपादक विनय कुमार तिवारी* ( * पी आर बी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार ) आर एन आई न०- JHA/HIN/ 2018/ 76658 फोन न० 8340571405, 9262578999